निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, 24 जून 2025 मंगलवार • वर्ष : 09 • अंक : 38 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1793 : फ्रांस ने पहली बार रिपब्लिकन संविधान को अपनाया।
1859 : फ्रांस और सारदेनिया के साथ ऑस्ट्रिया का सोल्फोरीनो युद्ध हुआ।
1961 : भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने उड़ान भरी।
1961 : भारत ने पहली बार सुपरसोनिक फाइटर एचएफ 24 मक्खियों का निर्माण किया।
2004 : जॉन नेग्रोपोंटे ईराक में अमेरिका के पहले राजदूत बने।

झारखंड में आफत बनकर बरस रहा मानसून, आज भी भारी बारिश की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड में मॉनसून ने धमाकेदार एंट्री की है। जहां एक ओर यह बारिश तपती गर्मी सेराहत की फुहार लेकर आई है, वहीं दूसरी ओर भारी वर्षा ने कई इलाकों में आफत का आलम पैदा कर दिया है। जलभराव, भूस्खलन का खतरा और वज्रपात की घटनाओं ने मॉनसून को कुछ जिलों में मुसीबत का सबब बना दिया है। कई शहरों में भारी बारिश के बाद घरों में पानी भर गया है।



झारखंड में समय से पहले एंट्री मॉनसून की एंट्री

इस साल मॉनसून ने झारखंड में अपनी आमद जल्दी दर्ज कराई। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने 17 जून को ही संथाल परगना के रास्ते राज्य मेंदस्तक दे दी थी, जो सामान्य से लगभग एक हफ्ते पहले है। 23 जून तक मॉनसून पूरे झारखंड को कवर कर चुका है और अब बारिश की तीव्रता में इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी और दक्षिणी बांग्लादेश में बने निम्न दबाव के क्षेत्र ने मॉनसून को और सक्रिय कर दिया है, जिसके चलते अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासकर खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे न रुकने की हिदायत दी गई है। रांची में आज अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। अन्य जिलों में भी तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है, जो गर्मी से राहत दे रही है।

कई जगहों पर बारिश का कहर

मॉनसून की झमाझम बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं कुछ जिलों में यह मुसीबत बनकर सामने आई है। धनबाद और बोकारो जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार बारिश ने जलभराव की समस्या पैदा कर दी है। सड़कों पर पानी जमा होने से यातायात प्रभावित हुआ है और कई निचले इलाकों में पानी घरों में घुस गया है। वहीं रांची शहर में भी घरों तक पानी पहुंच चुका है। कुछ इलाके पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, 24 और 25 जून को भी झारखंड में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला और खूंटी जैसे मध्य और दक्षिणी जिलों में भारी बारिश की संभावना है। 26 जून तक मौसम का यही रुख बना रहेगा, जिसके बाद बारिश की तीव्रता में कमी आ सकती है।

सरेशाम जेवर दुकान में लाखों की लूट

बोकारो (नबिटा ब्यूरो)। बोकारो के चास स्थित व्यस्त बाजार स्थित आस्था ज्वेलर्स में शाम करीब 6:30 बजे हथियारबंद चार अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। दुकान के मालिक जितेंद्र कुमार और स्टाफ को बंधक बनाकर लुटेरों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर पूरी दुकान को लूट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधी पिस्तौल से लैस थे। वारदात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया। दुकान में घुसते ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों को डराकर एक कोने में बैठा दिया और काउंटर एवं शोकेस लगे सोना-चांदी के सभी आभूषण समेट लिए। लूट की घटना को अंजाम देकर लुटेरे डाइक से फरार हो गए। घटना के बाद दुकान मालिक घबराए हुए थे और कुछ देर बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है। मालिक जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी नुकसान का सटीक आकलन संभव नहीं है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के आभूषण लूटे गए हैं। इस घटना से चास बाजार में दहशत का माहौल है।

नेतरहाट में पर्यटन की असीम संभावनाएं : राज्यपाल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लातेहार। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दो दिवसीय दौरे पर नेतरहाट पहुंचे। नेतरहाट की प्राकृतिक खूबसूरती को देखकर राज्यपाल गदगद हो गए। उन्होंने कहा कि नेतरहाट में पर्यटन के साथ-साथ फिल्म के शूटिंग की अपार संभावनाएं हैं। नाशपाती बागान का किया दौराइस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नेतरहाट के प्रसिद्ध नाशपाती बागान का भी दौरा किया। लगभग 90 एकड़ में फैले इस बागान में नाशपाती को देखकर राज्यपाल काफी प्रसन्न हुए। नेतरहाट में विशेष वाहन से उन्होंने पूरे बागान का निरीक्षण किया। इस दौरान लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता और जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने नाशपाती बागान के संबंध में राज्यपाल को पूरी जानकारी दी।

फिल्म शूटिंग का किया शुभारंभ

इससे पूर्व राज्यपाल ने नेतरहाट में चल रही फिल्म शूटिंग का भी शुभारंभ किया। राज्यपाल ने सहिया फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के साथ-साथ कलाकारों से भी बातचीत की और पूरी फिल्म के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नेतरहाट में प्राकृतिक सौंदर्यता है, उससे यहां फिल्म उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

लातेहार (नबिटा ब्यूरो)। लातेहार में सोमवार को एक जंगल से अधेड़ का शव पेड़ से लटकता बरामद किया गया। घटना बरियातू थाना क्षेत्र के फुलसु गांव की है। पुलिस ने अधेड़ द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जाहिर की है पर वजह अब तक स्पष्ट नहीं है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय मोहन यादव के रूप में की गई। सोमवार की सुबह घर से दो किलोमीटर दूर जंगल के पेड़ पर गमछे से फंदा में लटका शव बरामद किया गया है। मृतक के छोटे बेटे अनिल यादव ने बताया कि रविवार शाम सब कुछ सामान्य था। पिता पड़ोसी के घर पार्टी में खाना खाने गए थे, लेकिन रात में घर नहीं लौटे। सोमवार को सुबह जानकारी मिली कि उनका शव पेड़ से लटका मिला है। परिजनों ने इसकी जानकारी बारियातू थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई पीके तिवारी और एएसआई मिथिलेश सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

जंगली मशरूम खाने से छह बीमार

चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)/ नबिटा ब्यूरो। पश्चिमी सिंहभूम गोईलकेरा प्रखंड के कुईड़ा गांव में एक ही परिवार के छह लोग जंगली मशरूम खाने के बाद गंभीर रूप से बीमार हो गए। परिवार की बुजुर्ग महिला मेचो नाग जंगल से मशरूम चुनकर लाई थीं। इन मशरूम को पकाकर पूरे परिवार ने खाया, जिसके कुछ घंटों बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। परिवार के सदस्यों को तेज उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। धीरे-धीरे उनकी हालत बिगड़ती गई, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से सभी को सोनुआ अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार लोगों की पहचान अंशु नाग (19 वर्ष), रोमी नाग (17 वर्ष), मनीषा नाग (22 वर्ष), शुरू नाग (18 वर्ष), मेचो नाग (62 वर्ष) और बुधनी नाग (45 वर्ष) के रूप में की गई है।

ट्रेन में मिले 22 जिंदा कछुए

पटना (नबिटा ब्यूरो)। 13006 अमृतसर-हावड़ा मेल एक्सप्रेस में रविवार की देर रात विशेष टीम को चेकिंग के दौरान पटना साहिब और फतुहा के बीच स्लीपर कोच के शौचालय के पास दो लावारिस बैग मिले। जब टीम ने यात्रियों से उन बैगों के बारे में पूछा, तो सभी ने बताया कि उनकी नहीं है। उधर, बैग खोलने पर टीम के होश उड़ गए। एक बैग में जहां 22 जिंदा कछुए (छोटे-बड़े सभी शामिल) भरे हुए थे, वहीं दूसरे बैग में 7 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। फतुहा जीआरपी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि यह एक गंभीर मामला है। इन कछुओं को कहां से लाया जा रहा था और इनका आगे क्या किया जाना था, साथ ही शराब की तस्करी में कौन लोग शामिल हैं, इसकी गहन जांच की जा रही है।

जीजीएसईएसटीसी बोकारो में पूल कैंपस प्लेसमेंट में 22 छात्रों का चयन

16 छात्र जीजीएसईएसटीसी से चयनित, कॉलेज ने अब तक 35 कंपनियों की कराई प्लेसमेंट ड्राइव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोकारो। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, बोकारो में सोमवार को हिमाचल प्रदेश स्थित 100% निर्यातोन्मुखी कंपनी माईलस्टोन्स गियर्स लिमिटेड द्वारा पूल कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी से संबद्ध विभिन्न तकनीकी संस्थानों के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के एच.आर. अधिकारी अशोक और रुद्रा ने साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद चयनित छात्रों की सूची को माईलस्टोन्स गियर्स के ग्रुप प्रेसिडेंट एम. के. श्रीवास्तव द्वारा कॉलेज को ईमेल के माध्यम से भेजा गया। चयनित छात्रों को ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी और डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी के पदों के लिए चुना गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 22 छात्र चयनित हुए, जिनमें से सर्वाधिक 16 छात्र जीजीएसईएसटीसी, बोकारो के हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय पॉलिटेक्निक सिमडेगा, बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग जमशेदपुर और वीएमआईटी रांची के भी छात्र चयनित हुए।



इस अवसर पर संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. सलीम अहमद, संयुक्त टीपीओ प्रो. रोही प्रसाद और एचआर-ओएसडी प्रो. रश्मि ठाकुर की अहम भूमिका रही। कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि अब तक 35 प्रतिष्ठित कंपनियां प्लेसमेंट के लिए कॉलेज में आ चुकी हैं और संस्थान 100% प्लेसमेंट सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित छात्रों की सूची कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

5971 प्रधानाध्यापकों का जल्द होगा पदस्थापन


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य में बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित एवं अनुशंसित 5971 प्रधानाध्यापकों का पदस्थापन जल्द होगा। इस माह के अंत तक संबंधित प्रधानाध्यापकों का पदस्थापन नवउत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में होगा। शिक्षा विभाग द्वारा पदस्थापन के लिए प्रधानाध्यापकों का विद्यालय आवंटन साफ्टवेयर के माध्यम से होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रधानाध्यापकों के पदस्थापन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। निर्देश में कहा गया है कि बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित प्रधानाध्यापकों के पदस्थापन को लेकर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। विद्यालय आवंटन होने पर संबंधित प्रधानाध्यापकों द्वारा सप्ताह भर के अंदर योगदान करना आवश्यक है।

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू प्रसाद ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के निवर्तमान अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने एक फिर से चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। यह चुनाव राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए होना है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुरोध पर उन्होंने फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। तय है कि वह निर्विरोध पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाएंगे। लालू प्रसाद लगभग तीन दशकों से इस पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, लोग कयास लगा रहे थे 78 वर्षीय लालू बढ़ती उम्र और कई बीमारियों के कारण इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं करेंगे। लेकिन, सारे कयासों पर विराम लगाते हुए वह पार्टी कार्यालय पहुंचे। यहां उनके साथ उनकी पत्नी व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और छोटे बेटे तेजस्वी यादव समेत राजद के वरिष्ठ नेता भी साथ थे। इस दौरान राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोग लालू प्रसाद के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। इधर, तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू जी के कार्यकाल के पूर्ण होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है और वे एक बार फिर से चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक हैं।



नीतीश कुमार ने गंगा नदी पर बन रहे छह लेन ग्रीन फील्ड पुल के पहले फेज का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। दक्षिण बिहार से उत्तर बिहार के बीच नई लाइफ लाइन का सपना सोमवार को साकार हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगा नदी पर बन रहे छह लेन ग्रीन फील्ड पुल कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल के राघोपुर तक के हिस्से का लोकार्पण किया। एक दशक पहले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास नीतीश कुमार ने ही किया था। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर छह लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया तथा उत्तर और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया, जिससे आवागमन और सुगम हो गया। पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के हित में हम लगातार काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए हमसे जो बन पड़ेगा वह करेंगे। इस पुल के निर्माण के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे थे।

बिहार में सात आइपीएस बदले गये

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आइपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। राज्य सरकार ने सात आइपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। गरिमा मलिक जहां निगरानी आईजी बनीं हैं वहीं राकेश राठी को पुलिस महानिरीक्षक (विशेष शाखा) बनाया गया है। गृह विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे आईजी जितेंद्र राणा को केंद्रीय क्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है जबकि राकेश राठी को पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा बनाया गया है। वहीं, केंद्रीय क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक गरिमा मलिक को निगरानी विभाग का आईजी बनाया गया है। निगरानी आईजी एस. प्रेमलथा को पुलिस महानिरीक्षक (तकनीकी) की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपराध अनुसंधान विभाग के एसपी मनोज कुमार तिवारी को सिवान का एसपी बनाया गया है।

2047 तक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देशों में शामिल हो जाएगा भारत : गिरिराज सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सरायकेला। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि एक बार फिर बिहार की जनता बिहार की राजनीति में गब्बर परिवार लालू परिवार की एंट्री को नकार देगी। लालू गब्बर हैं और उनके बेटे तेजस्वी सुपर गब्बर की भूमिका में हैं। भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और बिहार में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा देने वाले इस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन झारखंड को बंगाल बनाना चाहते हैं। जबकि उनकी आदर्श ममता बनर्जी बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाने वाले चंपाई सोरेन इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा से नाता तोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, ताकि झारखंड को बंगाल बनने से रोका जा सके। गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने झारखंड में तसर और कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में रांची के नगड़ी में इनडोर तस्सर की खेती की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जल्द ही बड़े पैमाने पर कपड़ा उद्योग स्थापित करने की योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देशों में शामिल हो जाएगा।



चलती ट्रेन से चोर ने गायब किया 40 लाख का सामान

48 घंटों में सामान सहित आरोपित को रेल पुलिस ने किया बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुंबई/ नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा बल, सरकारी रेलवे पुलिस और लोकल क्राइम ब्रांच की तेज और प्रभावी कार्रवाई से 35.45 लाख मूल्य की हीरे और सोने की आभूषणों सहित नकदी की बड़ी चोरी की घटना को महज 48 घंटों में सुलझा लिया गया। घटना इंदौर-दौंड एक्सप्रेस में हुई, जब इंदौर निवासी एक वरिष्ठ नागरिक महिला ने सुबह जागने पर अपना हैंडबैग गायब पाया। इस बैग में हीरे की चूड़ी, हीरे का हार, अंगूठियां, सोने की घड़ी, सोने की चेन और 50 हजार नकद सहित कुल लगभग 40 लाख के कीमती सामान थे। 73 वर्षीय वृद्धा अपने पति के साथ इंदौर से लोनावला धार्मिक भागवत कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थीं। रात में दोनों भोजन के बाद सो गए। महिला बहुत सतर्क स्वभाव की थीं, इसलिए उन्होंने अपना बैग हमेशा की तरह अपने बगल में दबाकर रखा और उसी स्थिति में सो गईं। सुबह जब ट्रेन लोनावला स्टेशन के करीब पहुंचने वाली थी, तब महिला की नींद खुली और उन्होंने तुरंत भारतीय रेलवे की हेल्पलाइन संख्या 139 पर कॉल किया। इस घटना से दंपती बहुत परेशान और दुखी हो गए और रोने लगे। जीआरपी लोनावला में एफआईआर दर्ज की गई। जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों ने अलग-अलग टीमें बनाकर उन स्टेशनों पर भेजीं जहां-जहां यह ट्रेन रुकती है। जांच में पता चला कि एक व्यक्ति पुलिस और कैमरों से बचने की कोशिश कर रहा था। जांच में यह भी पता चला कि वह आदतन अपराधी है और पिछले 15 दिनों से जमानत पर बाहर था। पुलिस ने उसके ठिकाने पर छापा मारकर सभी चोरी के सामान को बरामद कर लिया। यह मामला भारतीय रेलवे और महाराष्ट्र राज्य पुलिस की यात्रियों की सुरक्षा और त्वरित आपराधिक कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

■ पीड़ित ने हेल्पलाइन संख्या 139 पर कॉल किया, तदोपरांत रेल पुलिस आयी हरकत में

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

पंचायतों में सहकारी बैंक के 50 नये खाताधारक बनाएं : डॉ. प्रेम कुमार

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। आनेवाला समय सहकारिता आधारित विकास का है। खेती-किसानी से लेकर उनसे बने उत्पादों के विपणन की प्रक्रिया में सहकारिता विभाग नई उर्जा भर रहा है। इसमें सहकारिता विभाग से जुड़े अधिकारियों के अलावा सहकारी बैंक और विभिन्न सहकारी संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये बातें प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित कार्यशाला में कही। कुढ़नी प्रखंड के तुर्की स्थित एक निजी रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने मुजफ्फरपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंधन को जिले की सभी पंचायतों में 50 नये खाते खोलने का निर्देश दिया। कहा कि अधिक से अधिक खाताधारकों को बैंक से जोड़कर ग्रामीण इलाकों में विकास किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अब केवल पैक्सों नहीं बल्कि सब्जी उत्पादक सहकारी संघ, मखाना उत्पादक सहकारी संघ और मधुमक्खी पालक सहकारी संघ के माध्यम से कृषि उपज आधारित व्यवसाय का विकास करना चाहती है। फिलहाल पैक्सों में बड़े-बड़े गोदाम बनाने के अलावा प्रखंडों में सब्जी प्रसंस्करण इकाई भी स्थापित की जा रही है। बस समन्वय बनाते हुए विकास के इन कार्यों को आगे ले जाना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बिहार राज्य फसल सहायता योजना के छह लाभुकों को चेक सौंपा। वहीं बैंक के अध्यक्ष अमर पांडेय और प्रबंध निदेशक श्रुतिचंद्र बोस ने बैंक द्वारा चलाए जा रहे कामों की जानकारी मंत्री को दी। बताया कि रबी और खरीफ फसलों के एमएसपी बढ़ाने से किसानों को काफी लाभ हुआ है। कार्यक्रम में तिमुल अध्यक्ष सुनीता देवी, संयुक्त निबंधक सहकारी समितियां जितेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, राजीव कुमार, विनीत आनंद, नाबार्ड प्रबंधक सुमन प्रभा बैंक के उपाध्यक्ष महेश राय सहित अन्य मौजूद रहे।

भोजपुर में 16 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद

भोजपुर, एजेंसी। भोजपुर में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने 16 लाख की अंग्रेजी शराब जब्त की है। 12 चक्का ट्रक से 2952 बोतल (1287.600) शराब बरामद हुआ है। टीम ने गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर ओवरब्रिज के पास से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। पहचान पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के हल्दी छपरा गांव निवासी दीपक कुमार के तौर पर हुई है। सहायक आयुक्त रजनीश ने बताया कि उत्तर प्रदेश से खेप लाने की सूचना मिली थी। इनपुट के आधार पर निरीक्षक प्रकाश चंद्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान कायमनगर गांव के पास से वाहन चेकिंग के दौरान विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है। इस धंधे में और कौन-कौन शामिल है। इसका पता लगाया जा रहा है। उत्पाद विभाग की टीम में अवर निरीक्षक मद्य निषेध राहुल कुमार दुबे, शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा और मद्य निषेध सिपाही के साथ गृहरक्षक और सैप के जवान मौजूद थे।

ब्लड टेस्ट से लेकर गर्भवती महिलाओं को सुविधा, अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर होगा शुरू

पटना के 21 वार्डों में डॉक्टर करेंगे फ्री इलाज

पटना, एजेंसी। सिविल अस्पतालों में भीड़ को कम करने के लिए पटना स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के अलग-अलग वार्डों में 21 जन सुविधा केंद्र तैयार किया गया था। अब इन जन सुविधा केंद्र में अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की शुरुआत की जाएगी। इसके लिए सभी केंद्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इन डॉक्टरों के द्वारा ओपीडी के माध्यम से लोगों का फ्री में इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आने वाले 50त्न मरीज इन केंद्रों में इलाज करा सकेंगे। इसे जल्द ही शुरू किया जाएगा।



डॉक्टरों की पोस्टिंग का डिटेल

- रोड न0.1 पानी टंकी, राजेन्द्र नगर, पटना सदर, डॉ0. नायक राजीव गौतम
- न्यू पाटलिपुत्रा सेन्ट्रल स्कूल, बेऊर मोड़, पटना सदर, डॉ. अंजली कुमारी
- न्यू पावर स्टेशन, पुराना संप हाउस रोड न0.15 पटना सदर, डॉ.सदिया यासिन
- उत्तरी न्यू बाईपास, चितकोहरा, पटना सदर, डॉ. शुभी सिन्हा
- रोड न0.2, नेहर मार्ग, न्यू सबजपुरा, थाना न0.-52, रूपसपुर (मौजा-बादलपुरा) खगौल, पटना सदर, डॉ. प्रतिभा सिंह
- एफ टाइप के बगल में क्वार्टर ईस्टवाइल प्रदा एसके पुरी नियर किशन अपार्टमेंट, पटना सदर, डॉ. मनप्रीत चन्द्र वर्मा
- पुराना संप हाऊस कैंपस पटना नगर निगम बोरिंग रोड, पश्चिमी एएन कॉलेज, पटना सदर, डॉ. रमिशा परवीन
- मीठापुर बस स्टैंड, गेट न0.-3,पटना सदर, डॉ. मितान्शु राज
- बी एन राज पथ, सब्जी मंडी, कदम कुआं, पटना सदर, डॉ. इन्द्रानी गौतम
- नियर नगर निगम यूनियन ऑफिस नगर निगम (खेतान मार्केट), पटना सदर, डॉ. अंजली कुमारी
- एससी एण्ड एसटी कॉलोनी, काजीपुर मोहल्ला, नियर दिनकर गोलम्बर, पटना सदर, डॉ. अंकित कुमार
- भूतनाथ रोड, पानी टंकी, पार्शस ऑफिस, पटना सदर, डॉ. गौतम कुमार शर्मा
- नियर वेस्ट ऑफ एस.सी.आर.टी महेन्द्रू पटना-6, पटना सदर, डॉ. अमर कुमार रंजन
- कैम्पस ऑफ ओल्ड टॉयलेट ब्लॉक ऑफ पटना नगर निगम, 000 मदरसा ईस्लामिक, पटना सदर, डॉ. केएम अंशिका
- मीना बाजार, सिटी अंचल ऑफिस कैम्पस, पटना सिटी, पटना सदर, डॉ. शेशान्त कुमार
- नियर गवर्नमेंट प्रेस बिल्डिंग, गुलजारबाग, पटना सदर, डॉ ओम शान्ति
- महात्मा ज्योति पार्क के समीप, पटना सदर, डॉ पुजा कुमारी
- लपानी टंकी रोड, ओपोजिनिक भी-मार्ट, खाजेकला, पटना सदर, डॉ विनय कुमार गुप्ता
- शिव मंदिर के पीछे, दीदारगंज थाना, पटना सदर, डॉ वंदना कुमारी
- बाबूगंज पानी टंकी, पटना सदर, डॉ श्रुति कृति
- शहादा, पटना सिटी, पटना सदर, डॉ समरिन एजाज

लोगों को मिलेगी ये सुविधाएं

- प्राथमिक उपचार में खांसी-जुकाम, बुखार, चोटों का प्रबंधन
- मातृ-शिशु देखभाल में गर्भवती महिलाओं की जांच, नवजात टीकाकरण, पोषण परामर्श
- फ्री ब्लड टेस्ट, एनीमिया जांच, दवा वितरण
- योग ट्रेनिंग, संचारी रोगों की जागरूकता, परिवार नियोजन सेवाएं

बढ़ई विश्वकर्मा समाज राजनीतिक उपेक्षा का शिकार : डॉ. विश्वकर्मा

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। बढ़ई विश्वकर्मा समाज की बैठक रविवार को अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में ओरियंट क्लब स्थित एक विवाह भवन में हुई। इस दौरान समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेम नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि कुर्सी से जहाज तक का निर्माण करने वाली जाति राजनीतिक और सामाजिक रूप से उपेक्षा का शिकार है। बिहार में जनगणना के बाद सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 20 लाख आबादी वाली जाति बढ़ई का एक भी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, कोई आयोग में मेंबर तक नहीं है। यह चिंताजनक है।

जब तक बढ़ई विश्वकर्मा समाज को राजनीतिक दल राजनीति के मुख्य धारा से नहीं जोड़ेगा और सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित नहीं करेगा, तब तक समाज का विकास अधूरा है। समाज के वरिष्ठ नेता राजा विनीत कुमार ने कहा कि भारत के संविधान में भी समता और सबकी की भागीदारी सुनिश्चित करने का वचन है। फिर भी गांधी के ताबीज वाले व्यक्ति की उपेक्षा जारी है। रत्नेश कुमार शर्मा ने कहा कि समाज अब राजनीतिक उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेगा। अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में जो भी राजनीतिक दल बढ़ई समाज को चुनाव में टिकट और सत्ता में भागीदारी देगा समाज उसी को वोट करेगा।

तेजस्वी पर उपेंद्र कुशवाहा का तीखा वारे

बोले- लालू के हेल्थ पर ध्यान दें

गया जी, एजेंसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसा सांसद(आरएलएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष) उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि तेजस्वी यादव को लालू जी के स्वास्थ्य को देखना चाहिए। वे बीमार हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। नीतीश कुमार स्वस्थ्य हैं। लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं। 16 से 18 घंटा काम कर रहे हैं। उनके ऊपर स्वास्थ्य को लेकर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष मुद्दा विहीन है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद और कुछ और लोग सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर सवाल कर रहे हैं। रविवार को गया जी के सर्किट में हुई प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि भाजपा अपने सिस्टम के काम कर रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चुनाव होगा। सरकार बनेगी तो नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि लालू यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष भले ही हों लेकिन कोई सार्वजनिक सभा नहीं कर रहे हैं। तेजस्वी यादव को उनके हेल्थ पर ध्यान देना चाहिए।

परिसीमन कराने को लेकर पटना में रैली

पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि देश में 50 साल से परिसीमन नहीं हुआ। इस कारण लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा की सीट नहीं बढ़ रही है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान बिहार व आसपास के राज्यों को रहा है। परिसीमन होगा तो लोक सभा में बिहार के सांसदों की संख्या बढ़ेगी। संख्या बढ़ेगी तो एससी/एसटी सहित महिलाओं को लाभ मिलेगा। कुशवाहा ने कहा कि 2026 में परिसीमन पर रोक की सीमा समाप्त हो रही है। लेकिन, दक्षिण भारत के नेता नहीं चाह रहे हैं परिसीमन हो। व एक फ्रंट बनाकर इसका विरोध कर रहे हैं। इसी बात को लेकर हमारी पार्टी आवाज उठायी है। हकमारी के खिलाफ परिसीमन कराने को लेकर अभियान चलाने का निर्णय किया है। रैली के माध्यम से लोगों को हकमारी की बात बतायी जा रही है। शाहाबाद और मुजफ्फपुर के बाद 29 जून को गया के गांधी मैदान में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार रैली होने जा रही है। रैली के माध्यम से केंद्र सरकार से परिसीमन कराने की मांग करेंगे।



एयर इंडिया एक्सप्रेस के यात्रियों का अब तक नहीं मिला सामान

पटना, एजेंसी। पटना एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमानों से यात्रा करने वाले यात्रियों की फजीहत जारी है। विमानन कंपनी की ओर से चेन्नई और बेंगलुरू से पटना पहुंचे दर्जनों यात्रियों को दूसरे दिन भी उनका लगेज उपलब्ध नहीं कराया गया। विमानन कंपनी की ओर से यात्रियों को जो मोबाइल नंबर लगेज ट्रेस करने को दिया गया था वह स्वीच ऑफ है, लैंडलाइन नंबर पर कोई जवाब नहीं दे रहा है। पटना के डॉक्टर सत्यदीप ने बताया कि उन्हें जरूरी काम से सहरसा जाना था, लेकिन उनकी बहन और भांजी का लगेज अब तक उपलब्ध नहीं हो सका है। सुबह में सहरसा के लिए ट्रेन पकड़नी थी, लेकिन यात्रा टालनी पड़ी। टिकट भी रद्द कराना पड़ा। एयर लायंस वाले कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। इधर मामले में एयर इंडिया एक्सप्रेस के शिफ्ट इंचार्ज लावण्या नंदा बेहरा ने बताया कि दोनों विमानों के सभी यात्रियों का सामान आ गया है। पटना एयरपोर्ट के निदेशक केएम नेहरा ने कहा कि विमानन कंपनी के प्रतिनिधियों से यात्रियों की समस्या को लेकर बात हुई है। कुछ यात्री एयरपोर्ट आकर अपना सामान ले गए हैं। जल्द ही सभी यात्रियों के द्वारा दिए गए पते तक उनका सामान पहुंचा दिया जाएगा।

तेजस्वी संस्कारहीन, विरासत में मिली है ऐसी भाषा शैली : नित्यानंद राय

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले बिहार में राजनीतिक दलों के नेता एक-दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पीएम नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम के खिलाफ तीखे शब्दों का इस्तेमाल किया था। अब केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी है। नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी संस्कारहीन हैं। उनकी संस्कारहीनता के कारण ही दो-दो बार सत्ता में आने के बाद भी राजद को बाहर जाना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति असम्मानजनक शब्दों का प्रयोग कर तेजस्वी यादव ने अपने परिवार से विरासत में मिले कुसंस्कारों का परिचय दिया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा सांसद नित्यानंद राय ने रविवार को मुजफ्फरपुर में नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोला।

एक निजी संस्था के कार्यक्रम में शामिल होने शहर आए मंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान राजद और तेजस्वी पर जमकर निशाना साधा। कहा कि प्रधानमंत्री किसी पार्टी विशेष का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, बल्कि वह पूरे देश के प्रतिनिधि होते हैं। इस कारण प्रधानमंत्री पर की गई किसी भी तरह की अपमानजनक टिप्पणी पूरे देश और आम जनता पर का अपमान है। तेजस्वी को यह भाषा शैली विरासत में मिली है।

यही कारण है कि कभी बहुमत के साथ मजबूती से सत्ता पर काबिज उनके दल और परिवार को लोगों ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस तरह से गरीबों और वंचितों का ख्याल रख रहे हैं, उससे विरोधियों



को मिर्ची लग रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि को स्वागतयोग्य कदम बताया। कहा कि विपक्षियों को इस बार पेंशन का टेंशन मिला है। खासकर राजद और तेजस्वी इस टेंशन से बौखला गए हैं। लेकिन, हमारी सरकार पहले की ही तरह गरीबों को सम्मान देने का काम करती रहेगी। कहा कि जो व्यक्ति मुंह में सोने का चम्मच लेकर पैदा हुआ है, वह गरीबों का दुख क्या जानेगा।

गरीबों की आह लेने के कारण ही लालू और राबड़ी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा। अब भी लालू एवं राजद परिवार गरीबों की आह लेने से नहीं चूक रहा है। चारा, अलकतरा और दूध घोटाले के कारण आने वाले दिनों में उनका राजनैतिक अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। वर्तमान सरकार की योजनाओं की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

क्षतिग्रस्त पुल का नेताओं ने किया निरीक्षण

गया, एजेंसी। डोभी के कोठवारा-बरिया क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करने का सिलसिला जारी है। नेता से लेकर अधिकारी तक प्रतिदिन निरीक्षण करने आ रहे हैं। रविवार को भाजपा नेता संतोष गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमन चतुर्वेदी, राजद नेता विजय वर्मा ने निरीक्षण किया। पुल से लाभान्वित होने वाले गांव के लोगों से अपनी परेशानी सुनाई। मौके पर रहे ग्रामीण कार्य विभाग व पुल निगम के जिला अधिक्षण अभियंता प्रेम प्रकाश रंजन, कार्यपालक



अभियंता बृजेश किशोर प्रसाद, सहायक अभियंता मो. असलम से ग्रामीणों ने पुल से बैरिकेडिंग हटाने की मांग की। जिला अधिक्षण अभियंता ने बताया कि जिला अधिकारी के निर्देश पर पुल पर किसी वाहनों की आवाजाही बंद की गई है। क्षतिग्रस्त पुल के पाया को पानी की तेज धार से बचाने के लिए एक हजार बोरी में बालू भरकर घेराबंदी की जा रही है।

पंचांग में एकरूपता के लिए जारी होगा त्रिभुति सनातन धार्मिक कैलेंडर

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। सनातन पर्व-त्योहारों की तिथियों में एकरूपता लाने के लिए त्रिभुति सनातन धार्मिक कैलेंडर जारी किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को बाबा गरीबनाथ धाम मंदिर परिसर में आयोजित धर्म संसद व सनातन महाकुंभ में सर्वसम्मति से लिया गया। आयोजन में भारत और नेपाल के कई प्रमुख संत, आचार्य, विद्वान और पुरोहित शामिल हुए। अध्यक्षता कामेश्वर सिंह संस्कृत विवि, दरभंगा के पूर्व कुलपति एवं पंचांग विशेषज्ञ पंडित रामचंद्र झा ने की। आयोजन के संयोजक आध्यात्मिक गुरु पंडित कमलापति त्रिपाठी प्रमोद और संचालन स्वागत अध्यक्ष बाबा गरीबनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक ने किया। आयोजनकर्ता अखंड भारत पुरोहित महासभा के संस्थापक पंडित हरिशंकर पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया।

एकरूप पंचांग तैयार करने का प्रस्ताव महाकुंभ में निर्णय लिया गया कि देशभर में अलग-अलग पंचांगों के कारण तिथियों में भिन्नता आती है। इसे दूर करने के लिए एकरूप पंचांग तैयार किया जाएगा, जिसमें प्रमुख 13 पर्वों की तिथि एक समान तय की जाएगी। इसके लिए एक समिति गठित की गई जो अगले वर्ष तक त्रिभुति सनातन धार्मिक कैलेंडर जारी करेगी। पंडित विनय पाठक ने कहा कि यह पहल केवल पंचांग एकरूपता तक सीमित नहीं है, बल्कि सनातन संस्कृति के संरक्षण, प्रचार और संत समाज के आर्थिक-सामाजिक उत्थान की दिशा में भी बड़ा कदम है।

नेपाल के 21 संत-विद्वान हुए सम्मानित पंडित हरिशंकर पाठक ने कहा कि धर्म संसद का आयोजन अगली बार काशी हिंदू विवि, वाराणसी और कामेश्वर सिंह संस्कृत विवि, दरभंगा में प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान भारत-नेपाल के कुल 21 संतों, विद्वानों व सनातन धर्म प्रचारकों को सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। धर्म संसद में पारित हुए 13 प्रमुख पर्व-त्योहार मकर संक्रांति, वसंत पंचमी, महाशिवरात्रि, होली, रामनवमी, जानकी नवमी, गंगा दशहरा, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, विजयादशमी, दीपावली, सूर्य षष्ठी व्रत छठ। आचार्य-पुरोहितों के लिए प्रमुख चार मांगें भी पारित आचार्य-पुरोहितों का सर्वे कराकर ?दस हजार मासिक पेंशन सहायता की मांग की गई। इसके अलावा बिहार सरकार से आचार्य पुरोहित संरक्षण आयोग का गठन करने, उनके बच्चों को संस्कृत विद्यालयों व कॉलेजों में वर्ग छह से आचार्य तक मुफ्त आवासीय शिक्षा, कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वालों को सरकारी सहयोग की मांग की गई।

प्रेम-प्रसंग में युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

37 हजार में खरीदी पिस्टल, परिवार के असहमति के कारण 6 महीने से था डिप्रेस्ड



मुंगेर, एजेंसी। मुंगेर पुलिस ने रविवार को रुस्तम की मौत का खुलासा किया है। पूरबसराय थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक निवासी मो. रुस्तम ने प्रेम प्रसंग में खुद को गोली मार ली थी। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि रुस्तम(23) पिछले 6 महीने से डिप्रेशन में था। वो एक युवती से प्रेम करता था। परिवार की असहमति के कारण वह तनाव में था। इस दौरान वह नशे का सहारा लेने लगा। घटना से चार दिन पहले भी उसने आत्महत्या की कोशिश की थी। पुलिस ने इस मामले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया है। प्रिंस एक सैलून चलाता है। रुस्तम ने उससे पिस्टल की मांग की थी। प्रिंस ने अपने एक साथी की मदद से 37 हजार रुपए में पिस्टल और एक गोली रुस्तम को दी। रुस्तम ने मोबाइल के जरिए पैसों का भुगतान किया।

हथियार सप्लाई करने वाले की तलाश जारी

एसपी ने बताया कि हथियार बेचने वाला तस्कर अभी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जांच में सामने आया कि मृतक सट्टा और बेटिंग में शामिल था, लेकिन इसका कोई प्रमाण नहीं मिला है।

17 जून को मो रुस्तम ने की थी आत्महत्या

17 जून को मो. रुस्तम शाम करीब 5 बजे घर से निकला था। लेकिन वह देर रात घर नहीं पहुंचा था। जिसके कारण परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। 18 जून को मुफ्फसिल थाना को सूचना मिली की कष्टहरणी गंगा घाट में युवक का शव मिला है। जिसके बाद पुलिस कष्टहरणी गंगा घाट पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के सिर में गोली लगी थी और चप्पल गंगा में पड़े थे। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर सदर अस्तपताल भेज दिया। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पता चला की रुस्तम ने गंगा किनारे जाकर खुद को सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। गंगा में एनडीआरएफ की गोताखोर की टीम की मदद से जांच की गई तो एक पिस्टल बरामद हुआ।

महंगी मोबाइल और बुलेट का था शौकीन

बताया जाता है की रुस्तम शौकीन मिजाज का युवक था। वह डेढ़ लाख रुपये का मोबाइल रखता था और पांच माह पहले ढाई लाख रुपए का बुलेट खरीदा था। रुस्तम स्लाइड मिस्त्री था। पिता मो. कमरुद्दीन सफियासराय बाजार में सब्जी मंडी में नीबू का व्यवसाय करते है। परिवार की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं थी। सूत्रों की मानें तो मृतक सट्टा और बेटिंग खेलता जिससे की वह अपनी शौक मौज करता था।

पुलिस कर्मी को दिया जाएगा रिवार्ड

एसपी ने कहा कि रुस्तम हत्याकांड का उद्भेदन में जिस पुलिस कर्मियों ने अच्छा काम किया उसे रिवार्ड दिया जायेगा। इस हत्याकांड के उद्भेदन करने के जिला आसूचना इकाई टीम, प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक आनंद, मुफस्सिल थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह जिला आसूचना इकाई प्रभारी चंदन कुमार, पूरबसराय थानाध्यक्ष सौरभ कुमार, मुफस्सल पुलिस सब इंस्पेक्टर श्री राम प्रसाद एवं शस्त्र बल को रिवार्ड दिया जायेगा।

नालंदा में झाड़ियों में मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

नालंदा, एजेंसी। नालंदा में झाड़ियों में बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के लखरामा गांव की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुजुर्ग की एक आंख फूटी हुई है और गर्दन पर काला निशान है। गला घोंटकर हत्या की आंशका है। लुंगी और शर्ट पहने हुए थे। वहीं, पुलिस का कहना है कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। दीपनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि बॉडी पर जख्म या चोट के निशान नहीं है। शरीर पानी से भींगा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा।

उपायुक्त ने बाल सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। नगर भवन, गिरिडीह में सोमवार को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करना और बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों को विधिक प्रावधानों की गहन जानकारी देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, यौन शोषण, पोक्सो कानून, व्यक्तिगत एवं सामूहिक फोस्टर केयर



और आफ्टर केयर योजनाओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए, बाल-अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाने की आवश्यकता बताई।

उपायुक्त श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सशक्त बाल सुरक्षा तंत्र का होना अत्यंत आवश्यक है। पंचायत स्तर तक जागरूकता और समन्वय से ही इन समस्याओं का समाधान संभव है।

कार्यक्रम में निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया:

पंचायत क्षेत्र में बच्चों के लिए सुरक्षित सार्वजनिक स्थान सुनिश्चित करना।

ग्राम पंचायत विकास योजना में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता देना।

बाल श्रमिकों, अनाथ, तस्करी के शिकार, प्रवासी, भिक्षुक एवं असहाय बच्चों की पहचान कर उनके पुनर्वास की ठोस पहल करना।

बाल संरक्षण समिति, सीडब्ल्यूसी, डीसीपीयू, एसजेपीयू आदि के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना।

वार्लटियरिज्म के माध्यम से किशोर न्याय अधिनियम के क्रियान्वयन को जन-आंदोलन का स्वरूप देना।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को बाल अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल माना जा रहा है, जिससे ज़मीनी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को बच्चों के हित में प्रभावी ढंग से कार्य करने का मार्गदर्शन मिलेगा।

बरही में दीवार गिरने से दंपति की मौत, प्रशासन ने तुरंत दी सहायता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। बरही प्रखंड अंतर्गत रसोई धमना पंचायत में सोमवार को भारी वर्षा के कारण एक आवासीय मकान का छज्जा गिरने से हदीस अंसारी और उनकी पत्नी जुमेरा खातून की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी बरही घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर उप विकास आयुक्त इशितयाक अहमद ने पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से उपलब्ध कराई गई प्रमुख राहत इस प्रकार है:

अबुआ आवास योजना के तहत



मृतक परिवार को आवंटित आवास की ढलाई कार्य पूरा कर लिया गया है। दो दिनों में आवास पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। अब तक 1.80 लाख की राशि जारी की जा चुकी है और परिजनों को अस्थायी रूप से इसी आवास में स्थानांतरित कर दिया गया है।

प्रखंड प्रशासन द्वारा आकस्मिक राहत के तहत पीड़ित परिवार को 50 किलो चावल एवं 10,000 की सहायता राशि प्रदान की गई है।

मृत दंपति की बेटियों आलिया प्रवीण (कक्षा 9वीं) और नाजिया प्रवीण (कक्षा 7वीं) का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरही में कराया जा रहा है ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो।

मिशन वात्सल्य योजना के तहत दोनों बेटियों को 4,000 प्रति माह की छात्रवृत्ति दिए जाने की प्रक्रिया जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शुरू कर दी गई है।

आपदा प्रबंधन कोष से 4 लाख की मुआवजा राशि आश्रित परिवार को दिए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

यह पहल जिला प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित राहत कार्रवाई का प्रतीक है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सेलहारा पंचायत भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने की। सभा को संबोधित करते हुए श्री चंद्रवंशी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया और कहा कि उन्होंने 'एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो संविधान' का पुरजोर विरोध करते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1953 में जम्मू-कश्मीर में प्रवेश के दौरान उन्हें



गिरफ्तार किया गया और 23 जून को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई, जो आज भी कई सवालों के घेरे में है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज भी डॉ. मुखर्जी के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अग्रसर है। डॉ. मुखर्जी न केवल एक राजनेता थे, बल्कि स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने औद्योगिक विकास की नींव भी रखी। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष अरविंद साहू, मंडल मंत्री प्रवीण सिंह, प्रमोद सिंह, बंटी साहू, सुखदेव यादव, काली यादव, सदेव यादव, कुणाल सिंह, राकेश सिंह, मनोज रविदास, रंजीत भुइयां, शक्ति साव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

हुरहुरु विद्यालय को पुनः खोलने की मांग तेज, मुन्ना सिंह ने उपायुक्त से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत हुरहुरु स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय को पुनः संचालित कराने की मांग को लेकर सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर प्रयास तेज हो गए हैं। इसी क्रम में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं कांग्रेस नगर प्रभारी मुन्ना सिंह ने सोमवार को विद्यालय का निरीक्षण करने के बाद जिला उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह से मुलाकात की।

मुन्ना सिंह ने उपायुक्त के समक्ष विद्यालय की वर्तमान जर्जर स्थिति और इसके कारण बच्चों की बाधित शिक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बंद होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को दूरस्थ विद्यालयों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

मुन्ना सिंह ने दिए यह सुझाव:

विद्यालय को अविलंब पुनः चालू किया जाए।

छात्रों के लिए निःशुल्क परिवहन सेवा की व्यवस्था की जाए।

शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। विद्यालय परिसर की मरम्मत एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

आजसू पार्टी 'नौकरी दो सरकार' अभियान की करेगी शुरुआत : संजय मेहता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आजसू पार्टी सरकार नौकरी दो अभियान की शुरुआत करेगी। आजसू पार्टी के वरीय नेता संजय मेहता ने प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया की पार्टी 'नौकरी दो सरकार' अभियान की शुरुआता करेगी। इसके तहत सरकार से हम नौकरी का हिसाब लेंगे। सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक लाया था। उसका अनुपालन क्यों नहीं हुआ ? सरकार ने आउटसोर्सिंग क्षेत्र में भी 75 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक लाया है उसका अनुपालन क्यों नहीं हो रहा है। सरकार स्थानीय को निजी क्षेत्र में नौकरी की बात कहती है लेकिन राज्य की स्थानीय नीति कहां है सरकार कानून बनाकर ख़ुद ही अपने लोगों से कोर्ट जाकर कानूनों में पेंच फंसाती है और हक़ देने के समय बहानेबाजी करती है। सरकार की बहानेबाजी अब नहीं चलेगी। आजसू अब नौकरी का हिसाब मांगेगी। सरकार ने कितनी नौकरी दी है उसका आंकड़ा सरकार जारी करे। यह आँकड़ा आम जनमानस को भी जानने का अधिकार है हर कंपनी, आयोग से लेंगे हिसाब, दिया जाएगा ज्ञापन संजय मेहता ने बताया की आजसू पार्टी सभी निजी कंपनियों, खनन क्षेत्र की कंपनियों से स्थानीय को नौकरी देने का हिसाब और आंकड़ा मांगेगी। साथ ही झारखंड सरकार के परीक्षा आयोगों से भी पार्टी सवाल पूछेगी। सरकार नौकरी के नाम पर युवाओं को ठग रही है। हम नौजवानों के सपने को मरने नहीं देंगे और मुखरता से नौजवानों के सवालों को जनता के बीच रखेंगे आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से आरक्षण को मारा जा रहा है। ठेकादारी प्रथा के कारण शोषण बढ़ा है। संविदाकर्मियों का स्थायीकरण का मामला सरकार लटका कर रखना चाहती है। राज्य के अंदर श्रम कानूनों का पालन नहीं हो रहा है। मजदूरों का शोषण और पलायन बढ़ा है। राज्य के 2 करोड़ से ज़्यादा आबादी के युवा आज रोजगार के नाम पर ठगे जा रहे हैं आजसू पार्टी ने बलिदान दिवस के आयोजन के बाद अपने सभी कार्यकर्ताओं, पंचायत कमिटी के सदस्यों, प्रखंड कमिटी के सदस्यों, सभी जिला अध्यक्षों, केंद्रीय कमिटी के सदस्यों, एक-एक कार्यकर्ताओं, मीडिया के साथियों का आभार प्रकट किया।

उपायुक्त ने अवैध अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों पर कार्रवाई का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व लिंग चयन पर रोक लगाने के उद्देश्य से पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को उपायुक्त श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को उनके क्षेत्र में समुचित प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित जांच की जाए और बिना पंजीकरण संचालित क्लीनिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों की सूची का पुनरीक्षण, नए आवेदन और पंजीकरण के



नवीकरण पर समिति द्वारा विचार-विमर्श, आईईसी गतिविधियों जैसे बैनर, होर्डिंग्स के प्रचार-प्रसार की समीक्षा, प्रखंड और जिला स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन का निर्देश, बिना लाइसेंस संचालित क्लीनिकों पर छापेमारी दल के गठन का आदेश, लिंग निर्धारण की शिकायतों पर औचक निरीक्षण और सख्त रिपोर्टिंग का प्रावधान। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जिले में लिंगानुपात सुधारने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लिंग परीक्षण के अवैध प्रयोगों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन डॉ. एपीएन देव, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, आईएमए अध्यक्ष डॉ. सोहेल अख्तर, नोडल पदाधिकारी श्रीमती मेघा शर्मा, समाजसेवी, अधिवक्ता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य संदेश था - कन्या भ्रूण हत्या को रोकना और समाज में बेटियों को बराबरी का अधिकार दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

विभागीय पदाधिकारियों, मुखिया और वेंडर की मिलीभगत से योजनाओं में हो रही लूट : अशोक सिंह

गिरिडीह/नबिटा संवाददाता। झारखंड राज्य महिला जलसहिया कर्मचारी संघ की जिला शाखा गिरिडीह की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को किरण पब्लिक स्कूल परिसर में संघ की अध्यक्ष दिव्या देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों की सैकड़ों जलसहिया सदस्याओं ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्य संचालन को लेकर प्रशिक्षण देना और संगठन की प्रमुख मांगों पर चर्चा करना रहा। इस दौरान वक्ताओं ने जल जीवन मिशन में जलसहिया की भूमिका को निर्णायक बताते हुए कहा कि वर्षों से उन्हें योजनाओं से दूर रखा गया, जिससे विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताएं पनपती रहीं।

भारतीय स्टेट बैंक ने डीएवी सीसीएल के सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह के एटीएल सभागार में सोमवार को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक महेशलुंडी शाखा के सहयोग से जेईई और नीट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल द्वारा एसबीआई शाखा प्रबंधक विपिन कुमार झा, वरीय अधिकारी आदर्श कुमार, सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्य ने अपने संबोधन में भारतीय स्टेट बैंक की सराहना



करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों को नई ऊर्ज़ा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन और दृढ़-संकल्प से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता।

शाखा प्रबंधक विपिन कुमार झा और वरिष्ठ अधिकारी आदर्श कुमार ने विद्यार्थियों को पारितोषिक और सम्मान पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजरी हेड शबाना रब्बानी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका शाश्वती मुखर्जी और काकोली साहा भी उपस्थित थीं। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपने बच्चों की सफलता पर गौरव की अनुभूति करते नजर आए।

सम्मानित होने वाले सफल विद्यार्थियों में यश प्रसाद, आसिफ अली, नज़्ज़त आफरीन, श्वेता नारायण देव, विपुल अम्बष्ट, हर्ष कुमार, सौरभ कुमार सिंह, अदिति, मो. रेहान, शिप्रा कुमारी और अभिजीत तनय शामिल हैं।

विद्यालय में ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षा और प्रेरणा का संगम देखा गया, जो निश्चित रूप से छात्रों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय बागवानी मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जमुआ प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत एक दिवसीय बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों पंचायतों से आए किसानों ने अपनी बागवानी उपज, विशेषकर आम की विभिन्न प्रजातियां प्रदर्शित की। मेले में मालदा, चौसा, लंगड़ा, हिमसागर, मलिका, आम्रपाली और काजू जैसी आम की लोकप्रिय किस्मों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। किसानों ने अपनी मेहनत और तकनीकी प्रयासों से उगाई गई फसलों को प्रदर्शित कर अपनी कृषि दक्षता का परिचय दिया।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: ईएल-16-25; दिनांक 20.06.2025। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम तथा वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले सम्माननीय निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** दो (02) वर्षों के लिए आसनसोल मंडल में वातानुकूलित कोचों (एलएचबी और आईसीएफ) में आरएमपीयू (रूफ माउण्टेड पैकेज यूनिट) [निर्माता- लॉयड्स/सिडवाल/इनटेक/अमित/दौलतराम/एसएसके/लील इलेक्ट.] का वार्षिक सुधारात्मक रखरखाव ठेका (एसीएमसी)। **निविदा मूल्य:** ₹ 71,12,113.16। **बयाना राशि:** ₹ 1,42,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकेंगे।

(ASN-91/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: ईएल-एएसएन - सीओएन - टीआरएल - 173 - 2025-एनआईटी, दिनांक: 20.06.2025। उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पश्चिम बर्दवान, आसनसोल-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता तथा उचित अनुभव रखने वाले अनुभवी विद्युतीय ठेकेदारों, भागीदारी फर्मों आदि से ई-निविदा पद्धति के जरिये खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरएल-173-2025। कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में सीतारामपुर में बाई-पास लाइन (6.695 किमी.) के निर्माण के सम्बन्ध में 220 केवी कल्याणेश्वरी-बर्नपुर लाइन (एल#229) एवं 220 केवी एमटीपीएस-बर्नपुर लाइन (एल#232), 220 केवी डी/सी कल्याणेश्वरी-एमटीपीएस लाइन (एल#239 एवं 240) तथा 220 केवी डी/सी आरटीपीएस-कल्याणेश्वरी लाइन (एल#263 एवं 264) के दिशा परिवर्तन एवं ऊंचाई बढ़ाने के लिए ट्रांसमिशन लाइन की डिज़ाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** ₹ 22,47,95,587.46। **बयाना राशि:** ₹ 12,74,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.07.2025 को अपराह 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं ऊपर उल्लिखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को या उससे पहले इस निविदा के तहत ऊपर उल्लिखित अनुसार "निविदा दस्तावेज की कीमत" तथा "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के तहत हर तरह से सम्पूर्ण निविदा के साथ ऊपर उल्लिखित अनुसार सभी दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर अपलोड करने होंगे। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा की जा सकती हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी की गई संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियाँ **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। यह निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पश्चिम बर्दवान, आसनसोल-713301 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

(CON-16/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना संख्या: एसईआर-ईपीसी-मूरी-आरएनसी-टीओआरआई-2x25 केवी, दिनांक: 19.06.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व रेलवे, 11 कॉन्वेंट रोड, बेलियाघाटा, कोलकाता-700015 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम और उसका स्थान:** ईपीसी मोड पर 3000 मीट्रिक टन लदायी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के मूरी-रांची-टोरी खंड पर 2x25 केवी सिस्टम में 132 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग और पैरलेलिंग पोस्ट (एसपी) और सब सेक्शनिंग और पैरलेलिंग पोस्ट (एसएसपी) की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और शुरुआत। **कार्य पूरा करने की अवधि:** नियत तारीख से 540 दिन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 162,17,96,377.19। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 82,59,000। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 180 दिन। **जिज्ञासाएं प्राप्त करने की अंतिम तारीख:** 03.07.2025। **बोली-पूर्व बैठक:** 07.07.2025 को सुबह 11.30 बजे। **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य। **क्लॉज़ संख्या 2.11.2 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों का भौतिक प्रस्तुतीकरण:** 11.08.2025 (अपराह्न 3.00 बजे भा.मा.स.)। **निविदा बंद होने की तारीख:** 07.08.2025 (दोपहर 2:00 बजे भा.मा.स.)। वेबसाइट का विवरण हां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: **www.ireps.gov.in**। **(PR-300)**

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना संख्या: 12-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26,दिनांक: 20.06.2025। वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल- निम्नलिखित के सम्बन्ध में दूरसंचार कार्य (1) अप सिक लाइन और बीओएक्सएन डिपो में बुनियादी ढांचे के विस्तार और (2) अप सिक लाइन और बीओएक्सएन डिपो में बुनियादी ढांचे के विस्तार के संबंध में पीए सिस्टम का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 49,30,649.86। **बयाना राशि:** ₹ 98,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 90 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 15.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: **https://www.ireps.gov.in**।

(ASN-92/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मधवाडीह मृगाटांड़ में जला ट्रांसफार्मर बना ग्रामीणों की परेशानी का सबब, विधायक से लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत गांडेय विधानसभा क्षेत्र के मधवाडीह पंचायत के मृगाटांड़ टोला में बीते कई सप्ताह से जला हुआ ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गाँव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है और अंधेरा पसरा हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को कई बार शिकायत देने के बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। इससे पेयजल आपूर्ति, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने



अपनी समस्या को लेकर हस्ताक्षरयुक्त आवेदन गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद को इम्तियाज फरदीन अहमद के माध्यम से भेजा है। इस आवेदन पर अरुण कुमार यादव, सुरेश यादव, नीरज यादव, रघु यादव, नीलू देवी, बहादुर यादव, लालू यादव, आशा यादव, पार्वती देवी, लिलू यादव, आनंद यादव सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने विधायक से जल्द हस्तक्षेप कर ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में अब तक बिजली विभाग की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। गाँव की बिजली बहाली को लेकर लोग अब राजनीतिक हस्तक्षेप की आस लगाए बैठे हैं।

नशा छोड़ें, जीवन से नाता जोड़ें संदेश के साथ चला जन जागरूकता कार्यक्रम

हजारीबाग/नबिटा ब्यूरो। झारखंड सरकार के निर्देश पर जिले में नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग द्वारा विभिन्न प्रखंडों में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में मादक पदार्थों के खिलाफ चेतना जागृत कर एक स्वस्थ, संयमित और जिम्मेदार समाज की स्थापना करना है। इस क्रम में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने नशे के कारण होने वाले सामाजिक विघटन, आर्थिक तंगी, पारिवारिक कलह और शारीरिक-मानसिक हानि जैसे गंभीर दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही, एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जागरूकता संदेश, वीडियो क्लिप्स एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का भी प्रसारण किया गया।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 23-06-2025 21:30 Page 1

टाईल्स लदा बेलगाम ट्रक कई दुकानों में घुसा

एक की मौत, इलाके में मची अफरातफरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा थाना क्षेत्र स्थित रूपन पट्टी चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-28 पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। समस्तीपुर की ओर जा रही एक 16 चक्का ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी कई दुकानों में जा घुसी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई दुकानों को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग गुस्से में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक पर टाइल्स और मार्बल लदा हुआ था। रूपन पट्टी चौक के पास पहुंचते ही वह बेकाबू हो गया और साइड लेन की ओर मुड़कर सीधे दुकानों में घुस गया। उसी वक्त एक युवक दुकान में नाश्ता कर रहा था, जो ट्रक की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि सहायक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। साथ ही क्षतिग्रस्त दुकानों और ट्रक को हटाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई।

सकरा थाना प्रभारी राजू कुमार पाल ने बताया कि एक अनियंत्रित ट्रक कई दुकानों में घुस गया, जिससे एक युवक की मौत हो गई। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और लोडेड मार्बल-टाइल्स को कब्जे में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सहायक चालक हिरासत में है, जबकि चालक की तलाश जारी है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रकों की आवाजाही आम बात है। रूपन पट्टी चौक पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण के उपाय नहीं किए जा रहे। लोगों ने प्रशासन से यहां स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग की है।

बकरी चराने गयी दो बच्चियों की डूबने से मौत

नहर में डूबा मासूम, मचा कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के नाथनगर प्रखंड अंतर्गत किशनपुर गांव के पास बाइपास के नजदीक स्थित एक पोखर में डूबने से दो बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सोमवार दोपहर का बताया जा रहा है। जैसे ही इस घटना की खबर गांव में फैली, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और मातमी सन्नाटा पसर गया। मृत बच्चियों की पहचान किशनपुर निवासी प्रमोद यादव की 13 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी और सुग्रीव यादव की 12 वर्षीय पुत्री सोनाली कुमारी के रूप में हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चियां दोपहर में गांव के पास बकरी चराने गई थीं। इस दौरान कुछ बकरियां पोखर के किनारे चली गईं। बकरियों को रोकने के लिए निशा पोखर की ओर बढ़ी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गई।

निशा को डूबता देख सोनाली ने उसे बचाने के लिए पोखर में छलांग लगा दी। लेकिन गहरे पानी में जाने के कारण दोनों बच्चियां डूब गईं।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर नाथनगर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चियों के शव को पोखर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। गांव में मातम पसरा है और हर आंख नम है।

मृतका निशा कुमारी की मां सोनम देवी ने बताया कि उनकी बेटी निशा अपनी सहेली सोनाली के साथ घर के पास खेत में बकरी चराने गई थी। घर से जाते समय हमने उसे जल्दी लौट आने को कहा था, लेकिन कुछ देर बाद पोखर में डूबने की दुखद खबर मिली।

घटना की सूचना ग्रामीणों ने नाथनगर के अंचलाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही सीओ के निर्देश पर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मी मौके पर पहुंचे।

अंचल प्रशासन की ओर से परिजनों को बताया गया कि आपदा प्रबंधन के तहत उन्हें मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

पटना। जिले के विक्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत रेवा गांव में सोमवार को नहर में डूबने से एक ढाई वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रेवा गांव निवासी मोती कुमार के पुत्र आरव कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरव घर के पास खेल रहा था, इसी दौरान वह नहर की ओर चला गया और गहरे पानी में गिर गया। घटना के समय परिजनों का ध्यान नहीं था। जब काफी देर तक बच्चा नजर नहीं आया, तब खोजबीन शुरू की गई। कुछ घंटे बाद आरव का शव नहर में मिला।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग भी घटना की खबर सुनकर मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस और प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही विक्रम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बीते कुछ दिनों से बारिश के कारण गांव के पास स्थित नहरों और अहरों में पानी भर गया है। आरव रोज की तरह घर के दरवाजे के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह खेलते-खेलते घर से कुछ दूर नहर की तरफ चला गया और फिसलकर पानी में गिर गया। पानी का बहाव और गहराई अधिक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और डूब गया। इधर, विक्रम अंचल अधिकारी स्वयं प्रभा ने जानकारी दी कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष के तहत चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह राशि 15 दिनों के भीतर परिजनों को उपलब्ध करा दी जाएगी।

अभिलेखों से छेड़छाड़ के आरोप में राजस्व कर्मी निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोपालगंज। फुलवरिया अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी मोहम्मद शाहिद हुसैन को राजस्व अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ करने तथा अवैध जमाबंदी सृजन के आरोप में डीएम पवन कुमार सिन्हा ने निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय अंचल कार्यालय विजयीपुर में रहेगा। यहां उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।जानकारी के अनुसार, सदर प्रखंड के राजेंद्र बस स्टैंड की कथित भूमि की अवैध जमाबंदी का सृजन करने के आरोप में उन्हें निलंबित किया गया है। फुलवरिया अंचल कार्यालय में कार्यरत मो. शाहिद हुसैन बीते वर्ष सदर अंचल में कार्यरत थे।

राजेंद्र बस स्टैंड, गोपालगंज की भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेख के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। इतना ही नहीं, भूमि की अवैध जमाबंदी बनाने को लेकर जांच के क्रम में तत्कालीन राजस्व कर्मचारी पर अंचलाधिकारी सदर की ओर से नगर थाने में सनहा दर्ज कराया गया है।आरोप है कि नगर परिषद क्षेत्र की भूमि जमाबंदी संख्या 792 में गलत तरीके से प्रविष्टि करते हुए उनकी ओर से पंजी 2 के साथ छेड़छाड़ किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि राजस्व कर्मचारी फुलवरिया का आचरण उक्त कार्य में संदेहास्पद है।

इसके आलोक में बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियमावली 2005 के नियम 9 के आलोक में तत्कालीन राजस्व कर्मचारी मोहम्मद शाहिद हुसैन को निलंबित किया गया है।आदेश जारी किया है कि निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अंचल कार्यालय विजयीपुर में रहेगा। यहां अंचल अधिकारी फुलवरिया की ओर से निर्गत अनुपस्थित विवरण के आधार पर जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान किया जाएगा। फुलवरिया सीओ बीरबल वरुण कुमार ने बताया कि फुलवरिया में कार्यरत कर्मचारी के निलंबन के बाद उनके प्रभार वाले पंचायत को दूसरे राजस्व कर्मचारी से टैग कर दिया गया है।

नशेड़ी शिक्षक ने स्कूल में मचाया उत्पात

खगड़िया। शराब के नशे में धुत होकर विद्यालय में हंगामा कर रहे एक शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपित शिक्षक संजय कुमार राय प्राथमिक विद्यालय उदहा बासा का रहने वाला है। ग्रामीणों के अनुसार, लंबी गर्मी छुट्टी के बाद सोमवार को जब विद्यालय खुला तो विद्यालय के दो शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर विद्यालय पहुंचे और आपस में हंगामा करने लगे। यह देख विद्यालय में मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना अपने अभिभावकों को दी। अभिभावकों ने इसकी सूचना टोल फ्री नंबर 112 पर पुलिस पदाधिकारी को दी। टोल फ्री नंबर पुलिस पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशे में धुत शिक्षक संजय कुमार राय को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा शिक्षक पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही विद्यालय से भागने में सफल रहा। हालांकि, भाग रहे शिक्षक को पकड़ने का ग्रामीणों ने असफल प्रयास किया। प्रभारी थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शिक्षक की जांच के बाद शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

समर कैम्प का समापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। शिक्षा विभाग एवं प्रथम संस्था की संयुक्त पहल पर आयोजित समर कैम्प 2025 का समापन जिले के सभी केन्द्रों पर उत्सवपूर्वक किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, राशिद नवाज ने कहा कि बच्चों ने कैम्प में उत्साह और ऊर्जा के साथ भागीदारी निभाई। जिसका सकारात्मक असर विभिन्न केन्द्रों पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला। ज्ञात हो कि समर कैम्प के सफल संचालन में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एसएसए राशिद नवाज, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी साक्षरता प्रज्ञा श्री एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा समय-समय पर केन्द्रों पर जाकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन किया गया। जिला साधनसेवी कृष्णा कुमार एवं राज्य प्रतिनिधि अंतिम कुमार सिन्हा ने बताया कि जिलेभर में 13,000 से अधिक स्वयंसेवकों ने इस कैम्प में बच्चों के गणितीय कौशल को सुदृढ़ करने के लिए अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण कर एक प्रोफाइल तैयार की गई थी, जिसके माध्यम से चिन्हित बच्चों की शैक्षणिक स्थिति एवं प्रगति का नियमित संधारण किया गया। अंत में, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को समर कैम्प में उनकी सक्रिय और मूल्यवान भागीदारी के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया एवं प्रथम संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग हेतु विशेष आभार व्यक्त किया।

अनियंत्रित वाहन ने युवक को कुचला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। मुंगेर जिला के असरगंज थानाक्षेत्र के मासुमगंज तरबन्ना पोखर के पास अनियंत्रित वाहन के धक्के से छोटी कोरियन निवासी जयराम राय के 24 वर्षीय पुत्र अंकित उर्फ अमरजीत की मौत हो गई। घटना की मृतक के पिता ने मायागंज स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) परिसर स्थित पुलिस शिविर में फर्द बयान दर्ज कराया है। स्वजन ने बताया कि सुबह 10 बजे सन्नी सहित अपने दो दोस्त के साथ घर से पढ़ने जा रहा था। तभी तरबन्ना पोखर के पास तारापुर की ओर से अजगैवीनाथ धाम की ओर काफी तेज रफ्तार में आ रही मैजिक ने अंकित को धक्का मार दिया। वाहन के धक्के से अंकित गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके सिर में गंभीर चोटें आई। स्वजन जख्मी को जेएलएनएमसीएच लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने उसे सिलीगुड़ी रेफर कर दिया। सिलीगुड़ी में प्राइवेट अस्पताल में एक दिन इलाज चलने डॉक्टर ने फिर उसे भागलपुर रेफर कर दिया।

अमृत भारत एक्सप्रेस के कंप्रेशर में आई खराबी

पीएम ने 24 अप्रैल को दिखायी थी झंडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सहरसा से लोकमान्य तिलक जाने वाली 11016 अमृत भारत एक्सप्रेस के कंप्रेशर में आई खराबी के कारण तीन घंटे तक यह भगवनपुर में रुकी रही। मुजफ्फरपुर से कोचिंग डिपो के इंजीनियर के पहुंचने पर इसे सही किया गया। उसके बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।

मुजफ्फरपुर से यह ट्रेन सुबह 8:25 बजे चली। नौ बजकर सात मिनट पर गोरौल स्टेशन को पार की। 9:12 में भगवानपुर होल सिग्नल के एलसी गेट नंबर-30 पर जाकर खड़ी हो गई। चालक ने इसकी सूचना सोनपुर और समस्तीपुर कंट्रोल को दी।

चालक द्वारा काफी प्रयास से जब सही नहीं हुआ तो मुजफ्फरपुर कोचिंग डिपो से इंजीनियर भेजा गया। पहले बैट्री में खराबी की बात आई। इसके लिए इलेक्ट्रिक विभाग से कर्मियों को बुलाया गया। उसके बाद पता चला कि दोनों कंप्रेशर में खराबी आई है।

उसको दुरुस्त करने के बाद दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ट्रेन हाजीपुर के लिए रवाना हुई। अमृत भारत पहले होम सिग्नल पर रुकी थी। इस बीच वंदे भारत के आने की घोषणा होने पर ट्रेन को पीछे वाले इंजन के सहयोग से भगवानपुर स्टेशन पर लाया गया। उसके बाद वंदे भारत ट्रेन क्रास कर सकी।

इस बीच झमाझम वर्षा होने लगी। सहरसा से लोकमान्य तिलक जाने वाली अमृत भारत ट्रेन बिहार की दूसरी ट्रेन है। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर देश को समर्पित किया था।

अनियंत्रित बस गड्ढे में पलटी, बाल-बाल बचे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमुई। जिले के सोनो थाना क्षेत्र अंतर्गत बिठरा गांव के पास सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। सौभाग्यवश इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस चकाई से मुंगेर की ओर जा रही थी। जैसे ही वह सोनो-जमुई मुख्य मार्ग (एनएच-333) पर स्थित बिठरा के पास पहुंची, उसी दिशा में जा रहे एक हाईवा वाहन ने अचानक ओवरटेक करते हुए बस को चकमा दे दिया। इससे ड्राइवर का नियंत्रण बस पर से हट गया और वह सड़क किनारे पलट गई।

बस में कुल 30 यात्री सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सोनो में भर्ती कराया। बस के खलासी रोहित सिंह ने बताया कि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही सोनो थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि हाईवा वाहन की लापरवाही से बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। फिलहाल बस को सड़क से हटाने और यातायात बहाल करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस दुर्घटना से जुड़े हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

सड़क दुर्घटना में मां की मौत, पुत्र गंभीर

फारबिसगंज। प्रखंड के अड़राहा पंचायत के वार्ड संख्या एक में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका 12 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब रानीगंज प्रखंड के जगता पंचायत वार्ड संख्या 02 निवासी मो. जगीर अपनी पत्नी और बेटे के साथ मोटरसाइकिल से घीवहा स्थित अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। घटना के चश्मदीदों के अनुसार, मो. जगीर जैसे ही अड़राहा गांव के समीप पहुँचे, सामने से एक मलवाहन गाड़ी सड़क पर तेज रफ्तार से गुजर रही थी। यह मलवाहन गाड़ी शौचालय की सफाई के लिए जा रही थी। उसी दौरान जगीर की मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सीधे मलवाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पर बैठी महिला सड़क पर गिर पड़ी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान मो. जगीर की पत्नी महरुम के रूप में की गई है। वहीं दुर्घटना में घायल 12 वर्षीय पुत्र को गंभीर अवस्था में लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज भेजा गया।

दुष्कर्म के आरोप में युवक को उम्र कैद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले की एक विशेष पोक्सो अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा ने सोमवार को सजा के बिंदु पर अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी को आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में तीन महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भी निर्धारित की गई है।

विशेष लोक अभियोजक (स्पेशल पीपी) शिवलाल मेहता ने बताया कि यह मामला औरंगाबाद महिला थाना कांड संख्या 66/23 एवं जीआर संख्या 145/23 से संबंधित है। कोर्ट ने 20 जून को गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र के हसामपुर गांव निवासी अभियुक्त कौशल कुमार उर्फ नटवर को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (ए)(बी) और पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी करार दिया था।

कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद को निर्देश दिया है कि पीड़िता को तीन लाख रुपये की क्षतिपूर्ति (मुआवजा) प्रदान की जाए, जिससे उसे आगे के पुनर्वास में मदद मिल सके।पीड़िता की ओर से दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 29 नवंबर 2023 को वह खेत में घास काटने गई थी। इसी दौरान आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर



जबरदस्ती जमीन पर पटक दिया और मुंह दबाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता को गंभीर चोटें आई थीं और उसके पेट से खून बहने लगा था। घटना के बाद से अभियुक्त पिछले एक वर्ष छह महीने और 21 दिनों से न्यायिक हिरासत में है।

अंतिम सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कोर्ट से निवेदन किया कि अभियुक्त का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, वह संपन्न परिवार से है और उसका भविष्य बर्बाद न हो, इसलिए उसे कम सजा दी जाए। हालांकि, विशेष लोक अभियोजक ने अपराध की गंभीरता और पीड़िता की अल्पायु होने का हवाला देते हुए अधिकतम सजा की मांग की।

इस मामले में पुलिस अवर निरीक्षक अनीता कुमारी समेत पांच गवाहों की गवाही हुई, वहीं बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाह प्रस्तुत किए गए। 28 जून 2024 को आरोप गठन के बाद महज एक साल के भीतर कोर्ट ने इस मामले में निर्णय सुनाया, जो न्यायिक प्रक्रिया की त्वरित गति को दर्शाता है।

दुष्कर्म के बाद हत्या कर लाश तालाब में फेंकने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। जिले के जाले थाना क्षेत्र अंतर्गत दोघरा गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ कथित रूप से गलत काम कर उसकी हत्या करने और शव को तालाब में फेंकने का आरोप लगा है। इस मामले में मृतका की मां द्वारा जाले थाना में गांव के तीन युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतका मुस्लिम समुदाय से है, जबकि आरोपी हिंदू समुदाय से संबंधित हैं। ऐसे में गांव में सांप्रदायिक तनाव की आशंका को देखते हुए एहतियातन भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

हालांकि सिटी एसपी अशोक कुमार ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया गैंगरेप की पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना बताया गया है। बताया गया कि दोघरा गांव निवासी की 15 वर्षीय बेटी शनिवार दोपहर घर से निकली थी। वह बकरी के लिए पत्ता लाने गई थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। अगले दिन रविवार को गांव के छौड़ाही तालाब में उसका शव तैरता हुआ मिला।

वैश्य महासम्मेलन में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन पूर्णिया प्रमंडल की एक आवश्यक बैठक जिले के रानीगंज एसएनभी महाविद्यालय में रोज रविवार को आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार पर एवं संगठन को मजबुत बनाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ-साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्वोत्तर बिहार के हवाई संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए पूर्णिया एयरपोर्ट को प्राथमिकता दिए जाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसके साथ ही साथ पूर्णिया में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना जल्द से जल्द हो, केंद्रीय विद्यालय का अपने भवन में शिफ्ट करने हेतु, जोगबनी रेलवे स्टेशन, पूर्णिया जंक्शन या पूर्णिया कोर्ट स्टेशन में वाशिंग पिट मशीन बिठाने के संबंध में जिससे जोगबनी से पूणियॉ के रास्ते अच्छी-अच्छी रेलगाड़ियों का परिचालन हो सके। साथ ही पूर्णिया जिला से एम्स को हटाकर के दरभंगा जिला में स्थापित करने का विरोध एवं जैसा पता चला है कि मखाना बोर्ड को भी पूर्णिया से हस्तांतरित कर दरभंगा ले जाया जा रहा है। इसके साथ-साथ एसबीआई के आंचलिक कार्यालय को भागलपुर में किराए के मकान पर शिफ्ट करना जबकि पूर्णिया में भारतीय स्टेट बैंक का अपना मकान है का विरोध किया गया के साथ ही साथ जोगबनी से पूर्णिया पूणियॉ के रास्ते दूर दराज के लिए जैसे दिल्ली, मुंमबई ,कोलकाता, चेन्नई एवं अन्य बड़े शहरों के लिए वंदे भारत जैसे एक्सप्रेस गाड़ी या उसके समकक्ष गाड़ियों का परिचालन करने के संबंध में इत्यादि विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया । बैठक की अध्यक्षता रानीगंज वैश्य संगठन के संयोजक सह वरिष्ठ वैश्य नेता राज कुमार साहा ने किया। मंच संचालन संगठन के बिधान सभा प्रभारी संजय कुमार महतो ने किया धन्यवाद ज्ञापन अपने ओजस्वी भाषण के साथ-साथ धन्यवाद ज्ञापन वैश्य नेता कृष्ण कुमार सेनानी ने किया।

गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर हमला, तीन जवान घायल

गांव में तनाव का माहौल, अतिरिक्त बल तैनात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। बिहार में पुलिस पर हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत मोकामा के मरांची थाना क्षेत्र का है, जहां एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर परिजनों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक दरोगा, एक एएसआई समेत कुल तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया गया, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया है।

घटना रविवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार, मरांची थाना की पुलिस एक पुराने मामले (कांड संख्या 14/2025) के आरोपी धनंजय सिंह उर्फ पोलु सिंह को गिरफ्तार करने उसके घर गई थी। इसी दौरान आरोपी और उसका बेटा छत की रेलिंग से नीचे गिर पड़े। घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। परिजनों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हमले में दरोगा आदर्श कुमार, एएसआई शैलेंद्र कुमार सिंह एवं एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए।



तीनों को इलाज के लिए मरांची प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर अभिलाषा कुमारी ने बताया कि एएसआई शैलेंद्र कुमार की हालत गंभीर है और उनके सिर में गहरी चोट आई है।

मरांची थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान उसके परिजनों एवं समर्थकों ने पुलिस टीम के साथ हाथापाई, धक्का-मुक्की और पथराव किया। उन्होंने कहा कि मामले में हमलावरों की पहचान की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। फिलहाल पूरे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

डायलिसिस यूनिट सुविधा शुरू

पटना। आज सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटना में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा डायलिसिस यूनिट में एक नवीन डायलिसिस मशीन का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा के आरंभ होने से किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को बेहतर और अधिक डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके माध्यम से प्रतिदिन पहले की तुलना में अधिक संख्या में मरीजों को डायलिसिस की सुविधा दी जा सकेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक (नेफ्रोलॉजी) डॉ. कौशल कुमार ने डायलिसिस प्रक्रिया की आवश्यकता और इसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार यह तकनीक किडनी रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होती है। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. यू.के. पेरूमाल, चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, मंडल रेल प्रबंधक (दानापुर) जयंत कुमार चौधरी सहित अस्पताल के प्रमुख विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

पूर्णिया में जनसुराज पार्टी को लगा झटका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। विधानसभा चुनाव से पहले पूर्णिया में जनसुराज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजीव राय बबली ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का दामन थाम लिया है। उनके साथ जनसुराज से जुड़े करीब 300 कार्यकर्ताओं ने भी बसपा की सदस्यता ग्रहण की। बसपा ने राजीव राय बबली को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करते हुए पूर्णिया विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया है।यह घोषणा रविवार को पूर्णिया के सिपाही टोला स्थित जलसा मैरिज हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक के दौरान की गई। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और नई जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर बसपा नेताओं ने गुलदस्ता और माला पहनाकर राजीव राय बबली का स्वागत किया।

राजीव राय बबली ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि वे पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने दावा किया कि आगामी एक माह में वे एक हजार नए लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बसपा को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर संगठन को विस्तार देना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बहन मायावती के सपनों को साकार करने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे।

बैठक में प्रदेश से आए कई वरिष्ठ बसपा नेताओं ने भाग लिया। इसमें पूर्व प्रभारी बलिराम प्रसाद, बिहार प्रदेश महासचिव सह जोन इंचार्ज शेखर आशुतोष कुमार, बिहार जोन इंचार्ज विकास रंजन और जिला सचिव सह कसबा विधानसभा प्रभारी कुमार साहेब उर्फ पिंटू यादव शामिल रहे।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने कहा कि पार्टी सीमांचल और कोसी क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनों ने की मुलाकात

सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाये जाने पर जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आज 1 अणे मार्ग में दिव्यांगजनों ने मुलाकात कर सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में ढाई गुणा से अधिक बढ़ोत्तरी किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। मुलाकात के क्रम में सबसे पहले दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं, आप सभी बुलंद रहिए। हमलोग सम्पूर्ण बिहार के विकास और हर तबके के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। आप सभी की जो भी जरूरतें होंगी उसे पूरा किया जाएगा। दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में एक ही फैसले से इतनी अधिक बढ़ोत्तरी कर आपने इतिहास बदलने का काम किया है। हम सब आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। आपके इस फैसले से हम सभी दिव्यांगजनों का मनोबल काफी बढ़ा है, आपका यह निर्णय एक क्रांतिकारी कदम है। हम सभी आपके साथ हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में इजाफा होने से उत्साहित दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री के समर्थन में नारेबाजी भी की। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 21 जून 2025 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में ढाई गुणा से अधिक इजाफा करने का निर्णय लिया। इस फैसले के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांग व्यक्तियों और विधवा महिलाओं को अब 400 रुपये की बजाय 1100 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस निर्णय से 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा, विधायक गुंजेश्वर साह, विधान पार्षद ललन सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व सांसद अनिल हेगड़े, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव संजय कुमार गिरि, जिला परिषद् के पूर्व सदस्य जसवीर कुमार सिंह, बिहार विकलांग अधिकार मंच के राज्य सचिव राकेश कुमार सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित थे।

बिहार में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु 10.30 करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार कृषि क्षेत्र के सतत विकास, किसानों की आय में वृद्धि तथा कृषि विविधिकरण को बढ़ावा देने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत कुल 10.30 करोड़ रुपये की राशि की निकासी एवं व्यय को स्वीकृति दी गई है। इसका उद्देश्य किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर कृषि में परागण की प्रक्रिया को मजबूत करना, मधु उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा किसानों की आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य के सभी जिलों में लागू की जाएगी जिससे व्यापक स्तर पर किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा। योजना के तहत किसानों को तीन प्रमुख घटकों मधुमक्खी बक्सा, मधुमक्खी छत्ता तथा मधु निष्कासन यंत्र एवं फूड ग्रेड कंटेनर पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। मधुमक्खी बक्से की इकाई लागत 4000 रुपये है जिस पर 2000 रुपये का अनुदान मिलेगा। मधुमक्खी छत्ते की लागत 2000 रुपये तय की गई है जिस पर 1000 रुपये का अनुदान मिलेगा। वहीं मधु निष्कासन यंत्र और दो फूड ग्रेड कंटेनर (प्रत्येक 30 किग्रा) की कुल लागत 20000 रुपये है जिसमें किसानों को 10000 रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी उपकरण राष्ट्रीय बागवानी मिशन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होंगे। मधुमक्खी बक्सों में ब्रुड चेंबर, क्वीन एक्सक्लूडर, इनर कवर, हनी चैंबर, टॉप कवर, स्टैंड एवं आठ फ्रेम होंगे। वहीं मधुमक्खी छत्तों में रानी, ड्रोन और वर्कर मधुमक्खियां, मोम और अन्य सहायक उपकरण दिए जाएंगे। इससे किसानों को आधुनिक तकनीकों से लैस किया जाएगा। श्री सिन्हा ने बताया कि यह योजना न केवल मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देगी, बल्कि फसलों की उत्पादकता में सुधार लाकर किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी। मधु एवं इससे संबंधित उत्पादों के प्रसंस्करण से किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। यह पहल आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव को दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन कराकर आरजेडी ने नैतिकता को किया तार-तार : राजीव रंजन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में आरजेडी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सजायाफ्ता लालू प्रसाद को आरजेडी का दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कराकर आरजेडी ने कौन सी नैतिकता पेश की है? उन्होंने आरजेडी से सवाल पूछते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार पर आरोप लगाने वाले नेता प्रतिपक्ष की नैतिकता आज कहां गई? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव लोगों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन हकीकत ये है कि लालू परिवार का पूरी तरह से आरजेडी पर कब्जा है और वो विशुद्ध रुप से एक पारिवारिक पार्टी है। लोगों को संविधान की मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले तेजस्वी यादव ने दरअसल संविधान की मर्यादा की धज्जियां उड़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इतनी व्यापक आलोचना के बाद एक बार फिर से लालू प्रसाद यादव को आरजेडी का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करना ये साबित करता है आरजेडी को राजनीतिक सूचिता की कोई परवाह नहीं है और परिवार के आगे सारे नियम कानून बेमानी हैं। तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की तरफ से यह तय हो गया है कि वो पंचायत का चुनाव तक नहीं लड़ सकते हैं ऐसे में वो किस मुंह से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का सिंबल अपने उम्मीदवार को बांटेंगे।

बिहार में हर 12 में एक व्यक्ति को मिल रहा सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सामाजिक सुरक्षा के लिए पेंशन योजनाएं संचालित करने का मुख्य उद्देश्य, वृद्ध, विकलांग, विधवा और अन्य जरूरतमंद नागरिकों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। बिहार सरकार समाज की पिछली पंक्ति के लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने और सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने के लिए कोई एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन योजनाओं का सफलता से क्रियान्वयन कर रही है। सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी इन योजनाओं के आकार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बिहार में हर 12 में एक व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन योजना से लाभान्वित हो रहा है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी न केवल महान शिक्षाविद, प्रख्यात वक्ता और समाजसेवी थे, बल्कि वे भारत की एकता और अखंडता के सच्चे प्रहरी और राष्ट्रभक्ति के अप्रतिम प्रतीक थे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र भारत के पहले गैर-कांग्रेसी मंत्री बने और उन्होंने चितरंजन रेल इंजन कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज निर्माण संयंत्र तथा बिहार में खाद कारखाना जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थानों की स्थापना में निर्णायक भूमिका निभाई। वे गांधी और नेहरू जी की तुष्टीकरण की नीति के मुखर विरोधी थे और देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान की भावना के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। डॉ. मुखर्जी की 1953 में हुई रहस्यमय मृत्यु को एक बलिदान बताते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि यह सिर्फ एक मृत्यु नहीं, बल्कि भारत की एकता के लिए दी गई कुर्बानी थी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत आज सामरिक, आर्थिक और तकनीकी रूप से सशक्त राष्ट्र बन चुका है। देश रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर हो रहा है, दूध उत्पादन में विश्व में पहले स्थान पर है और मोबाइल निर्माण में तीसरे स्थान पर। उन्होंने कहा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में भी तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने संकल्प लिया कि विकसित भारत के निर्माण में भाजपा कार्यकर्ता तन-मन से समर्पित रहेंगे।

मेरी जान को खतरा, सुरक्षा बढ़ाई जाए : तेज प्रताप यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए अपनी जान को खतरा बताया है। उन्होंने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। तेज प्रताप यादव ने कहा कि हमें अपनी जान का खतरा है, हमारे दुश्मन हर तरफ फैले हैं। मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाए, वरना कुछ भी हो सकता है। दरअसल, सोमवार को लालू प्रसाद यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपने परिवार के साथ औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल किया, लेकिन इस दौरान तेज प्रताप यादव को वहां जाने की इजाजत नहीं थी। इसके बाद मीडिया के सामने आकर तेज प्रताप यादव ने अपने दर्द को बयां किया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि हमारा स्टैंड बिल्कुल क्लियर है, हम अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटेंगे जो लोग भी चार-पांच मिलकर मेरे जीवन को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं, चाहे उन्होंने मेरे निजी जीवन को उजागर करने की कोशिश की हो, उन लोगों को मैं नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि उन्हें जान-बूझकर निशाना बनाया गया। चार-पांच लोग जो मुझे लंबे समय से घेरने की साजिश रच रहे थे, उन्होंने मिलकर मेरी निजी जिंदगी को बर्बाद करने की ठानी थी। तेज प्रताप ने कहा कि पार्टी से निकाले जाने का फैसला किसी एक व्यक्ति का नहीं था, बल्कि एक पूरा समूह इसके पीछे था।

बंधन बैंक ने बिहार और झारखंड में खोलीं 10 नई ब्रांच, 4 राज्यों में कुल 18 ब्रांच खुलीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसने बिहार और झारखंड में दस नई ब्रांच शुरू की है। बैंक ने 4 राज्यों में कुल 18 नई ब्रांच खोली हैं जिनमें आंध्र प्रदेश में पांच और ओडिशा में तीन ब्रांच शामिल हैं। इन ब्रांचों का उद्घाटन बंधन बैंक के एमडी और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, जैसे इडी और सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर और इडी और सीओओ रतन कुमार केश के साथ मिलकर किया। बिहार में नई ब्रांच पश्चिमी चंपारण (चनपटिया ब्रांच), नवादा (रजौली ब्रांच) और औरंगाबाद (नबीनगर ब्रांच) में खुली हैं। वहीं, झारखंड में सरायकेला-खरसावां (चांडिल ब्रांच), रांची (मेसरा ब्रांच, कांके ब्रांच), हजारीबाग (बरकागांव ब्रांच), गिरिडीह (बगोदर ब्रांच, धनवार ब्रांच) और बोकारो (गुमिया ब्रांच) में नई ब्रांच खुली हैं। ये सभी नई ब्रांच राज्य के ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी इलाकों में सेवाएं देंगी। ब्रांच नेटवर्क का यह विस्तार बैंक की विविधिकरण और देश भर में मजबूत उपस्थिति स्थापित करने की रणनीति के अनुरूप है। अपनी पहुंच बढ़ाकर, बैंक ग्राहकों के लिए इनोवेटिव बैंकिंग समाधानों को और अधिक सुलभ बना रहा है। बैंक अब बिहार और झारखंड में 855 से अधिक आउटलेट्स और पूरे भारत में 6300 से ज्यादा बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को सेवा देगी। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप अपने उत्पादों और सेवाओं को ढालते हुए उन्हें श्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी क्रम में हम चार राज्यों में 18 नई ब्रांच खोलने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं जिसमें बिहार और झारखंड में 10 नई ब्रांच शामिल हैं जिससे हमारे नेटवर्क को ग्राहकों को और अधिक कुशलता से सेवा देने में मजबूती मिलेगी। जैसे-जैसे हम देशभर में विस्तार कर रहे हैं, हम स्थायी विकास और बदलते उम्मीदों को पूरा करने वाले इनोवेटिव, लचीले समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बंधन बैंक वर्तमान में देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में फैला हुआ है।

भाजपा नेताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी के अन्य नेताओं ने अटल सभागार में आयोजित बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिलीप जायसवाल ने मौके पर कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कश्मीर को लेकर चाहते थे कि देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान हो। उन्होंने कहा कि हम लोग बोला करते थे- 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। आज धारा 370 हटा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को इससे बड़ी श्रद्धांजलि कुछ भी नहीं हो सकता है। दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज हम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पदचिन्हों पर पश्चिम बंगाल और उत्तर बंगाल को देख रहे हैं जिसको चिकन नेक कहते हैं जिसमें हमारा किशनगंज जिला भी था, ये सब पाकिस्तान में जा रहा था। उन महापुरुषों की सोच की वजह से आज हम भारतीय कहलाने के लायक रह गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद कहता हूं कि उन्होंने धारा 370 हटाकर इस देश की संप्रभुता का सम्मान करने का काम किया है। बिहार प्रदेश भाजपा कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित 'बलिदान दिवस' कार्यक्रम में दिलीप जायसवाल के साथ पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और कार्यक्रम प्रभारी बिहार भाजपा अमृत भूषण मौजूद थे।

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का दो दिवसीय आयोजन संपन्न

तैलिक साहू समाज को बांटना बंद करें, उचित राजनीतिक हकदारी मिले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना एक ऐतिहासिक बैठक का पटना गवाह बना। 18 राज्यों के प्रतिनिधि पटना में जुटे। करीब 30 साल बाद पटना में हो रहा अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का दो दिवसीय आयोजन रविवार को संपन्न हो गया। खचाखच भरे बीआईए हॉल में केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि तैलिक साहू समाज का बेटा आज देश का नेतृत्व कर रहा है, यह सबके लिए गर्व का विषय है। एकता में बहुत बल होता। इसलिए हम सबको साथ लेकर चले, तभी समाज और राष्ट्र तरक्की करेगा। उन्होंने कहा तैलिक साहू समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। लोकतंत्र में उचित राजनीतिक भागीदारी हर समाज के लिए जरूरी होता है। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा नई दिल्ली के अधिवेशन में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर ने कहा कि अब तैलिक साहू समाज के लोग अपने नाम के आगे तेली लिखें। कमलापुरी, जौनपुरी, जनकपुरी जैसे उपनाम लिखने से मुश्किल होती है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार नंदन ने कहा कि जनसंख्या के अनुपात में तैलिक साहू समाज को राजनीतिक हक चाहिए जो अधिक से अधिक साहू समाज को टिकट देंगे हम उनके साथ हैं। बिहार में तेली साहू समाज की आबादी 70 लाख है। बावजूद नौ विधायक ही हैं। हमें यह हकमारी बर्दाश्त नहीं है। धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि तेली समाज मेहनत और संघर्ष के दम पर आगे बढ़ने वाला समाज है। इस समाज को कोई दबा नहीं सकता है। हमें ऐसी परिस्थिति पैदा करनी चाहिए कि दल के लोग हमारे पास आए और हमारे समाज के लोगों को टिकट दें।

नारायण रेकी परिवार ने जरूरतमंदों के बीच बांटी पेय सामग्री



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राम राम व नारायण नारायण के मंत्र से गुरू मां के चरणों में शत शत नमन करते हुए नारायण रेकी परिवार पटना बिहार की महिला सदस्यों में लगातार 11 दिनों तक राजधानी पटना के विभिन्न स्थानों पर रह रहे लोगों के बीच पेय पदार्थ जैसे सत्तु, मैंगो जूस, शरबत, शिकंजी, जलजीरा, लस्सी सहित अन्य पेय सामग्री के साथ समोसा व टीसर्ट बांटा। गर्मी के मौसम में खाने व पीने का समान के साथ टीसर्ट पाकर बहुत खुश हुए। इसकी जानकारी देते हुए पटना टीम की समन्वयक सरिता सुरेका ने बताया कि उमस भरी झुलसती गर्मी से थोड़ी सी राहत मिले इस उद्देश्य से पटना नारायण रेकी सत्संग परिवार की ओर से ग्यारह दिवसीय द्रव्य पेय पदार्थों (लस्सी,सतू पानी, सिकंजी, फल इत्यादि) का वितरण लगभग 300 से 350 मजदूर वर्ग को प्रतिदिन वितरण किया गया। उनकी गुरू मां राज दीदी इस तरह की सेवा भावना से ओतप्रोत करने का श्रेय नारायण और आपको देते हैं। उनके बताये मार्ग पर सदैव चलें और सप्तसितारा जीवन हो हम सभी का ऐसा आशीर्वाद मिले।

महाप्रबंधक ने किया सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के डायलिसिस यूनिट में एक नवीन डायलिसिस मशीन का शुभारंभ किया गया। इस नवीन डायलिसिस मशीन के चालू होने से और अधिक किडनी रोग पीड़ित मरीजों को डायलिसिस की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इससे प्रतिदिन पहले से ज्यादा किडनी के मरीज लाभान्वित हो सकेंगे। इस अवसर पर डा. कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक/नेफ्रो के द्वारा किडनी रोग मरीजों के बारे में जानकारी दी गई और उनके इलाज में डायलिसिस विधि से उनकी स्वास्थ्य में सुधार के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. यू.के.पेरूमाल, चिकित्सा निदेशक, सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलियटी हॉस्पिटल डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी एवं सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे।

20 वर्षों में दूध एवं मछली का उत्पादन तीन गुना, अंडे का साढ़े चार गुना बढ़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार के कृषि रोड मैप से पशुजनित उत्पादों के उत्पादन में अच्छी वृद्धि हुई है। इससे राज्य में दूध, अंडा, मांस और मछली उत्पादन में भारी वृद्धि देखने को मिली है। इसके कारण मछली के उत्पादन में बिहार अब आत्मनिर्भर हुआ है। मछली का उत्पादन 2.68 लाख मीट्रिक टन (2005 से पहले) से बढ़कर 8.73 लाख मीट्रिक टन (2023-24) हो गया। इस तरह से करीब 20 वर्षों में मछली का उत्पादन बिहार में तीन गुना से अधिक बढ़ चुका है। वहीं दूध उत्पादन 2004-05 के 4,743 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर जो बढ़कर अब (2023-24) 12,852.99 हजार मीट्रिक टन हो गया है। अंडा उत्पादन 79 करोड़ (2004-05) से बढ़कर 344 करोड़ (2023-24) तक पहुंच गया है। जबकि मांस उत्पादन 176 हजार टन (2004-05) से बढ़कर 404.30 हजार टन (2023-24) हो गया है। बीते करीब 20 वर्षों में इन उत्पादों के उत्पादन में हुई तेजी से वृद्धि बिहार के विकास को बताती है। इसके कारण राज्य के लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिला है।

जन सुराज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया स्वास्थ्य मंत्री के सरकारी आवास का घेराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटन। जनसुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के सरकारी आवास का घेराव किया। दिन के करीब 12 बजे जन सुराज के नेता और कुछ कार्यकर्ता मंगल पांडेय के आवास के बाहर पहुंचे। बाद में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्री के घर के बाहर जन सुराज के कार्यकर्ता लगातार नारे लगा रहे थे। पुलिस के आने पर जन सुराज के कार्यकर्ता वहीं सड़क पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। मौके पर स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं बढ़ती भीड़ और तनाव को देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पकड़ कर थाने भेज दिया। पुलिस जब नेताओं और कार्यकर्ताओं को लेकर सचिवालय थाना पहुंची तो सचिवालय थाना परिसर में ही जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरु कर दी। प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को जब एयरपोर्ट थाना भेजा जा रहा था उसी दौरान सचिवालय थाने के बाहर भारी संख्या में जुटे जन सुराज कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की होती रही। इस दौरान पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। पुलिस ने कहा है कि स्थिति नियंत्रण में है और कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जन सुराज पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। बताया गया कि जन सुराज के इस विरोध प्रदर्शन का कारण प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर था। कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकार सिर्फ घोषणाएं करती है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभा-कक्ष में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग प्रशिक्षक पुष्कर कुमार कौनडिया के द्वारा योग का अभ्यास कराया गया एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार ने बताया कि योग का हमारे जीवन में बहुत ही अधिक महत्व है एवं शरीर को स्वस्थ रखने में नियमित योग अभ्यासों का अच्छा प्रभाव होता है। इन्हीं कारणों से भारत की इस योगदान को दुनिया भर में लोगों द्वारा सीखा जा रहा है एवं इसे दैनिक जीवन में उतारा जा रहा है। साथ ही योग करने से शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का संचार होता है जिससे शरीर में काम करने की क्षमता में वृद्धि होती है। इस सिलसिले में उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग अपनी व्यस्ततम जीवन शैली में रोजाना कुछ समय निकालकर सुबह के समय में योग अवश्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि नियमित योग अभ्यास से कई लाइफ स्टाइल बीमारियां जैसे- ब्लडप्रेशर, डाइबीटिज, थायराइड, बैकपेन की समस्या इत्यादि को काबू में रखा जा सकता है तथा तनावमुक्त भी रहा जा सकता है।

संपादकीय

बम, बदला और बेबस इंसान...

कोई दो राय नहीं कि युद्ध हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। दो देशों के बीच प्रतिशोध की आग बेकसूर नागरिकों को ही झुलसाती है। दुनिया ने यह दृश्य कई बार देखा है। युद्ध के उन्माद में संवेदना खत्म हो रही है। इजराइल व ईरान एक-दूसरे के ठिकानों पर हमला करने में अमानवीयता की सारी हदें लांघ रहे हैं। ईरान ने समूची नैतिकता को ताक पर रखते हुए इजराइल के मुख्य अस्पताल को निशाना बनाया है। ज्यादा दिन नहीं हुए जब इजराइल ने युद्ध के सभी नियमों को ताक पर रख कर दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला कर कई लोगों को जख्मी कर दिया था। युद्ध की आग में गाजा को लगातार झुलसाने वाले इस देश को गुरुवार तड़के ठीक उन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। कोई दो राय नहीं कि युद्ध हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। दो देशों के बीच प्रतिशोध की आग बेकसूर नागरिकों को ही झुलसाती है। दुनिया ने यह दृश्य कई बार देखा है। सैन्य हमले के दौरान इजराइल ने कभी नहीं देखा कि वह शरणार्थी शिविरों पर बम गिरा रहा है या अस्पतालों पर।

नागरिक ठिकानों पर कितनी मौतें होंगी और बच्चों-महिलाओं तथा बुजुर्गों पर क्या गुजरेगी। उसे कभी मानवीय संवेदना की परवाह नहीं रही। दूसरी ओर इजराइल के भीषण हमले के जवाब में ईरान की सैन्य कार्रवाई से साबित हो गया कि वह भी उतना ही असंवेदनशील है। दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल को निशाना बना कर उसने स्पष्ट कर दिया कि वह भी युद्ध नियमों को नहीं मानता। कुछ मिसाइलें इमारतों पर गिरीं, जिससे कई नागरिक घायल हो गए। ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बता कर इजराइल ने जिस तरह से उसके साथ युद्ध छेड़ा है, इसके नतीजे बेहद गंभीर हो सकते हैं। दुनिया के बड़े हिस्से में इसका असर दिख सकता है। ईरान की इस चेतावनी को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि अगर अमेरिका युद्ध में कूदा तो भीषण तबाही होगी। तेहरान खाली करने की अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी और ईरानी नेतृत्व के बयान से लगता है कि इजराइल के साथ उसका सैन्य टकराव तीक्ष्ण रूप से बढ़ गया। यूएस ने आखिरकर ईरान की न्यूक्सियर साइट को ध्वस्त कर दिया है। स्वाभाविक है कि इस युद्ध के जख्म गहरे होंगे। इसकी कीमत वे नागरिक ही चुकाएंगे, जिनका युद्ध से कोई संबंध नहीं। न जाने कितने बच्चे अनाथ होंगे।

यह भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत है। इससे यह साफ होता है कि भारत के विरोधी देश, दूसरे देशों की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, यह बात तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की गत दिनों कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई और आपसी द्विपक्षीय रिश्तों को पुनः पटरी पर लाने के लिए बहुत ही सकारात्मक माहौल में बात हुई। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात को आधारभूत बताया था। इसका मतलब है कि दोनों देश पिछली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हालांकि, भारत पिछली बातों को भूलने वाला नहीं है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच में कई रणनीतिक करार भी किये गए हैं, ताकि आपसी भरोसा और कारोबार दोनों बढ़े।

आखिर कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते के वैश्विक मायने क्या हैं?

(कमलेश पांडे)

उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है। कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते दोनों देशों के लिए परस्पर लाभदायी हो सकते हैं, क्योंकि दोनों देश अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय महाशक्ति के निशाने पर हैं। एक ओर जहां कनाडा को अमेरिका अपने राज्य में मिलाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर भारत को अमेरिका विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नीचा दिखाना चाहता है, ताकि उसकी वैश्विक दादागिरी बरकरार रहे। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में एक नया मोड़ आ गया है और लगभग दो साल की तनातनी के बाद, कनाडा ने एक बड़ा खुलासा किया है।

कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने स्वीकार किया है कि कनाडा में बैठे खालिस्तानी चरमपंथी (आतंकवादी) भारत के खिलाफ हिंसा, प्रचार और फंड इकट्ठा करने के लिए उसकी धरती का इस्तेमाल कर रहे हैं। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी (अलगाववादी) कनाडा से भारत के खिलाफ गतिविधियां चला रहे हैं। साल 1980 के दशक से ही कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों ने हिंसक तरीके से पंजाब में एक स्वतंत्र सिख राज्य बनाने के लिए अभियान चलाया है।

इस रिपोर्ट में 1985 के एयर इंडिया बम धमाके का भी जिक्र है। जिससे भारत के उस दावे को बल मिला है, जिसमें वह कहता रहा है कि कनाडा आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। सीएसआईएस ने यह खुलासा किया कि पाकिस्तान, कनाडा में भारत के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत है। इससे यह साफ होता है कि भारत के विरोधी देश, दूसरे देशों की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, यह बात तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की गत दिनों कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई और आपसी द्विपक्षीय रिश्तों को पुनः पटरी पर लाने के लिए बहुत ही सकारात्मक माहौल में बात हुई।

इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात को आधारभूत बताया था। इसका मतलब है कि दोनों देश पिछली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हालांकि, भारत पिछली बातों को भूलने वाला नहीं है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच में कई रणनीतिक करार भी किये गए हैं, ताकि आपसी भरोसा और कारोबार दोनों बढ़े। इस हेतु राजदूतों की भी नियुक्ति कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है। बहरहाल, सीएसआईएस ने भी यह मान लिया है कि पाकिस्तान, कनाडा की धरती से भारत के खिलाफ जारी गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। बता दें कि पीएम मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान खालिस्तानी समूहों ने उनको लेकर धमकियां देने तक की हिमाकत की थी।

ऐसे में सीधा सवाल उठता है कि क्या बिना कनाडा में उनसे सहानुभूति रखने वालों के शह और पाकिस्तान की बैकिंग के वह इतनी हिम्मत कभी जुटा पाते? इसलिए पूरक प्रश्न यही है कि जब कनाडा ने मान लिया कि पाकिस्तान-खालिस्तानियों की जुगलबंदी से उसकी धरती से भारत के खिलाफ हिंसक साजिशों को अंजाम दिया जा रहा है तो फिर उससे भारत



क्या उम्मीदें कर सकता है? यही न कि कनाडा आतंकवादियों को भारत के हवाले करे, खालिस्तानी नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करे और अलगाववाद को आतंकवाद माने। वहीं, इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, भारतीय अधिकारी जिनमें उनके कनाडा स्थित प्रॉक्सी एजेंट भी शामिल हैं, वे कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। उनका उद्देश्य कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करना है। इसमें दावा किया गया है कि जब ये गतिविधियां भ्रामक, गुप्त या धमकी देने वाली होती हैं, तो उन्हें विदेशी हस्तक्षेप माना जाता है। हालांकि, भारत पहले से ही कनाडाई अधिकारियों की ओर से लगाए जाने वाले इस तरह के आरोपों को खारिज करता रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के लिए सबसे बड़ा खुफिया खतरा चीन है। रिपोर्ट में इसके अलावा पाकिस्तान, रूस और ईरान का भी नाम लिया गया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हरदीप सिंह निज्जर मामले से भारत सरकार और आपराधिक नेटवर्क के बीच संबंधों का पता चला है। इसमें कहा गया कि खालिस्तानी उग्रवाद कनाडा में भारतीय विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने निज्जर की मौत में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार किया है और कनाडा की ओर से लगाए गए हस्तक्षेप के आरोपों को भी खारिज किया है।

बता दें कि साल 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के संबंधों में तीखी तनातनी देखी गई थी। कनाडाई अधिकारियों ने इस हत्या को भारतीय सरकार के हस्तक्षेप से जोड़ा, जिसका भारत ने खंडन करते हुए इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताया था। भारत ने इसके जवाब में कनाडा पर खालिस्तानी चरमपंथियों को पनाह देने और उनकी गतिविधियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

यक्ष प्रश्न है कि अब पाकिस्तान के साथ खालिस्तानियों की जुगलबंदी का क्या होगा, क्योंकि आतंकवाद पर कनाडा के कबूलनामे को भारत की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में बदलाव आया है, इससे खालिस्तानियों की बेचैनी बढ़ जाएगी। क्योंकि भारत ने कनाडा से साफ कहा है कि वह आतंकवादियों को सौंपे और खालिस्तानी नेटवर्क को खत्म करे। भारत ने 26 आतंकवादियों को सौंपने के लिए कहा है, जिनमें से सिर्फ 5 पर ही कार्रवाई हुई है।

उम्मीद है कि इस मामले में कनाडा अब कार्रवाई करके दिखाएगा। इनमें अर्श डल्ला का मामला भी शामिल है, जिस पर भारत में 50 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। डल्ला को कनाडा की अदालत ने जमानत भी दे दी थी। भारत ने कनाडा से यह भी कहा है कि वह भगोड़ों को गिरफ्तार करे और रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करे। लेकिन, कई मामलों में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे भारत नाराज है। हालांकि, कार्नी के लिए यह मुश्किल है कि वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक सिखों को नाराज किए बगैर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करें। कारण कि वर्ल्ड सिख ऑर्गनाइजेशन जैसे संगठन कनाडा में काफी प्रभावशाली हैं। इसलिए, कनाडा के लिए आतंकवादियों पर कार्रवाई करना उतना आसान भी नहीं है। जस्टिन ट्रुडो की सरकार में तो इसीलिए ऐसे भारत-विरोधी संगठन पूरी तरह से हावी हो चुके थे। हालांकि, राजनीतिक रूप से कार्नी उनको लेकर इतने मोहताज भी नहीं हैं, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि भारतीय मूल के कनाडाई अलगाववादी वहां बहुत बड़े वोट बैंक बन चुके हैं। फिर भी, उम्मीद की किरण बची हुई है। क्योंकि दोनों देश आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर बात कर रहे हैं।

दरअसल, बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत का संदेश साफ है, अब और ज्यादा दोहरा रवैया किसी भी देश का नहीं चलेगा। भले ही कनाडा उदारवाद और बोलने की आजादी की बात करता है, लेकिन भारत के खिलाफ हिंसा करने वालों पर आंखें भी मूंदे नहीं रह सकता। यही वजह है कि कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात खत्म होते ही कहा, अभी बहुत काम करना बाकी है। भारत के लिए यह एक बड़ी जीत है कि दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात के बाद ही कनाडा की खुफिया एजेंसी भी अब भारत के दावों को स्वीकारने लगी है। एक तरह से यह कहा जा सकता है कि यह खालिस्तान समस्या का अंत तो नहीं है, लेकिन कनाडा की धरती पर इसकी शुरुआत हो चुकी है।

स्पष्ट है कि यदि आप अमेरिका को कमजोर करना चाहते हैं तो कनाडा में आपकी स्थिति स्वाभाविक रूप से मजबूत होनी चाहिए। इससे आप अमेरिका की विभिन्न गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे, लेकिन ऐसा आप खुल्लमखुल्ला नहीं कर सकते! बल्कि छिपे रुस्तम के तौर पर ही कर सकते हैं। प्रायः ऐसी घाती-प्रतिघाती रणनीति दुनिया के परस्पर प्रतिस्पर्धी देश अपने जासूसों और उनके नेटवर्क में शामिल लोगों के मार्फत बनाते-बनवाते ही रहते हैं। कुछ यही वजह है कि अमेरिका के प्रबल प्रतिद्वंद्वी देशों यथा- चीन, रूस, भारत, ईरान आदि देशों की अभिरुचि कनाडा में बढ़ चुकी है। हालांकि, कनाडा सरकार इससे सावधान भी है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के बीच बदलते रिश्तों से निम्नलिखित पांच बातें स्पष्ट होती दिखाई दे रही हैं, जिनके अपने वैश्विक मायने हैं। पहला, कनाडा की खुफिया एजेंसी ने माना है कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। दूसरा, सिख अलगाववादी समूहों की धमकियों के बावजूद, पीएम नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई, जो धमकियों पर कूटनीति की जीत करार दी जा सकती है।

फिर लहराया देश का कूटनैतिक परचम

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

समूची दुनिया में जंग के हालात पैदा होते जा रहे हैं। कहीं सत्ता के लिए गृह युद्ध की परिस्थितियां हैं तो कहीं पडोसियों के साथ संघर्ष का माहौल है। कहीं वर्चस्व की लडाई हो रही है तो कहीं अहंकार का परचम फहरा रहा है। ऐसे में व्यक्तिगत जीवन को विलासता के हिडोले पर पहुंचाने के लिए विदेशों में जाकर नौकरियां करने से लेकर शिक्षा लेने वालों की भीड अब देश के लिए संकट बनती जा रही है। स्वयं के निर्णय पर परदेश जाने वाले जब वहां संकट में घिर जाते हैं तब उनके परिजनों से लेकर विपक्षी नेताओं तक का दबाव सरकार पर डाला जाने लगता है। सुरक्षित वापसी का जिम्मा सरकार पर थोपा जाता है। इन प्रयासों में आने वाला खर्च भी टैक्सदाताओं की खून-पसीने की कमाई से चुकाया जाता है। विदेश नीति के तहत सरकार के कूटनैतिक प्रयास तेज किये जाते हैं। अतीत गवाह है कि रूस-यूक्रेन जंग में वहां से भारतीयों को निकालने में सरकार को भारी मसक्कत का सामना करना पडा था। उस दौरान नापाक धरती के वासिन्दों तक ने भारतीय झंडे की आड में सुरक्षित वापिसी की थी। उसकी पुनरावृत्ति एक बार फिर हो रही है। इजरायल-ईरान युद्ध छिड गया। वहां पर फंसे लोगों को निकालने का एक बार फिर दबाव बनाया गया। सरकार ने 'आपरेशन सिंधु' के तहत कूटनैतिक प्रयासों से लेकर निजी संबंधों तक की दुहाई दी। परिणामस्वरूप केवल भारतीयों के लिए ही ईरान से एयर स्पेस खोला। वहां के भारतीय दूतावास के माध्यम से नागरिकों को पहले अर्मेनिया और फिर कतर के रास्ते स्वदेश लाया गया था किन्तु अब ईरान की महन एयर की चार्टेर्ड प्लाइट्स का उपयोग किया जा रहा है। अभी तक तीन चरणों में लोगों की वतन वापिसी हुई है।

दहशत के माहौल से वापिस आने वालों ने देश में पहुंचते ही सरकार को सुख-सुविधाओं की सूची पकडा दी। घरों तक पहुंचने के लिए बसों से यात्रा नहीं करेंगे, हवाई यात्रायें उपलब्ध कराई जायें, आरामदायक विश्राम हेतु आवास दिया जाये, मनचाहा भोजन कराया जाये। जम्मू-कश्मीर स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर ईरान से सुरक्षित वापिस लाये गये छात्रों की चार दिन की यात्रा को थकाऊ बताया तथा उन्हें बसों के स्थान पर हवाई यात्रा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने तो सरकार पर वापिस आये लोगों के पुनर्वास तथा पढाई का जुम्मा तक थोप दिया। वंशानुगत चलने वाले कुछ राजनैतिक दलों के कद्दावर नेताओं और राष्ट्रविरोधी अभियानों का कथित नेतृत्व करने वाले संगठनों व्दारा मानवता, स्वाधीनता और अधिकार के नाम पर अशान्ति फैलाने के लिए हमेशा से ही प्रयास किये जाते रहे हैं। कभी जातिवाद का जहर घोला जाता रहा है तो कभी सम्प्रदायवाद की बारूद सुलगाई गई। कभी भाषा को मुद्दा बनाया तो कभी क्षेत्रवाद की खाई चौडी की गई। सकारात्मक परिणामों पर भी लाल स्याही फैलाने वाले लोग तो सीमापार बैठे अपने आकाओं के इशारों पर पूर्ववत विष वमन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कश्मीर से हिन्दुओं को भगाने वाले कट्टरपंथी परिवारों के हजारों छात्र वर्तमान में तेहरान, शीराज और कुम जैसे शहरों की शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश लिए हुए हैं। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार वहां के उरमिया विश्वविद्यालय सहित अनेक संस्थान कट्टरता के लिए कुख्यात हैं जिनमें तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ मजहबी तालीम के नाम पर जेहाद की ट्रेनिंग भी दी जाती है। देश में सक्रिय अनेक आतंकवादी संगठन अपने युवा सदस्यों को पढाई के नाम पर ईरान जैसे देशों में भेजकर प्रशिक्षिण दिलवाते हैं। वहां पर अत्याधुनिक हथियारों को चलाने, घातक बम बनाने तथा साइबर उपकरणों की प्रयोगात्मक शिक्षा दी जाती है। एक्सपोजर विजिट के नाम पर अन्य कट्टरपंथी देशों की यात्रायें भी करायी जातीं हैं जहां आतंकी संगठनों के उनका सीधा सम्पर्क हो जाता है। एक ओर देश के अन्दर राष्ट्रद्रोहियों की गतिविधियां सुनियोजित षडयंत्र के तहत चल रहीं है वही दूसरी ओर वर्तमान परिस्थितियों में भारत की विदेश नीति, कूटनीति और व्यवहारिक नीति दुनिया भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां इजरायल-हमास, इजरायल-ईरान और रूस-यूक्रेन जैसे युद्ध लम्बे समय से चल रहे हैं वहीं भारत ने पाकिस्तान को चन्द घंटों में ही सबक सिखाकर अपना परचम फहरा दिया। दुनिया के चौधरी बनने का सपना सजोने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आइना दिखाया। उनकी मध्यस्थता वाली घोषणा को सिरे से नकारा। उनके आमंत्रण को पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं का हवाला देकर अपना इरादा जाहिर कर दिया। ऐसा ही संकेत तुर्किये को दिया। उसके शत्रु देश साइप्रस की देश के प्रधानमंत्री ने चौंकाने वाली यात्रा की। वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ एक छत से पहाडियों को निहार कर वहां की विवादास्पद धरती के प्रति अपनी नीति उजागर कर दी। वैश्विक स्तर पर भारत की उभरती छवि से जहां अनेक विकसित राष्ट्रों के सीने पर सांप लोट रहे हैं वहीं उन राष्ट्रों के लिए काम करने वाले मीरजाफरों की जमातें आन्तरिक कलह के लिए देश के अन्दर धरातल तैयार करने में जुटीं हैं। चन्द सिक्कों, झूठे सम्मान और खोखले दबदबे के लालच में जमीर का सौदा करने वाले लोग तो सरकार के प्रत्येक कार्य को नकारात्मकता के लबादे में ढककर पेश करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वर्तमान में ईरान से लौटे कश्मीरी छात्रों व्दारा पैदा किया गया घटनाक्रम इसी मानसिकता की एक और बानगी है।

श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस - साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो खुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मी- सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। भारत मई से ही हीटवेव का सामना कर रहा है। उत्तर भारत के कई राज्यों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। ऐसा लग रहा है मानो आग बरस रही हो! मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं। इस धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है। थिंक टैंक काउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वायरनमेंट एंड वाटर यानी सीईईडब्ल्यू ने मई 2025 में एक स्टडी प्रकाशित की, जिससे पता चलता है कि भारत के 57 फीसदी ज़िले, जिनमें देश की लगभग 76 फीसदी आबादी रहती है, मौजूदा समय में भयानक गर्मी की चपेट में हैं।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस - साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो खुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।



वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है। गर्मी की वजह से मजदूर दिन भर काम नहीं कर पा रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से लोगों का रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट-द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं। विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में 2000-2004 और 2017-2021 के बीच भीषण गर्मी के कारण होने वाली मौतों में 55 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। गर्मी की चपेट में आने से 2021 में भारतीयों के बीच 167.2 बिलियन संभावित श्रम घंटे का नुकसान हुआ। इसकी वजह से देश की जीडीपी के लगभग 5.4 प्रतिशत के बराबर आय का नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी. रामासुब्रह्मण्यन ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण होने वाली मौतों की रपट का संज्ञान ले और राज्यों को निर्देश दे। जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा। एनसीआरबी की रपट के मुताबिक, 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण देश में 3798 लोगों की मौतें हुईं। मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को जारी पत्र में लिखा है कि गर्मी और लू की लहरों के प्रभाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यानी एनडीएमए के दिशा-निर्देशों का प्रभावी तौर पर पालन करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके। बहरहाल बीते कई वर्षों से प्रशासन ने मौसम की चरम स्थितियों में नियोक्ताओं के लिए कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मसलन-ऐसे तपतपाए दिनों में दोपहर 12.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक खुले में काम कराने पर रोक लगाई गई है।

उपायुक्त आर. रॉनिटा ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और कवरेज बढ़ाने हेतु दिए गए आवश्यक निर्देश

खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी प्रखंडों में ममता वाहन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा इनका शत-प्रतिशत संचालन हो। नेशनल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के तहत बीसीजी समेत सभी आवश्यक टीकों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी जाँच में भी शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों (एमओआईसी) को वीएचएसएनडी दिवस पर स्थल निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। संस्थागत प्रसव की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि घरों में प्रसव की प्रवृत्ति पर पूर्णतः रोक लगाई जाए और सभी प्रसव संस्थागत रूप से ही कराए जाएँ। एमटीसी केंद्रों में बेड अक्यूपेंसी शत-प्रतिशत बनाए रखने, सेक्स रेशियो में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने, और टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर सैंपल कलेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सैंपल की शीघ्र जांच कर चिन्हित मरीजों का तत्काल उपचार शुरू करने को कहा गया। उपायुक्त ने मलेरिया व कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रोगी पहचान एवं जांच कार्य में तेजी लाने, कैटरैक्ट ऑपरेशन, तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण में योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में ठदअर (हेल्थ सब सेंटर-अअट) से संबंधित आवश्यक मानकों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने अस्पतालों में पूर्ण एवं लंबित फिजिकल असेसमेंट की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और उसकी प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने अस्पतालों की स्वच्छता, मरीजों के लिए सुगम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, उचित बैठने की व्यवस्था, और होम गार्ड की आवश्यकता अनुसार प्रतिनियुक्ति की बात कही। बैठक में सिविल सर्जन, डीडीएम, डीपीएम, बीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सक तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से जुड़े मामलों की विभागीय समीक्षा बैठक

खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता मेंआज समाहरणालय स्थित सभागार में राजस्व संग्रहण, राजस्व विभाग एवं भू-अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता श्री परमेश्वर मुण्डा, डीसीएलआर श्री अरविंद कुमार सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खनन, उत्पाद, नगर पंचायत, मत्स्य, अवर निबंधक, श्रम, राजस्व समेत अन्य विभागों द्वारा किए गए राजस्व संग्रहण की मासिक प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित विभागों से उनके वार्षिक लक्ष्य एवं विगत माह के प्रदर्शन की जानकारी ली गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी विभाग अपने निर्धारित वार्षिक राजस्व संग्रहण लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने की दिशा में ठोस प्रयास सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग के अंतर्गत भू-लगान एवं सेस संग्रहण प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई। इस क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को अपने दायित्वों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दाखिल-खारिज एवं जाति/आवासीय प्रमाणपत्र से जुड़े मामलों की भी विशेष रूप से समीक्षा की गई, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कोई भी मामला निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित न रहे। प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावे सक्सेसन म्यूटेशन, परिशोधन ग्रीवांस, सर्टिफिकेट केस, अवैध जमाबंदी समेत अन्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए, राजस्व से संबंधित कार्यों को गति देने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।



संक्षिप्त समाचार

गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर 100 बोतल देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गढ़वा रोड आरपीएफ ने रविवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर प्लेटफार्म परिसर से दो व्यक्तियों को एक सौ बोतल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।आरपीएफ ने इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिये इसकी लिखित जानकारी उत्पाद विभाग को दे दी है। आरपीएफ के एएसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म ड्यूटी के दौरान दो व्यक्तियों को संदेह के आधार पर कब्जे में लेकर सर्च किया गया। उनके पास से देशी शराब टनौका की 100 बोतल (प्रति बोतल 300 एमएल) बरामद किया गया। हिरासत में लिए गये दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। साथ ही उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पलामू के बेहतर विकास में कांग्रेस पार्टी का रहेगा साथ : रिजवान खान

मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रिजवान खान के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल पलामू के उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन से मिला। शिष्टमंडल में शामिल नेताओं ने उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन को बुके प्रदान कर स्वागत किया व बधाई दी। रिजवान खान ने उप विकास आयुक्त से कहा कि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी पलामू के बेहतर विकास में सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के जरूरतमंदों को चिन्हित कर विकास के मुख्य धारा में लाने की जरूरत है। कहा कि जिले में अकलियतों की स्थिति भी दयनीय है। जिले के अकलियतों को चिन्हित कर विकास किया जाना आवश्यक है। मौके पर मजदूर कांग्रेस पलामू जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, पाटन प्रखंड कांग्रेस महासचिव सज्जाद अली व सरमद आलम खान शामिल थे।



गरगा नदी किनारे अतिक्रमण हटाने को अभियान जारी, आमजन से सहयोग की अपील

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गरगा नदी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से चास अंचल प्रशासन द्वारा भूमि मापी कार्य के साथ-साथ अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गरगा नदी क्षेत्र के प्राकृतिक प्रवाह और पर्यावरणीय संतुलन को बनाएं रखना है। प्रशासन ने आमजनों/नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह अभियान जनहित और पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है। गरगा नदी को अतिक्रमण से मुक्त कर जल निकासी की व्यवस्था को सुचारू बनाया जाएगा। अभियान के दौरान चास अंचल कार्यालय की टीम मौके पर उपस्थित रहकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

बेवसाइट में सुधार को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सोमवार को सात सूत्री मांगपत्र उपायुक्त को सौंपा।समिति ने मांगपत्र में उल्लेख किया है कि झारखण्ड सरकार के बेवसाईट झारनेट के अनुसूचित जाति सूची में हाड़ी जाति को हारी जाति दर्ज कर दशार्या जा रहा है, जिससे समाज के लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, जाति प्रमाण पत्र हाड़ी जाति (अनूसूचित जाति) के आधार पर ही बने इसे लेकर भूल सुधार कर झारखण्ड सरकार के बेवसाईट झारनेट में हाड़ी किया जाय। डेली वेजेज सफाई कर्मी को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी ठेकेदार के द्वारा नहीं दिए जाने की शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई।साथ ही ई.पी.एफ. की कटौती तथा बडे पैमाने पर हो रही ठगी के विरुद्ध कार्रवाई हो।ठेकेदार द्वारा डेली वेजेज कर्मी को दिया जाने वाला न्यूनतम मजदूरी कर्मी के बैंक खाता में डालकर पुनः कर्मी पर दबाव डालकर बैंक से निकासी करा लिया जाता है, जिसपर भी उचित कार्रवाई की जाए.श्रम अधिनियम कानुन के तहत एसएनएमएमसीएच धनबाद के सभी डेली वेजेज कर्मी का बायो-मैट्रीक हाजिरी नहीं लिया जाता और ना ही पेमेन्ट स्लीप और ई.पी.एफ. का स्लीप ही दिया जाता है इसपर भी कार्रवाई हो तथा डेली वेजेज कर्मी को ठेकेदार द्वारा आई कार्ड उपलब्ध कराया जाए।जिले में कई वर्षों से सफाई कर्मी की बहाली नहीं हुई है,अविलम्ब बहाली करायी जाए.डेली वेजेज कर्मी को वेतन कम देने का मामला एवं दुर्व्यवहार करना तथा कार्य अवधि आठ घंटा के बजाय बारह घंटा कार्य लेने के मामले पर अंकुश लगे.प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी, कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी, महासचिव भुचू हाड़ी, कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी,युवा समिति के उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी शामिल थे।

598 लीटर बीयर और 11.43 लीटर शराब बरामदगी मामले मे गिरोह के तीन गिरफ्तार

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बेउर थाना पुलिस ने भूपति पूर्व सिपारा इलाके से गुजर रहे नये एलिवेटेड रोड पर छापेमारी कर एक लग्जरी कार से 598 लीटर बीयर और 11.43 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है. इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया था.डीएसपी फुलवारी शरीफ सुशील कुमार के नेतृत्व में की गई जांच के आधार पर तीन अन्य तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बेउर थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पकड़ा गया व्यक्ति रमेश कुमार है, जो दीघा कुर्जी बालू पर का निवासी है और उसी कार का चालक था. पूछताछ में रमेश ने बताया कि इस शराब तस्करी गिरोह से दीपक कुमार (दीघा कुर्जी बालू पर), गोलू कुमार (फुलवारी, महुआ बाग) और इस पूरे नेटवर्क का सरगना रवि कुमार (दानापुर, आरा मशीन रोड, वार्ड संख्या 19) भी जुड़े हैं.

तय समयावधि में सभी कार्यों का निष्पादन करें अंचलाधिकारी: उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को आधारभूत संरचना की समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री रजनीश कुमार,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत सभी अंचलों के अंचलाधिकारी, तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता, विभिन्न एजेंसियों/ कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने आधारभूत संरचना एवं राजस्व की पिछली बैठक में दिए गए निदेशों एवं संबंधित विभाग/अंचलों द्वारा उसके अनुपालन की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने ज्यादातर मामलों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी अंचलधिकारियों को विभिन्न एजेंसी/कोल कंपनियों से भूमि संबंधित कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि सत्यापन/ भूमि सीमांकन एवं अधिग्रहित भूमियों का दाखिल- खारिज कार्य के निपटारे में अपेक्षित प्रगति लाने एवं तय समय में उसे पूरा करने का निर्देश दिया। सभी अंचलाधिकारियों को नियमित बैठक कर एजेंसी/कोल कंपनियों से जरूरी दस्तावेज/आवेदन आदि प्राप्त कर मामलों का निष्पादन का निर्देश दिया।

टास्क फोर्स गठित करें, दोहरी जमाबंदी - वन भूमि के मामलों का करें निष्पादन

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी अंचलाधिकारियों को टास्क फोर्स गठित कर दोहरी जमाबंदी -वन भूमि संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। कहा कि ऐसे मामलों में निष्पादन में सभी अधिकारी गंभीरता बरतेंगे। वहीं, किसी भी भूमि का अवैध निबंधन नहीं हो। इसके लिए संबंधित अंचलाधिकारी एवं सब रजिस्टार आपसी समन्वय के साथ काम करें।

एक सप्ताह में सीएसआर कार्यों की दें जानकारी, आगे की कार्य योजना बताएं

बैठक में उपस्थित कंपनियों को निर्देशित किया कि वे एक सप्ताह के भीतर अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही, आगामी आगे की कार्ययोजना भी साझा करें, ताकि ज़िले के सामाजिक एवं विकास कार्यों में समन्वय स्थापित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों के आजीवीका को बढ़ावा देने को लेकर विशेष रूप से फोकस कर कार्य करना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिले। उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में क्रमवार कुल 41 एजेंडों पर प्रगति की समीक्षा की। जिसमें बी एंड के एरिया सीसीएल का 13 मामला, सीसीएल ढ़ोरी के 06 मामला, केबीपी एरिया, सीसीएल का 02 मामला एवं ओएनजीसी का 20 मामला शामिल था।

नशा छोड़ो - जीवन जोड़ों, नशा मुक्त हो देश हमारा



ओलम्पिक दिवस पर खिलाड़ियों ने निकाली रैली

29 जून तक होगा विभिन्न खेलों का आयोजन

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस के अवसर पर धनबाद जिला ओलम्पिक संघ द्वारा आयोजित सप्ताह-व्यापी खेल कार्यक्रम ओलम्पिक दिवस रैली के साथ प्रारम्भ हुआ। भारतीय ओलम्पिक संघ तथा झारखण्ड ओलम्पिक संघ के निर्देशानुसार खेल के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूली छात्रों तथा खिलाडियों द्वारा निकली गई इस रैली का प्रारम्भ दून पब्लिक स्कूल के उप - निदेशक सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर की. तत्पश्चात कुसुम विहार स्थित स्कूल के मुख्य द्वार से प्रारम्भ होने वाली यह ओलम्पिक दिवस रैली कोयला नगर टाउनशिप का भ्रमण किया. रैली में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया जिसमें छात्रों व खिलाडियों के अलावा धनबाद जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, उपाध्यक्ष साकेत कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव मृदुल बोस, तारक नाथ दास दून पब्लिक स्कूल के उप-प्राचार्य प्रियरंजन कुमार, धनबाद जिला टेबल टेनिस संघ के अजय महाजन, कृपा संकर, परेश मंडल, चिराग महाजन के अलावा जया चक्रवर्ती, प्रेरणा विश्वकर्मा, अर्चना कुमारी, संचिता बक्शी, पूनम कुमारी, सत्यम सूर्या, हेमलता, सूर्य प्रताप, स्नेहलता, लक्की धान, राज किशोर महतो, नीरज कुमार तथा अन्य शामिल थे. उपरोक्त जानकारी देते हुए केशरी ने बताया कि इस सप्ताहव्यापी खेल के तहत आज कोयला नगर स्थित टेबल टेनिस हॉल में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन भी हो रहा है जबकि इस अवसर पर आज संध्या साढ़े चार बजे से हीरापुर स्थित वॉलीबाल स्टेडियम में पुरुष तथा महिलाओं की वॉलीबाल टीम के बीच प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा. इस क्रम में आगामी 29 जून तक जिले के विभिन्न क्रीड़ास्थलों पर हैंडबॉल, कबड्डी, रस्साकसी, कराटे, कुश्ती, रोलर स्केटिंग तथा थांग-ता की स्पर्धा अथवा कार्यशाला का आयोजन होगा।



ओलंपिक दिवस 2025 पर खूंटी में हॉकी एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2025 के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, खूंटी के तत्वावधान में एस.एस. +2 एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में एक दिवसीय हॉकी एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से ओलंपिक मूल्यों झ उत्कृष्टता, मित्रता एवं सम्मान झ को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ खूँटी विधायक श्री राम सूर्या मुंडा, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री अशोक भगत, उपाध्यक्ष सुश्री अर्पणा हंस, सचिव दशरथ महतो एवं जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने संबोधन में ओलंपिक दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खेलों को एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बताया।

प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे: हॉकी प्रतियोगिता

बालक वर्ग : एस.एस. +2 आवासीय बालक प्रशिक्षण केंद्र ने खेलो इंडिया हॉकी सेंटर को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

बालिका वर्ग : डे बोर्डिंग खूंटी की टीम ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को टाई ब्रेकर में 3-1 से पराजित कर विजयी रही।

तीरंदाजी स्पर्धा (सब जूनियर वर्ग)



बालक वर्ग : हर्ष कुमार - स्वर्ण पदक, सुमित महतो - रजत पदक, सिद्धार्थ राम - कांस्य पदक।

बालिका वर्ग : अश्विता पूर्ति - स्वर्ण पदक, ऋषिका नाग - रजत पदक, शिवानी साही -कांस्य पदक।

कार्यक्रम के समापन पर सभी खिलाड़ियों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु मादक पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई एवं इस विषय पर जागरूकता भी फैलाई गई।

यह आयोजन न सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता था, बल्कि युवाओं में ओलंपिक मूल्यों की समझ, खेल भावना और समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही।

निदेशक डीआरडीए ने की धरती आबा जनभागीदारी अभियान की समीक्षा

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन ने धरती आबा जन भागीदारी अभियान को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में 30 जून तक इसका आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह एवं अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। शिविरों में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह एवं अनुसूचित जनजाति के योग्य लाभुकों को आधार कार्ड पंजीकरण, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, पीएम आवास योजना सहित राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा अधिक से अधिक संख्या में लाभुकों को लाभ प्रदान करना है। निदेशक डीआरडीए ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अधिक से अधिक लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। वहीं प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने बताया कि 15 जून से 22 जून तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में 119 शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30 हजार से अधिक लाभुकों ने हिस्सा लिया। शिविरों में 976 लाभुकों को आधार कार्ड, 286 की टीबी जांच, 456 को आयुष्मान भारत कार्ड, 273 को जाति प्रमाण पत्र, 157 को किसान क्रेडिट कार्ड, 23 लाभुकों को पीएम जन धन योजना, 256 को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, 26 को पीएम किसान सम्मन निधि योजना, 121 को पीएम मातृ वंदना योजना एवं एक लाभुक को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा 1265 लाभुकों को राशन कार्ड, 1182 को मनरेगा, 4069 को घरेलू सामग्री, 192 को अधिवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल सर्टिफिकेट), 1146 का सिकल सेल परीक्षण, 110 को मिशन इंद्रधनुष, 46 को पीएम विश्वकर्म योजना तथा 15 लाभुकों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ प्रदान किया गया। ऑनलाइन समीक्षा बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह मौजूद थे।



विधवा बहनें पुनर्विवाह के लिए आएं आगे, हेमंत भैया कर रहे हैं मदद : अविनाश देव

- पहल संस्था के तत्वाधान में आयोजित हुआ पुनर्विवाह कार्यक्रम
- विधवा पूजा का पवन के साथ कराया गया पुनर्विवाह
- विधवा महिला के परिजन अपनी बहन -बेटी की तरह दें सम्मान : हिमांशु
- विधवा पुनर्विवाह के लिए झारखंड सरकार दे रही है 2 लाख रुपए की सहायता : नीता चौहान

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस पर पहल ट्रस्ट के तत्वावधान में विधवा दीदी सम्मान सह विधवा पुनर्विवाह कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शिवाय ब्ल्यू होटल में किया गया। कार्यक्रम में संत मरियम स्कूल के अध्यक्ष अविनाश देव की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में विधवा पूजा कुमारी का पुनर्विवाह पवन कुमार के साथ संपन्न कराया गया। मौके पर दोनों ने एक दूसरे को फूल माला पहनाया व पवन कुमार ने सिंदूरदान किया। इस अवसर पर जिले के प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु कुमार व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही गिफ्ट प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु कुमार ने कहा कि दुर्भाग्य से महिला अगर विधवा हो जाती है तो समाज में उसे सम्मान नहीं मिलता। अब समय बदल गया है। कहा कि विधवा महिला के परिजन उसे अपनी बहन बेटी की तरह सम्मान दें। कहा कि झारखंड सरकार ने भी विधवा पुनर्विवाह के लिए दो लाख रुपए तक की सहायता प्रदान करती है। इसका लाभ विधवा बहनों को उठाना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम के लिए उन्होंने संत मरियम स्कूल के अध्यक्ष अविनाश देव को साधुवाद दिया। कहा कि इस कार्यक्रम से पलामू व झारखंड ही नहीं बल्कि देश में एक बेहतर मैसेज जाएगा। इसके पूर्व समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि पूरे झारखंड में सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य को पिछले 2 वर्षों से पूरा कर रही हैं। कहा कि इस तरह का कार्यक्रम कर विधवा का पुनर्विवाह कराना बड़ी बात है। पूरे झारखंड में पहली बार इस तरह का विधवा पुनर्विवाह कार्यक्रम आयोजित कर किया जा रहा है। इसके लिए अविनाश देव साधुवाद के पात्र हैं। कहा कि इसका लाभ लेने के लिए पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ पुनर्विवाह का निबंध कराना आवश्यक होता है। महिला का उम्र 18 वर्ष व पुरुष का उम्र 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। दूसरे जिले की महिला होगी व पलामू जिले में विवाह होगा तो यहां की बहू मानी जाएगी। उसे झारखंड सरकार की ओर से दो लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी महिला अपने आप को अबला नहीं समझें। नारी ही नारायणी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि उनके स्कूल में ऐसी कई विधवा महिलाएं आती हैं जो अपने बच्चे को पढ़ना चाहती हैं। ससुराल में उनका प्रताड़ना सुन व जानकर बहुत दुख होता है। उन्होंने ऐसी महिलाओं का पुनर्विवाह करने की ठानी। कहा कि पहल संस्था के माध्यम से वे इस काम को करने का बीड़ा उठाया है। कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार भी विधवाओं के लिए सोचती है। इसके तहत सरकार पुनर्विवाह करने पर दो लाख रुपए की सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची विधवा बहनों से पुनर्विवाह के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पलामू गढ़वा सहित कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विधवा महिला तथा अन्य महिलाओं ने शिरकत किया। कार्यक्रम का संचालन पहल संस्था के रवि पाल ने किया।



विधवा महिला शोभा ने दुख बयां किया तो लोगों की आंखों में भर आए आंसू


शाहपुर की विधवा महिला शोभा ने अपना दुख बयान किया तो कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की आंखों में आंसू भर आएं। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले उनके पति की मृत्यु हो गई थी। इसे लेकर उनकी सासू मां का कहना था कि अपने पति को तुमने खाया है। उन्होंने प्रश्न किया कि कौन महिला चाहेगी उसका सुहाग उड़ जाए। कहा कि उसे ससुराल में काफी प्रताड़ित किया गया। उसके बच्चों को ससुराल वालों ने रख लिया है। वह चाहती थी कि पति के दूकान को वह आगे बढ़ाकर दोनों बच्चे का परवरिश करें । लेकिन अब जिंदगी काटना मुश्किल हो गया है। वह चाहती हैं कि अपने बच्चों को सहारा देकर पढ़ा- लिखा सकें। लेकिन उनके ससुराल वाले उसे कैदी की तरह घर में रखना चाहते हैं। कहा कि उन्हें जिला प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता है। कम से कम उसके बेटे को दिलवा दें। कहीं भी काम करके अपने बच्चों को शिक्षित कराएंगी। इन सभी बातों को कहते-कहते वह बिलखती व कुछ देर बाद अपनी बातों को पूरा कर पा रही थी।

ज़ी एंटरटेनमेंट के निवेशकों को भार्या5 के लिए प्लान

नई दिल्ली, एजेंसी। जी मीडिया वालों की कंपनी ज़ी एंटरटेनमेंटका शेयर आज 9 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 146 रुपये के पार पहुंच गया। वजह ये है कि कंपनी ने निवेशकों के सामने इस साल के लिए बड़े-बड़े प्लान्स रखे हैं। द्वद्व का डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वद्व5 यार्ं5 पिछले साल 548 करोड़ के घाटे में चल रहा था। अब कंपनी का दावा है कि इसी सार्ल द्वद्व5 घाटा कमाकर ब्रेक-ईवन पर आ जाएगा यानी ना फायदा, ना नुकसान। पिछले साल उनका टीवी चैनलों पर दर्शकों का हिस्सा (व्यूअरशिप शेयर) 16.8 प्रतिशत था। इस साल वो इसे बढ़ाकर 17.5 प्रतिशत करने की फिराक में हैं।

ऐड से कमाई बढ़ेगी- पिछले साल तो ऐडवर्टाइजिंग से होने वाली आमदनी में 11 प्रतिशत की गिरावट आई थी। लेकिन इस साल कंपनी को उम्मीद है कि ऐड रेवेन्यू 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक बढ़ेगा।

मुनाफे में उछाल- कंपनी का मार्जिन (लाभ का



स्तर) पिछले साल सिर्फ 14.6 प्रतिशत था। इस साल वो इसे काफी बेहतर करके 18 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच ले जाना चाहती है।

म्यूजिक बिजनेस से पैसा कमाएंगे- द्वद्व अपने म्यूजिक और सिन्डिकेशन (कंटेंट बेचने) के बिजनेस से भी ज्यादा पैसा कमाने की तैयारी में है। उनका कहना है कि इनसे भी कंपनी की कीमत बढ़ेगी (अनलॉक वैल्यू)।

कैश की तैयारी- कंपनी ने मार्च 2025 तक अपने पास लगभग 2,406 करोड़ नकदी जमा कर ली है। साथ ही, उन्होंने 2,237 करोड़ के और वारंट्स (फुली कन्वर्टिबल वारंट्स) जारी करने की भी मंजूरी ले ली है। ये सब पैसा उन्हें मार्केट में मुकाबला करने और नए मौकों के लिए तैयार रहने में मदद करेगा। डिजिटल, म्यूजिक जैसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में दूसरी कंपनियों को खरीदने (अक्वायर) या उनके साथ मिलकर काम करने की योजना।

शेयर प्राइस ट्रेंड

इन सभी खबरों से निवेशक खुश हुए और द्वद्व का शेयर आज सुबह 144.6 के भाव पर 8.7 प्रतिशत चढ़ गया। जून महीने में अब तक ये शेयर 10 प्रतिशत बढ़ चुका है और लगातार चौथे महीने ऊपर जा रहा है। इतने लंबे समय तक लगातार बढ़ोतरी का ये सिलसिला नवंबर 2022 के बाद से नहीं देखा गया था।

अमेजन की इस नई सर्विस की वजह से डॉ लाल पैथ सहित 2 कंपनियों के शेयर लुढ़के

नईदिल्ली, एजेंसी। डॉ लाल पैथलैब्स लिमिटेड और मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। सोमवार को यह स्टॉक 3 प्रतिशत तक टूट चुके हैं। इस गिरावट के पीछे की वजह अमेजन है। कंपनी ने होम लैब टेस्टिंग सर्विस की शुरुआत देश में की है।

6 शहरों में अमजेन की सर्विस- कंपनी ने इस नई सर्विस का नाम अमेजन डायग्नोस्टिक्स रखा है। मौजूदा समय में यह सर्विस बेंगलुरू, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, मुंबई और हैदराबाद में उपलब्ध है। जोकि 450 पिनकोड्स को कवर करता है। इस सर्विस के जरिए करीब 1000 मेडिकल टेस्ट करवाए जा सकते हैं। बता दें, अमेजन की यह सर्विस ऑरेंज हेल्थ लैब्स के साथ कोलेबरेशन में शुरू किया गया है। अमेजन की यह सर्विस डॉ लाल पैथलैब्स, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर और विजया डायग्नोस्टिक जैसे इस सेक्टर मजबूत प्लेयर्स के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी।

कैसे लोग कर पाएंगे उपयोग- कोई भी व्यक्ति अमेजन ऐप के जरिए टेस्ट की बुकिंग कर सकता है। घर के लिए शेड्यूल कर सकता है। सैंपल कलेक्शन के बाद रिपोर्ट सीधा ऐप पर आ जाएगा। यानी घर बैठे ही यह सर्विस मिल जाएगी। इसी के साथ ही अमेजन की डायग्नोस्टिक स्पेस में हो गया है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा भारत

14 वर्षों में वैश्विक आयात पर निर्भरता 11 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत हुई

नईदिल्ली, एजेंसी। पारंपरिक रूप से रक्षा उपकरणों के लिए विदेशी खरीद पर निर्भर रहने वाले भारत ने पिछले 14 वर्षों में रक्षा आयात पर अपनी निर्भरता काफी कम कर दी है। यह देश की रक्षा रणनीति और नीति में एक बड़ा बदलाव है। कोटक म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2010 में रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक था लेकिन इस मामले में 2024 में यह चौथे स्थान पर खिसक गया। 2010 में, भारत दुनिया के कुल रक्षा आयात का 11 प्रतिशत हिस्सा लिया, जिससे यह वैश्विक स्तर पर शीर्ष आयातक बन गया था। 9 प्रतिशत के साथ पाकिस्तान, 6 प्रतिशत पर ऑस्ट्रेलिया और 5 प्रतिशत के साथ दक्षिण कोरिया भी इस सूची में शामिल रहे।

सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर और चीन जैसे देशों में प्रत्येक की हिस्सेदारी 4 प्रतिशत थी, जबकि अल्जीरिया और पुर्तगाल प्रत्येक



की 3 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, यूक्रेन रक्षा उपकरणों का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक बन गया है। इसकी वैश्विक आयात में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस तीव्र वृद्धि का कारण रूस-यूक्रेन युद्ध है, यूक्रेन की सैन्य उपकरणों की मांग को बड़े पैमाने पर बढ़ा दिया है।

पोलैंड वैश्विक रक्षा आयात में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे सबसे बड़े आयातक के रूप में उभरा है। इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका 4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत अब कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ चौथे स्थान पर है, जिनमें से प्रत्येक की वैश्विक आयात में 4 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जापान और पाकिस्तान जैसे अन्य देश वैश्विक आयात में 3 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखते हैं। अन्य श्रेणी, जिसमें सभी शेष राष्ट्र शामिल हैं, 2010 और 2024 दोनों में उनकी 47 प्रतिशत हिस्सेदारी रही और उनका स्थान अपरिवर्तित रहा। रिपोर्ट के अनुसार भारत की रक्षा निर्माण क्षेत्र में प्रगति हुई है और विदेशी हथियारों पर निर्भरता भी घट गई है।

कोटक की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि घरेलू रक्षा उत्पादन के लिए सरकार के जोर ने आयात को कम करने और रक्षा निर्यात में सुधार करने में मदद की है। हाल के वर्षों में भारत के रक्षा निर्यात में मजबूत वृद्धि देखी गई है, जो 2017 से 41 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्ज कर रहा है। निर्यात 2017 में 15 बिलियन रुपये से बढ़कर 2024 में 236 बिलियन रुपये हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत रक्षा क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भर बन रहा है।

ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों का बुरा हाल, 6 प्रतिशत लुढ़का भाव, धड़ाधड़ हो रही बिक्री

नईदिल्ली, एजेंसी। बाजार के बिगड़े हालात में मोबिलिटी लिमिटेड का शेयर 6 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया है। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 52 वीक लो लेवल पर पहुंच गया। आज यानी 23 जून को 2.41 करोड़ शेयर जो कि कंपनी के 0.55 प्रतिशत के बराबार हैं उनकी खरीद और बिक्री हुई है। बता दें, इन शेयरों की खरीद और बिक्री औसतन 44 रुपये प्रति शेयर पर हुई है। अभी खरीदार और विक्रेता का नाम सामने नहीं आया है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के शेयर बीएसई में गिरावट के साथ 45.37 रुपये के लेवल पर खुले थे। इसके बाद दिन में यह स्टॉक 6 प्रतिशत की गिरावट के बाद 43.20 रुपये के लेवल तक लुढ़क गया था। कंपनी का यह स्टॉक 52 वीक लो लेवल पर पहुंच गया। बता दें, इस साल कंपनी के शेयरों की कीमतों में 49 प्रतिशत की गिरावट आई है।

इससे पहले चुका है एक ब्लॉक डील- जून के शुरुआत में 14.22 करोड़ शेयरों की खरीद और बिक्री हुई थी। जोकि कंपनी के 3.23 प्रतिशत हिस्से के बराबर है। यह ब्लॉक डील 731 करोड़ रुपये की थी। तब यह ब्लॉक डील 51.40 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से हुआ था

आर्थिक मोर्चे पर बड़ा झटका

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। मार्च तिमाही के दौरान कंपनी का घाटा बढ़ गया है। सालाना आधार पर कंपनी का रेवन्यू 62 प्रतिशत कम हो चुका है।

पिछले साल अगस्त में आया था आईपीओ- ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का आईपीओ बीते साल 2 अगस्त को खुला था। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 76 रुपये था। यानी मौजूदा समय में यह स्टॉक अपने इश्यू प्राइस से काफी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है। बता दें, कंपनी ने आईपीओ के वक्त अपने कर्मचारियों को 7 रुपये प्रति शेयर की छूट दी थी।

ईरान-इजरायल युद्ध ने बढ़ाया क्रूड ऑयल का रेट, सातवें आसमान पर भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिका का इस युद्ध में कूदने के बाद कच्चे तेल का भाव सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। सोमवार को तेल का भाव जनवरी के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स का दाम 1.91 डॉलर या फिर 2.49



प्रतिशत की उछाल के बाद 78.93 डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडियट क्रूड का रेट 1.89 डॉलर या 2.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद रेट 75.73 डॉलर पर पहुंच गया। बता दें, इससे पहले दोनों की कीमतों में 3 प्रतिशत का उछाल आज देखने को मिला था। जिसकी वजह से भाव 81.40 डॉलर और 78.40 डॉलर क्रमशः पहुंच गया। जोकि 5 महीने का उच्चतम स्तर है। ईरान ओपेक का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक देश है।

अमेरिका भी जंग में कूदा- ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका भी एंट्री ले चुका है। इजरायल का पक्ष लेते हुए ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर अमेरिका ने कई बड़े हमले किए हैं। जिसके बाद से इस युद्ध के और आगे बढ़ने की संभावना को जताया जा रहा है।

- **होर्मुज स्ट्रेट बंद कर सकता है ईरान-** अमेरिका के इस युद्ध में हिस्सा लेने के बाद अब लोगों को डर सता रहा है कि कहीं ईरान होर्मुज स्ट्रेट को बंद ना कर दे। अगर ऐसा हुआ तो दुनिया भर में तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी। दुनियाभर में सप्लाई किए जाने वाले क्रूड ऑयल का 5वां हिस्सा इसी होर्मुज स्ट्रेट से जाता है। यह रास्ता काफी संकरा है। बता दें, ईरान प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार देश की पार्लियामेंट ने इस रास्ते को बंद करने पर सहमति जताई है। इससे पहले भी ईरान से रास्ते को बंद करने को लेकर धमकी दे चुका है। लेकिन कभी ऐसा नहीं किया है।
- **110 डॉलर तक जा सकता है भाव-** रविवार को ब्रोकरेज हाउस ने उम्मीद जताई की तेल का भाव आने वाले समय में 110 डॉलर प्रति बैरल जा सकता है। हालांकि, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि ऑयल, गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं होगी।

नवरत्न स्टॉक ने किया मालामाल, बोनस शेयरों के दम पर 1 लाख रुपये के बना दिए 1 करोड़ रुपये से ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी। नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गए हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर सोमवार 23 जून को तेजी के साथ 416.95 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 4 महीने में नवरत्न कंपनी के शेयरों में 62 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शेयरों ने पिछले 10 साल में 1 लाख रुपये के निवेश को 1 करोड़ रुपये से ज्यादा बना दिया है। कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने पिछले 10 साल में अपने शेयरधारकों को 3 बार बोनस शेयर बांटे हैं। नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने पिछले 10 साल में निवेशकों को 3 बार बोनस शेयर दिए हैं। कंपनी ने सितंबर 2015 में 2:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर बांटे। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने सितंबर 2017 में 1:10 के रेशियो में बोनस शेयर दिया। यानी, कंपनी ने हर 10 शेयर पर शेयरधारकों को 1 बोनस शेयर दिया। कंपनी ने सितंबर 2022 में निवेशकों को 2:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए।



1 लाख रुपये के ऐसे बना दिए 1 करोड़ रुपये से ज्यादा- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर 12 जून 2015 को 32.86 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने 12 जून 2015 को 1 लाख रुपये से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर खरीदे होते तो उसे कंपनी के 3040 शेयर मिलते। नवरत्न कंपनी ने सितंबर 2015 से लेकर अब तक शेयरधारकों को 3 बार बोनस शेयर दिए हैं। अगर कंपनी की तरफ से दिए गए बोनस शेयरों को जोड़ लें तो कुल शेयरों की संख्या बढ़कर 30,096 पहुंच जाती है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर सोमवार 23 जून 2025 को 416.95 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में 30096 शेयरों की मौजूदा वैल्यू बढ़कर 1.25 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

नवरत्न कंपनी को मिले 585 करोड़ रुपये के ऑर्डर- नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे 585 करोड़ रुपये के फ्रेश ऑर्डर मिले हैं। कंपनी को यह ऑर्डर मिसाइल्स के लिए फायर कंट्रोल और साइटिंग सिस्टम्स, कम्युनिकेशन उपकरणों, जैमर्स, क्रिटिकल स्पेयर्स और एसोसिएटेड सर्विसेज के लिए मिले हैं।

अवंटेल लिमिटेड को डीआरडीओ और मझगांव डॉक से मिले 2 बड़े ऑर्डर

नईदिल्ली, एजेंसी। सोमवार को जब मार्केट में गिरावट दर्ज की जा रही है इसके बावजूद अवंटेल लिमिटेड के शेयरों 7 प्रतिशत से अधिक की उछाल है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि कंपनी ने डीआरडीओ और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड से मिले दो नए ऑर्डरों की जानकारी दी, जिनका कुल मूल्य 24.73 करोड़ है। इससे निवेशक गदगद हैं और शेयर पर अपना दांव लगा रहे हैं। सुबह के कारोबार में बीएसई पर अवंटेल का शेयर 168.35 प्रति शेयर तक पहुंच गया, जो 7.15 प्रतिशत की उछाल थी और इस साल 5 जून के बाद से सबसे तेज एक दिन में बढ़त थी। बाद में शेयर थोड़ा नीचे आकर 165.25 पर ट्रेड कर रहा था, फिर भी 6.61 प्रतिशत की बढ़त बरकरार थी। यह लगातार तीसरा दिन था, जब अवंटेल का शेयर ऊपर चढ़ा। इस साल अब तक यह शेयर 13 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी 50 की बढ़त सिर्फ 5.2 प्रतिशत ही रही। कंपनी का कुल मार्केट कैप अब 4,390.42 करोड़ हो गया है।

ऑर्डर की डिटेल



1. डीआरडीओ से मिला पहला ऑर्डर: बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक रक्षा अनुसंधान संगठन की यूनिट डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लीकेशन्स लेबोरेटरी ने 20 जून, 2025 को अवंटेल को 13.67 करोड़ का ऑर्डर दिया है। इसमें सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो विकसित करना शामिल है। यह काम अगस्त 2027 तक पूरा करना है और इस पर 3 प्रतिशत परफॉर्मेंस बैंक गारंटी लगी है।
2. मझगांव डॉक से दूसरा ऑर्डर- वहीं 20 जून को ही, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने भी अवंटेल को 11.06 करोड़ का दूसरा ऑर्डर दिया। यह एक निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) से जुड़ा ऑर्डर है, जिसे अप्रैल 2026 से अगस्त 2029 के बीच पूरा किया जाना है। इस पर 5 प्रतिशत परफॉर्मेंस बैंक गारंटी है।

हाल की एक और अहम खबर

इसी महीने की शुरुआत में, अवंटेल की सहायक कंपनी आईमेड्स ग्लोबल ने आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन, विशाखापट्टनम में मेडिकल प्रोडक्ट्स के डिजाइन, विकास और निर्माण की एक नई सुविधा शुरू की है। यह फैक्ट्री लगभग 2 एकड़ जमीन पर बनी है और इसमें 25,000 वर्ग फुट का निर्मित क्षेत्र है। इसमें मेडिकल उत्पाद बनाने के लिए क्लीन रूम, असेंबली और टेस्टिंग की उन्नत व्यवस्था है।

क्या करती है अवंटेल

अवंटेल एक तकनीक-केंद्रित सार्वजनिक कंपनी है जो रक्षा और दूरसंचार ग्रेड के कम्युनिकेशन सिस्टम के डिजाइन और निर्माण में माहिर है। यह अपने ग्राहकों को उनकी जरूरत के मुताबिक नेटवर्क-केंद्रित वायरलेस और सैटेलाइट कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रदान करती है। इनमें सैन्य मानकों के उत्पाद, डिजिटल माइक्रोवेव सिस्टम, सिग्नल प्रोसेसिंग यूनिट और एम्बेडेड फर्मवेयर/सॉफ्टवेयर शामिल हैं।

पीएम जीवन ज्योति बीमा: 18.5 करोड़ से अधिक भारतीयों को मिली बीमा की ताकत, संभावित शोषण से मिली जरूरी सुरक्षा

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के जरिये 10 वर्षों में भारतीयों की महत्वाकांक्षाओं को भारी प्रोत्साहन मिला है।एक दशक पहले इस दूरदर्शी योजना को हर भारतीय के लिए जीवन बीमा को सुलभ, किफायती और समावेशी बनाने के एक सरल एवं शक्तिशाली मिशन के साथ लॉन्च किया गया था। आज, हम न सिर्फ उस नीति को देखते हैं, जो समय की कसौटी पर खरी उतरी है, बल्कि एक ऐसे मूवमेंट को भी देखते हैं, जिसने लाखों भारतीयों के जीवन को बदल दिया है।

वित्तीय सुरक्षा नेट के रूप में शुरू हुई यह योजना गरिमा, साहस और आशा की नींव बन गई है। इन 10 वर्षों में पीएमजेजेबीवाई ने 18.5 करोड़ से अधिक भारतीयों को बीमा की सुरक्षा और ताकत दी। योजना के माध्यम से 17,200 करोड़ रुपये से अधिक के दावों का निपटान किया गया है। इसने परिवारों को उस समय राहत पहुंचाई, जब वे अपने सबसे बुरे दौर में थे। सिर्फ 436 रुपये प्रति वर्ष में यह योजना 2 लाख रुपये का जीवन बीमा प्रदान करती है। यह ऐसी जीवन रेखा है, जिसने अनगिनत परिवारों को सहूलियत और निरंतरता प्रदान की है।

परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बड़े सपने देखने की उम्मीदों को लगे पंख

जब लोगों को पता चलता है कि उनके परिवार सुरक्षित हैं, तो वे कर्ज लेने, छोटा व्यवसाय शुरू करने, बच्चे को शिक्षित करने



या अवसर की तलाश में नए शहर में जाने जैसे बड़े सपने देखने के लिए सशक्त होते हैं। यही वित्तीय सुरक्षा का असली उपहार है, जो यह न सिर्फ जीवन की रक्षा करता है, बल्कि संभावनाओं को भी बढ़ाता है।

भारत में एक बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां बीमा आजीविका की सुरक्षा और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक निश्चित आय के स्तरों में अनिश्चितता, असंगठित क्षेत्र में रोजगार, स्वास्थ्य जांच की सुविधा आदि कुछ ऐसे कारण थे, जिनकी वजह से इन क्षेत्रों में बीमा जागरूकता सीमित थी। योजना की खासियत है कि यह सरल, निर्बाध और सुलभ है। बचत खाते से जुड़ी ऑटो-डेबिट सुविधा और न्यूनतम दस्तावेजों के साथ योजना ने उन बाधाओं को दूर कर दिया है, जो पारंपरिक रूप से बीमा को लाखों लोगों की पहुंच से दूर रखती थी।

2.50 लाख से ज्यादा पंचायतों के सदस्य जुड़े बदल रहा ग्रामीण भारत में बीमा का परिदृश्य- बेहद प्रभावशाली पीएमजेजेबीवाई के जरिये देश के हर कोने में जागरूकता काफी बढ़ गई है। आज, इस

महिलाओं के बीमा कवरेज में सुधार

इस योजना के कारण एक और बड़ा बदलाव यह हुआ है कि महिलाओं के जीवन बीमा कवरेज में सुधार हुआ है। इस योजना ने ग्रामीण भारत की बढ़ती मांगों और महिला आबादी के कवरेज की जरूरतों को पूरा किया है। देश की आर्थिक गतिविधियों में उनका योगदान महत्वपूर्ण है और हर साल बढ़ रहा है। इस योजना ने वित्तीय समावेशन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संभावित शोषण से मिली जरूरी सुरक्षा

अमित झिंगरन बताते हैं, बैंक के सर्किल हेड के रूप में मैंने ग्रामीणों के बीच बैंकिंग और वित्तीय उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संध्या शिविर नामक ग्रामीण आउटरीच कार्यक्रम में भाग लिया था। शिविरों में, मैंने उन परिवारों की दुर्दशा देखी, जिन्होंने एकमात्र कमाने वाले को खो दिया।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 23-06-2025 21:38 Page 1

मानसून ने दिखाया प्रचंड रुप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में हुई झमाझम वर्षा कहर बरपा दिया है। अचानक उमड़-घुमड़ आए काले बदरा ने करीब एक घंटे तक प्रचंड रूप दिखाया तो शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मच गया। शहर की सड़कें जहां जलमग्न हो गईं तो ग्रामीण क्षेत्रों में किसानी प्रभावित हुईं हैं।

खेतों में एक से डेढ़ फीट तक पानी लबालब भर गया है। जिससे धान के बिचरे और सब्जी की खेती को खासा नुकसान होने की सूचना है। राजधानी के अधिकांश क्षेत्रों में जलजमाव ने आमजनों से लेकर वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है।

रविवार को हुई वर्षा ने गर्मी से राहत अवश्य दी है लेकिन, जलजमाव से कई वाहन आधे डूब गए। जिस कारण करीब दो से तीन घंटे तक शहर की रफ्तार थम सी गई।

बता दें कि शहर के कोकर, बरियातू, हरमू, धुर्वा, हिंदपीढ़ी, वार्ड नंबर 36 पीपर टोली, तारानगर आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर परिसर के

सड़कें हुई जलमग्न लोग हुए हलकान

सामने, डीफ एंड डंब बच्चों के स्कूल में, अरगोड़ा चौक स्थित एक रेस्टोरेंट समेत निचले क्षेत्रों के घरों में पानी प्रवेश कर गया।

करीब दो घंटे की वर्षा से निवारणपुर में स्वर्णरेखा नदी ने अपना विकराल रूप ले लिया। अरगोड़ा कटहल मोड़ रोड स्थित तारानगर आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर परिसर के सामने स्थित गार्ड वाल बाघा बॉर्डर पूरी तरह से डूब गया, मंदिर में पानी घुस गया। इस जलजमाव के बाद क्षेत्र के लोगों ने गार्ड वाल वाघा बॉर्डर को ऊंचा करने की मांग की है।

वहीं, सेवा सदन पथ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं माहेश्वरी भवन में नाले का गंदा पानी प्रवेश कर गया। बाहर खड़ा अधिकतर वाहन पानी की चपेट में आ गए। लोगों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से शहर की यही स्थिति है। नगर निगम के द्वारा वर्षा से पूर्व नाले की साफ सफाई नहीं कराए जाने का खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है।

लोगों ने कहा कि बार बार अनुरोध किए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है।

मंदिर की पवित्रता से लेकर लोगों की दुकानों और कार्यालय में बहुत नुकसान हो रहा है। डोरंडा गौरीशंकर नगर, गुरु नानक स्कूल के पास पीपी कंपाउंड और वार्ड नंबर 24 की सड़कों पर भी जलजमाव की सूचना मिल रही है।

वहीं सरकारी बस स्टैंड का हाल बेहाल हो गया है ,पूरे परिसर में वर्षा का पानी भर चुका है, गंदगी इसी पानी में इधर से उधर फैल रही है, जिससे बस यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। यही हाल रांची रेलवे स्टेशन का भी हो गया है।

पूरे राज्य में मानसून की सक्रियता ने आमजनों की परेशानी बढ़ा दी है। राज्य के सभी जिलों में दक्षिण-पश्चिमी मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। पूरे राज्य में पिछले कुछ दिनों से पूरे राज्य में हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हो रही है।

खराब मौसम की वजह से विमान डायवर्ट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। मौसम खराब होने के कारण मुंबई से रांची आ रहे इंडिगो के विमान (6ई 831) को वाराणसी डायवर्ट किया गया। वहीं, रांची-मुंबई विमान (6ई 298) ने 3 घंटे 35 मिनट, रांची-पटना विमान (6ई 925) ने 1 घंटे 15 मिनट, रांची-बेंगलुरु विमान (आइएक्स 2708) ने 59 मिनट, रांची-चेन्नई विमान (6ई 209) ने 47 मिनट विलंब से उड़ान भरी।

वहीं, रांची-कोलकाता विमान (6ई 6893) ने 42 मिनट, रांची-दिल्ली विमान (आइएक्स 1114) ने 37 मिनट, रांची-मुंबई विमान (आइएक्स 1238) ने 35 मिनट, रांची-अहमदाबाद विमान (6ई 6654) ने 31 मिनट देरी से विमान भरी है।रांची-दिल्ली विमान (आइएक्स 1114) ने 27 मिनट, रांची-हैदराबाद विमान (आइएक्स 2674) ने 24 मिनट, रांची-दिल्ली विमान (आइएक्स 1200) व रांची-बेंगलुरु विमान (आइएक्स 2976) ने 22 मिनट विलंब से उड़ान भरी।

वहीं, अहमदाबाद-रांची विमान (6ई 6493) 41 मिनट, दिल्ली-रांची विमान (आइएक्स 1199) 22 मिनट विलंब से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचा।

स्थापना दिवस 27 को

हजारीबाग। स्थानीय शिव मंदिर के स्थापना दिवस को लेकर मंदिर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 27 जून को मंदिर का स्थापना दिवस समारोह पूरे श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बैठक में यह तय किया गया कि मंदिर को भव्य फूलों की सजावट और आकर्षक लाइटिंग से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं और कॉलोनीवासियों से अपील की गई कि वे सहयोग और सहभागिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। मंदिर समिति ने कहा कि कार्यक्रम से जुड़े सभी आर्थिक लेन-देन पारदर्शी तरीके से किए जाएंगे, और पिछले वर्षों के आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक रूप से साझा किया जाएगा। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। कॉलोनी के लगभग 150 घरों को सहयोग हेतु चिन्हित किया गया है, और उनसे सहयोग मांगा जा रहा है। बैठक में प्रस्तावित किया गया कि भविष्य में मंदिर गतिविधियों को और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए नियमित मासिक बैठक और रसीद आधारित चंदा प्रणाली अपनाई जाए।

रामा शंकर पांडेय झामुमो से छह माह के लिए निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम झामुमो जिला समिति की कोर कमेटी ने मजदूर नेता और गत दिनों भाजपा से झामुमो की सदस्यता ग्रहण किये रामा शंकर पांडेय उर्फ रामा पांडेय को झामुमो ने अगले छह माह तक के लिए निलंबित कर दिया है।

यह जानकारी झामुमो जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने दी है। लागुरी ने कहा कि उपायुक्त चंदन कुमार ने रामा पांडेय को छह माह के लिए जिला बदर किए जाने के बाद शनिवार को जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम की अध्यक्षता में परिसदन चाईबासा में झामुमो जिला समिति की बैठक हुई।

इसमें मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से रामा पांडेय को छह माह तक के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। साथ ही पांडेय पर लगे रंगदारी जैसे संगीन मामले की जांच करने के लिए सात सदस्यों की जांच कमेटी का भी गठन किया गया है।

इसमें झामुमो जिला सचिव राहुल आदित्य, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र महतो, मो. इकबाल अहमद, दीपक कुमार प्रधान, जिला संगठन सचिव चंद्रमोहन बिरुवा, वृंदावन गोप व जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी को जांच कमेटी में शामिल किया गया है। यह कमेटी पांडेय के विरुद्ध लगे रंगदारी मांगने समेत कई संगीन मामले पर 15 दिन के अंदर जांच कर जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम को सौंपेगी।

बैठक में सचिव राहुल आदित्य, जिला उपाध्यक्ष अशोक दास, दीपक कुमार प्रधान, प्रेम मुंडरी, इकबाल अहमद, अकबर खान, जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी, जिला संगठन सचिव मानाराम कुदादा, सह सचिव हरिलाल करजी, दिनेश चंद्र महतो, चंद्रमोहन बिरुवा, सह सचिव बंधना उरांव, मो. मुजाहिद अहमद, वृंदावन गोप, कांडे तियु, विनय प्रधान, संदेश सरदार, विश्वनाथ बाड़ा आदि उपस्थित थे।

जल्द बदलेगी रांची की सड़कों की सूरत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राजधानी में जल्द ही सिक्स लेन व फोरलेन सड़क का निर्माण होगा। कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन दो परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी। मार्च 2027 तक इन दोनों परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

एचईसी क्षेत्र स्थित शहीद मैदान से वाया हाई कोर्ट होते हुए रिंग रोड तक व दूसरा अरगोड़ा से रिंग रोड तक। इन दो सड़कों का निर्माण होने से वाहनों का आवागमन सुगम होगा। कैरेज-वे सुदृढ़ होगा। लंबी दूरी तय करने में समय की बचत होगी।

एचईसी क्षेत्र स्थित शहीद मैदान से रिंग रोड तक छह लेन सड़क का निर्माण होगा।

झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से इस सिक्स लेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा। लगभग 301 करोड़ की लागत से निर्माण होने वाले इस सिक्स लेन सड़क की लंबाई 8.29 किलोमीटर होगी। इस सड़क का निर्माण होने के बाद 25 से 30 मिनट का सफर मात्र पांच मिनट में पूरा किया जा सकेगा।

वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई सात से 10 मीटर है, जिसे सिक्स लेन में बदलने का प्रस्ताव है।इस परियोजना में डिवाइडेड कैरेज-वे, सर्विस रोड, साइकिल ट्रैक व फुटपाथ शामिल होंगे। इसके अलावा पुल निर्माण व लिंक रोड भी बनाए जाएंगे।

पुराना अरगोड़ा चौक से पुंदाग होते हुए नया सराय तक फोरलेन सड़क बनेगी। इस सड़क की लंबाई 6.175 किलोमीटर होगी। फिलहाल इस मार्ग की स्थिति जर्जर हो चुकी है, जबकि इस मार्ग पर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) जैसे महत्वपूर्ण संस्थान है।

इस संस्थान के बगल में ही पासपोर्ट कार्यालय का भी निर्माण कराया जा रहा है। इसी मार्ग पर आरबीआइ का कार्यालय भी है। इस मार्ग पर कई स्कूल भी संचालित हो रहे हैं। सड़क की स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण इस मार्ग पर वाहन चालक जाम की समस्या भी जूझते रहते हैं।

मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थी परेशान

भरनो। मंईयां सम्मान योजना की राशि से वंचित लाभार्थी एक बार फिर बेचैन और परेशान नजर आ रहे हैं। इसका कारण है कि कुछ लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में को राशि क्रेडिट हो रही है, लेकिन कुछ लाभार्थियों के अकाउंट में पैसे नहीं आए हैं। लाभार्थी इस बात को लेकर परेशान हैं कि किस खाते में राशि आ रही है और किस खाता में नहीं। बैंक खाते में राशि नहीं आने के कारणों को जानने के लिए लाभार्थी कभी बैंक तो कभी प्रज्ञा केंद्र, कभी ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटर से जांच कराने के लिए चक्कर काट रहे हैं। कहीं भी लाभुकों को संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

पहली, दूसरी और तीसरी के बाद लाभुकों के खाते में जिस रुझान के साथ पैसा आ रहा था उस रुझान से अभी पैसा नहीं आ रहा है। लाभुकों को छंटनी का भी भय सता रहा है। जिस कारण घर व खेती-बाड़ी का काम छोड़कर महिलाएं ब्लॉक और बैंक क चक्कर लगा काट रही हैं। बीडीओ ने बताया कि मंईयां सम्मान का पोर्टल ही अभी बंद है। जिसके कारण यह पता नहीं चल पा रहा है कि किन कारणों से लाभुकों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।

18 अगस्त से पुरूषोत्तम एक्सप्रेस नहीं जायेगी नई दिल्ली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। पुरी से नई दिल्ली के बीच चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 18 अगस्त से नई दिल्ली के बदले आनंद विहार तक चलेगी। वापसी में 20 अगस्त से आनंद विहार से पुरी के लिए चलेगी। नई दिल्ली के स्थान पर आनंद विहार तक चलने से 10 मिनट पहले पहुंचेगी।

अभी पुरी से रात 9:55 पर चलकर अगले दिन बोकारो व गोमो तथा उसके अगले दिन अलसुबह 4:00 बजे नई दिल्ली पहुंचती है। अब अलसुबह 3:50 पर आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में नई दिल्ली से रात 10:40 पर खुल कर सुबह 5:25 पर पुरी पहुंचती है। अब आनंद विहार से रात 10:50 पर रवाना होगी।

आनंद विहार के अलावा अन्य किसी स्टेशन पर आगमन-प्रस्थान के समय में बदलाव नहीं होगा। नई दिल्ली के बदले आनंद विहार तक चलने से किराए में भी फेरबदल होगा। स्लीपर से फर्स्ट एसी तक



पांच से 45 रुपये कम चुकाना होगा। उदाहरण के तौर पर गोमो से नई दिल्ली तक का स्लीपर श्रेणी में किराया 560 रुपये है। आनंद विहार तक चलने से किराए में पांच रुपये की बचत होगी और प्रत्येक यात्री को 555 रुपये चुकाना होगा। इकोनॉमी में 1375 के बदले 1355, थर्ड एसी में 1470 के बजाय 1455, सेकेंड एसी में 2100 के बदले 2070 व फर्स्ट एसी के लिए 3545 के स्थान पर 3500 रुपये चुकाना होगा। 12801 पुरी-नई दिल्ली व व 12802 नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पुरी से एक जुलाई व नई दिल्ली से दो जुलाई 1993 को पहली बार चली थी। अब 32 वर्षों बाद नई दिल्ली को अलविदा कहेगी।

ऐतिहासिक बड़की बांध बदहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के ऐतिहासिक रमुआ स्थित बड़की बांध की दुर्दशा आज चिंता का विषय बन गई है। सदियों पुराना यह बांध जो कभी जल संचयन, सिंचाई और मत्स्य पालन के लिए प्रसिद्ध था, आज अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। बांध में चारों ओर फैली गंदगी और प्रदूषण के कारण मछलियों का बड़े पैमाने पर मौत हो रही है, जिससे क्षेत्र में भयंकर दुर्गंध फैल गई है और लोगों का आना-जाना तक दूभर हो गया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बांध से निकलने वाली सिंचाई नहरें अतिक्रमण का शिकार हो चुकी हैं, जिससे किसानों को जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही, बांध का निकासी क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द ही मरम्मत और सफाई नहीं हुई, तो आने वाली बारिश में बांध के टूटने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

करीब 13 एकड़ क्षेत्रफल में फैला बड़की बांध अब मिट्टी भराव और अतिक्रमण के कारण सिमट कर छोटा हो गया है। सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों पर भी प्रशासन मौन धारण किए हुए है।

इस विषय पर जब विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि प्रखंड में कुल 24 पंचायतें हैं और सिर्फ 3-4 राजस्व कर्मचारी कार्यरत हैं, जिससे कार्यभार अत्यधिक हो गया है। राजस्व अमीनों की भारी कमी के कारण भूमि की मापी एवं कार्रवाई में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन अविलंब इस ऐतिहासिक धरोहर की सुध ले, बांध की सफाई, मछलियों की मौत की जांच और सिंचाई नहरों से अतिक्रमण हटाया जाए, जिससे क्षेत्र के किसान और आमजन राहत की सांस ले सकें।

इमरान प्रतापगढ़ी से मिले कार्यकर्ता, मिला जिला दौरे का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। रांची में आयोजित कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से हजारीबाग के अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। कार्यकताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें हजारीबाग आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने मुस्कुराकर स्वीकार किया और जल्द दौरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे, जिनमें पूर्व जिलाध्यक्ष आबिद अंसारी, जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, बाबर अंसारी, सलीम रजा, तसलीम अंसारी समेत कई अन्य प्रमुख नाम शामिल रहे। यह मुलाकात प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी एवं प्रभारी जीनल एन. गाला की उपस्थिति में संपन्न हुई।

समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने पर 13 वर्षीया बच्ची की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोड्डा। राज्य सरकार भले ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड स्थित मदनपुर गांव में एक 13 वर्षीय बच्ची की जान समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण चली गई।

जानकारी के अनुसार, 13 वर्षीय दर्शन कुमारी रविवार को अपने घर की छत पर बारिश में नहा रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह बगल के मकान की छत पर जा गिरी। गिरने से उसका पेट छत के पिलर से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर उसे रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल प्रशासन घायल बच्ची को रांची ले जाने के लिए समय पर एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं कर सका।

परिजनों के अनुसार, उन्होंने 108 नंबर पर बार-बार कॉल किया, लेकिन कोई एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। अंततः मजबूर होकर उन्होंने निजी वाहन से उसे रांची ले जाने का निर्णय लिया। लेकिन रास्ते

अस्पताल प्रबंधन लगा आरोप

में ऑक्सीजन की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्ची की मौत हो गई।मृतका के पिता संतोष महतो ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, अगर समय पर एंबुलेंस मिल जाती, तो मेरी बेटी की जान बच सकती थी। प्रशासन ने हमें अकेले छोड़ दिया।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि गोड्डा सदर अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। इस घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने हाल ही में सदर अस्पताल में तोड़फोड़ भी की थी। लोगों का आरोप है कि समय पर इलाज न मिलने से यह स्थिति उत्पन्न हुई।

यह कोई पहली घटना नहीं है। राज्य के कई जिलों में जहां मरीज एंबुलेंस के इंतजार में दम तोड़ रहे हैं, वहीं कई जगह सरकारी एंबुलेंसें निष्क्रिय पड़ी हैं। यह मामला राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी लगातार अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं और सुधार की बात कह रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी तक कोई ठोस बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर हजारीबाग सहित देशभर के जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर तक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। हजारीबाग के सभी 26 मंडलों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने डॉ. मुखर्जी को पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया।



स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करना और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना है।

कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव और सुदेश चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के जीवन, विचारधारा और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जय नारायण प्रसाद, रेणुका साहू, मनोरमा राणा, सत्यभामा शर्मा, किशोरी राणा, विजय वर्मा, दामोदर साहू, राकेश वर्मा, बंटी तिवारी, जयप्रकाश, राजेश राणा, अमन कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री से सरकार ने वापस लिए हथियार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चाईबासा। पिछली सरकार में मंत्री रहे कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता ने अपने रसूख के बल पर अत्याधुनिक ग्लाक पिस्टल खरीदी थी। उन्होंने इसका लाइसेंस भी प्राप्त कर लिया था। इस बार विधानसभा चुनाव में हारने और सरकार से बाहर हो जाने के बाद राजनीति में कमजोर पड़े बन्ना गुप्ता से सरकार ने ग्लाक पिस्टल को वापस मांग लिया है।

इस संबंध में जमशेदपुर के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की ओर जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी करते हुए बन्ना गुप्ता से उक्त पिस्टल को लेकर राज्यकीय शस्त्रागार में जमा करने के लिए कहा है।

बताया जा रहा है कि जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक रहते हुए और सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहने के दौरान वर्ष 2022-23 में उन्होंने पश्चिम बंगाल के कोलकाता से अत्याधुनिक ग्लाक पिस्टल खरीदी थी। पुलिस विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि ग्लाक वर्तमान समय में सबसे आधुनिक पिस्तौल में से एक है। इसका बाजार मूल्य लगभग 18 लाख रुपये है।

0.42 बोर की इस पिस्तौल को सामान्य नागरिक अपने पास नहीं रख सकते हैं। झारखंड में गिने-चुने लोगों को ही इसका लाइसेंस दिया गया है। सामान्य नागरिकों को केवल 0.32 बोर की पिस्तौल रखने के लिए लाइसेंस निर्गत होता है।

उपायुक्त के पत्र के अनुसार सरकार के अवर सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के 6 मार्च 2025 को जारी एक पत्र के आलोक में पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जिला अतर्गत ग्लाक पिस्टल धारण करने वाले लोगों की सूची में इस जिला से संबंधित एकमात्र अनुज्ञप्तिधारक कदमा निवासी ब्रजेश गुप्ता उर्फ बन्ना गुप्ता के नाम पर शस्त्र अंकित है। विभागीय निर्देश के आलोक में बन्ना गुप्ता से शस्त्र प्राप्त कर राज्यकीय शस्त्रागार में जमा किया जाना है।

हजारीबाग के लाल मनीष जायसवाल : एक साल का सांसद कार्यकाल- बेमिसाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। 24 जून 2024 का दिन हजारीबाग के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लाल सांसद मनीष जायसवाल की बुलंद आवाज पहली बार देश के सर्वोच्च सदन संसद भवन से गूँजी। यह वह दिन था जब एक ओर विश्व नेता के रूप में स्थापित हुए हिंदुस्तान के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार जनादेश प्राप्त कर मोदी सरकार 3.0 की की शुरूआत करते हुए खुद लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लिया वहीं मनीष जायसवाल ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेते हुए अपने नाम के साथ अपने पिता का नाम जोड़कर स्मैं मनीष ब्रजकिशोर जायसवाल, ईश्वर की शपथ लेता हूँ... कहकर अपनी पितृ भक्ति का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खूब सराहना हुई ।

04 जून 2024 को लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आए, जिसमें हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता ने अपने चहेते जननेता और भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को अपार जनादेश देकर सांसद चुना। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का दो बार प्रतिनिधित्व करने के बाद, पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे मनीष जायसवाल की जीत कई मायनों में बेहद खास थी। उनकी जीत की गूँज न केवल हजारीबाग, बल्कि पूरे देश में सुनाई दी, क्योंकि यह वह सीट है जहाँ से पूर्व में वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जैसे नेता रहे हैं।

मनीष जायसवाल ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी को बुरी तरह हराकर अपने पिता ब्रजकिशोर जायसवाल के अधूरे सपने को पूरा किया, जिन्होंने पूर्व में सांसद का चुनाव लड़ा था। उनकी जीत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच उम्मीद की एक नई किरण बनकर आई और पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल



था । चुनाव जीतने के बाद, आहिस्ता चल जिंदगी, कुछ कर्ज चुकाने बाकी हैं, कुछ के दर्द मिटाने बाकी हैं, कुछ फर्ज निभाने बाकी हैं... के भाव को आत्मसात करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की वेदना को समझा और उनके अनुरूप फर्ज निभाने का दृढ़ संकल्प लिया। फिर क्या था, अनवरत जनसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए सड़क से लेकर लोकतंत्र के सबसे बड़े सदन संसद तक, उन्होंने पूरी शिद्दत से जनमुद्दों को उठाया।

सांसद ने लोकसभा चुनाव 2024 में जीत दर्ज करने के तुरंत बाद ही बतौर सांसद आभार यात्रा निकाली, जो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कोडरमा जिले के चंदवारा से लेकर चतरा जिले के पिपरवार तक, कटकमसांडी से लेकर विष्णुगढ़ तक और चौपारण के चोरदाहा से लेकर रामगढ़ के बरलंगा तक, गोला से लेकर पतरातु तक - पाँचों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना कर अपनी ईश्वरीय आस्था का प्रदर्शन किया। शत- प्रतिशत उपस्थिति के साथ संसदीय भागीदारी सुनिश्चित की। 24 जून से लेकर 3 जुलाई तक चली 18वीं लोकसभा सत्र में उन्होंने अपने नाम के साथ अपने पिता ब्रजकिशोर जायसवाल के नाम का उल्लेख करते हुए शपथ ली। ओथ सत्र के अलावे दो बजट सत्र और एक शीतकालीन सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र और देश भर के विभिन्न मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाते हुए जनता की आवाज बनकर उभरे। इस दौरान क्षेत्र के हर वर्ग और ज्वलंत मुद्दों को उन्होंने बेबाकी से संसद के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया । खेल को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरे। सांसद खेल महोत्सव- 2024 का बृहद पैमाने पर आयोजन कर उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के हर एक प्रखंड में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का व्यापक विस्तार किया और खेल के क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में एक नई क्रांति लाई। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2025 की शुरूआत की तैयारी भी लगभग पूर्ण कर ली गई है और जुलाई महीने से ही इसका शुरूआत होने वाला है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लोकउत्सव का रूप धारण कर चुके यहां के रामभक्त श्रद्धालुओं के रोम- रोम में पुलकित होने वाले रामनवमी- 2025 के दौरान सांसद पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र वितरण अभियान चलाकर हर अखाड़े तक तलवार और लाठी पहुंचाया ताकि रामनवमी के दौरान इस क्षेत्र में सदियों से चल रही अस्त्र-शस्त्र कला कौशल प्रदर्शन की परंपरा को अक्षुण्ण रखा जाए। हजारीबाग और रामगढ़ जिले के दिव्यांगों को सहायक यंत्र उपलब्ध कराने के लिए कैंप लगाया और फिर जरूरत के अनुरूप उन्हें सहायक यंत्र उपलब्ध कराया। क्षेत्र के कार्यरत विभिन्न कंपनियों के सीएसआर के तहत जनउपयोगी कार्य करने हेतु उन्हें निरंतर प्रेरित किया ।

संसद की तीन महत्वपूर्ण समितिय जिसमें प्राक्कलन समिति, फूड एंड कंज्यूमर अफेयर्स समिति और कोल एंड माइंस समिति में बतौर सदस्य उन्हें शामिल किया गया है। उन्होंने तीनों कमेटियों की सभी बैठकों में शत-प्रतिशत हिस्सा लिया है। जन-मुद्दों पर हमेशा मुखर रहते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों से मिलकर उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को उठाया और उनके निराकरण का पूर्ण प्रयास किया। झारखंड की विधि-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, कुव्यवस्था और वर्तमान सरकार की तुष्टीकरण की नीति पर भी पुरजोर प्रहार करते हुए उन्होंने जनता के अनुरूप प्रखरता से आवाज बुलंद की। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों की मनमानी पर उनका जबरदस्त एक्शन, पुलिसिया जुल्म और बर्बरता के खिलाफ रामगढ़ के गोला और हजारीबाग के सदर थाना के बाहर घंटों के धरने के बाद पुलिस विभाग का बैकफुट पर आना, एवं हजारीबाग और रामगढ़ जिले में अघोषित बिजली कटौती और विभागीय रवैये के खिलाफ प्रचंड धरना प्रदर्शन के पश्चात बिजली की स्थिति में सुधार की कार्रवाई से उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनहित के मुद्दे को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध का कोई भी कसर छोड़ेंगे नहीं। मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए सदैव जनता से जुड़े रहें ।

विधानसभा चुनाव- 2024 में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए उन्होंने हजारीबाग जिले और रामगढ़ जिले के सभी विधानसभा सीटों पर एनडीए समर्थित 6 में से 5 विधानसभा सीटों पर प्रचंड जीत दिलाई, जिससे करीब 25 साल बाद हजारीबाग में एनडीए का रिकॉर्ड वापसी हुआ। बीते दिल्ली विधानभा चुनाव में पार्टी द्वारा दो विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी का दायित्व मिला उसे भी बखूबी निभाया। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 योजना के तहत सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की 101 जरूरतमंद बहन/बेटियों के अरमानों को पूरा करते हुए उन्होंने उनके सपनों को साकार किया और एक भाई बनकर पूरे शान-ओ-शौकत के साथ दैनिक जीवन में पारिवारिक और घरेलू जरूरी सामग्री देकर उनका कन्यादान कराया। पूरे लोकसभा क्षेत्र में हजारों बहनों को उनकी शादी से पूर्व लहंगा भेंटकर और उनसे सीधे बात करके उन्होंने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सांसद तीर्

ओलंपियन ललित ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से लिया संन्यास

कहा घरेलू मैच व प्रो हॉकी लीग खेलते रहेंगे

वाराणसी, एजेंसी। अर्जुन अवार्डी ललित ने अपने एक्स हैंडल पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी से रिटायरमेंट का एलान किया। हालांकि उन्होंने बताया कि वह पहले ही तरह घरेलू और प्रो हॉकी लीग में खेलते रहेंगे। फिलहाल वे इन दिनों बेल्जियम में चल रही प्रो हॉकी लीग में व्यस्त हैं। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे ललित उपाध्याय ने रविवार रात अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्सास का एलान पर सबको चौंका दिया। अर्जुन अवार्डी ललित ने अपने



एक्स हैंडल पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी से रिटायरमेंट का एलान किया। हालांकि उन्होंने बताया कि वह पहले ही तरह घरेलू और प्रो हॉकी लीग में खेलते रहेंगे। फिलहाल वे इन दिनों बेल्जियम में चल रही प्रो हॉकी लीग में व्यस्त हैं। बातचीत में उन्होंने अपने यादगार कॅरिअर के लिए अपने प्रारंभिक कोच परमानंद मिश्र को याद किया। कहा कि उन्होंने शुरुआती दिनों में हॉकी खेलने में मदद की और मुझे यहां तक पहुंचाया। यूपी कॉलेज के मैदान से हॉकी का ककहरा सीखने वाले ललित ने अपने छोटे से कॅरिअर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी टीम के लिए यादगार प्रदर्शन किए हैं।

छोटे से गांव से शुरू हुआ सफर

ललित ने अपने एक्स पर यह भी लिखा है कि उनकी यात्रा एक छोटे से गांव से शुरू हुई, जहाँ सीमित संसाधन थे, लेकिन सपने असीम थे। एक स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक - एक बार नहीं, बल्कि दो बार - यह चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रास्ता रहा है। यह भी बताया है कि 26 साल बाद अपने शहर से ओलंपियन बनना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा सम्मान और कृतज्ञता के साथ अपने साथ रखूँगा। ललित ने अपने अब तक के सफर में कोच परमानंद के साथ ही हरिंदर, समीर, धनराज आदि को मार्गदर्शक बताया है। साथ ही हरमनप्रीत सिंह को भी याद किया है।

अल ऐन पर जीत के साथ नॉकआउट में पहुंची मैनचेस्टर सिटी

अटलांटा, एजेंसी। मैनचेस्टर सिटी ने सोमवार को अल ऐन पर 6-0 की शानदार जीत। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ-16 में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ही जुवेंटस का क्वालीफिकेशन भी तय हो गया है। इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी की ओर से इल्के गुंडोगन (8 और 73) ने 2 गोल दोगे। इनके अलावा क्लाउडियो एचेवेरी (27), एर्लिंग हैलैंड (45+5), ऑस्कर बॉब (84) और रेयान चेर्की (89) ने टीम ने एक-एक गोल किए।

पेप गार्डियोला की टीम हमेशा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं रही, लेकिन जब गुंडोगन ने उन्हें आठवें मिनट में बढ़त दिलाई, उसके बाद से टीम ने लगातार पकड़ बनाए रखी। 19 वर्षीय एचेवरी ने क्लाउडियो एचेवरी इस टूर्नामेंट में लियोनेल मेसी के बाद फ्री-किक से सीधे गोल करने वाले अर्जेंटीना के दूसरे खिलाड़ी बन गए। गार्डियोला की टीम ने एकतरफा दूसरे हाफ में अपना दबदबा बनाए रखा। बर्नार्डो सिल्वा के एक चतुर रिवर्स पास के बाद ऑस्कर बॉब के एक स्मार्ट फिनिश ने उनकी बढ़त को और बढ़ा दिया। मैच के एक मिनट पहले ही स्कोरलाइन में एक और गोल का इजाफा हो गया। हैलैंड ने चेर्की को पास दिया और उन्होंने टीम के लिए छठा गोल दाग दिया। गार्डियोला की टीम अब जुवेंटस एफसी का सामना करेगी। स्टैंडिंग को देखें, तो मैनचेस्टर सिटी शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर है, जबकि जुवेंटस दोनों मैच जीतकर पहले स्थान पर मौजूद है। इस ग्रुप के अन्य मुकाबले में जुवेंटस ने अपने पिछले मैच में वायदाद एसी के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की है। इस ग्रुप में वायदाद एसी और अल ऐन ने अब तक दो-दो मुकाबले खेले हैं, लेकिन जीत का खाता नहीं खोल सके। दोनों टीमें फिलहाल तीसरे और चौथे पायदान पर मौजूद हैं।

कार्लोस अल्काराज ने खिताब जीता

लेहेका को हराकर क्वींस क्लब में शामिल

लंदन, एजेंसी। कार्लोस अल्काराज ने रविवार को जिरी लेहेका को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराते हुए एचएसबीसी चैंपियनशिप 2025 का फाइनल अपने नाम कर लिया। यह उनका दूसरा क्वींस क्लब खिताब है। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने इस सीजन का पांचवां खिताब जीता। उनके करियर की यह 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी है, जिसे जीतने के लिए उन्होंने रोमांचक और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, यह टूर्नामेंट मेरे लिए खास है। मैं एक बार फिर ट्रॉफी उठाकर खुश हूं। मैं बिना किसी उम्मीद के यहां आया था। बस अच्छा टेनिस खेलने की कोशिश रही। मैं भाग्यशाली था कि चैंपियन बना। यहां मेरे बहुत सारे दोस्त और परिवार हैं, जिन्होंने मुझे कोर्ट के अंदर और बाहर वास्तव में सहज महसूस कराया। फाइनल में लेहेका के खिलाफ खेलते हुए अल्काराज ने पहले सेट में बढ़त हासिल की थी। वह दूसरे सेट में तनावपूर्ण टाई-ब्रेक में बेहद कम अंतर से हार गए। लेकिन निर्णायक सेट में जोरदार वापसी की और ग्रास-कोर्ट में अपने अनुभव और क्षमता को दिखाया और सेट जीतने के साथ ही खिताब पर भी कब्जा किया। लेहेका का यह पहला ग्रास-कोर्ट फाइनल था। ग्रास कोर्ट पर अल्काराज का यह चौथा खिताब था। वह नोवाक जोकोविच, माटेओ बेरेटिनी, टेलर फ्रिट्ज और निकोलस माहुत के साथ चार या उससे अधिक खिताब जीतने वाले एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी बन गए। दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में विंबलडन में प्रवेश करते हुए, अल्काराज ने 18 मैचों की जीत की लकीर खींची है। यह अबतक का उनका सबसे लंबा जीत क्रम है। मियामी में आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद से अल्काराज लगभग अजेय रहे हैं। उन्होंने 27-1 का रिकॉर्ड बनाया है और मोटे-कार्लो, रोम, रोलैंड गैरोस और अब लंदन में प्रतिष्ठित खिताब जीते हैं। उन्होंने पीआईएफ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में जैनिक सिनर पर अपनी बढ़त भी बढ़ा ली है। फाइनल गंवाने के बाद लेहेका ने कहा, मेरे लिए अब शब्द ढूंढ़ने मुश्किल हैं। लेकिन, मैं बहुत खुश हूं कि मुझे आज खिताब के लिए लड़ने का मौका मिला। मैंने आज अपना सबकुछ दिया, दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था। कार्लोस और उनकी टीम को शानदार काम करने के लिए बधाई।



वैभव सूर्यवंशी का दीवाना एमएलसी 2025 में छाया

9 छक्के, 16 चौके उड़ाते हुए ठोके 161 रन, टूटे 5 बड़े रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में जो कर दिखाया है, उसके बाद हर तरफ उनके ही जलवे हैं. उनके ही चाहने वालों की लंबी होती लिस्ट है. ऐसा ही एक दीवाना वैभव सूर्यवंशी का इस वक्त अमेरिका में चल रही मेजर लीग क्रिकेट में भी खेल रहा है. इस वक्त 2025 में छाए वैभव सूर्यवंशी के उस दीवाने का भारत से गहरा नाता है. हम बात कर रहे हैं भारत को अंडर 19 का वर्ल्ड कप अपन कप्तानी में जिताने वाले खिलाड़ी उनमुक्त चंद की. भारत में मौके नहीं मिलने के चलते उन्मुक्त ने अमेरिका का रुख किया. वो अब वहीं से क्रिकेट खेलते हैं. फिलहाल, अपनी बल्लेबाजी को लेकर रूष्ट में छाए हैं.

अब आप सोच रहे होंगे कि उन्मुक्त चंद और वैभव सूर्यवंशी के दीवाने? तो जी हा, जरूरी नहीं कि फैन केवल बड़े खिलाड़ियों के ही हों. वैभव सूर्यवंशी जैसे उभरते सितारे भी लोगों को अपना दीवाना बना रहे हैं. उन्मुक्त चंद उसी फेहरिस्त का एक हिस्सा हैं, जो वैभव की बैट स्पीड और हैंड आई को-ऑर्डिनेशन के कायल हैं. उन्होंने कहा भी है कि इस मामले में उसकी काबिलियत गजब की है.

बहरहाल, वैभव सूर्यवंशी के तारीफों के पूल बांधने वाले उन्मुक्त चंद ने एमएलसी 2025 में 161 रन ठोक दिए हैं. ये कमाल उन्होंने 9 छक्के और 16 चौके की मदद से किए हैं. इतने रन बनाने के साथ ही वो फिलहाल एमएलसी 2025 के टॉप 10 रनवीरों में छठे नंबर पर आ गए हैं. उन्मुक्त चंद के एमएलसी 2025 में बनाए ओवरऑल रन में उनका सर्वाधिक स्कोर 86 रनों की नाबाद पारी का है, जो कि उन्होंने 22 जून को खेले मुकाबले में बनाए हैं.



उन्मुक्त चंद ने दिलाई टीम को धमाकेदार जीत

एमएलसी 2025 में 22 जून को सिएटल ओर्कास और लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला हुआ. इस मुकाबले में सिएटल ओर्कास ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बनाए, जवाब में 178 रन के लक्ष्य का पीछा लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने 10 गेंद पहले ही 4 विकेट खोकर पूरा कर लिया. लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच बने उन्मुक्त चंद ने सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने ओपन करते हुए 58 गेंदों पर 148 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से नाबाद 86 रन बनाए, उन्मुक्त ने इस पारी के साथ टीम को तो जीत दिलाई ही, साथ ही 5 बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम किए.

टूटे ये 5 बड़े रिकॉर्ड

उन्मुक्त चंद ने पहला रिकॉर्ड लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने का तोड़ा. अपना 10वां मैच खेलते हुए उन्होंने इस मामले में सुनील नरेन को पीछे छोड़ा. उन्होंने सैफ बदर के साथ मिलकर 139 रन की पार्टनरशिप की, जो कि लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के लिए हुई किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है. उन्मुक्त चंद ने अपनी इनिंग में 64 रन बाउंड्री से बनाए, जो कि लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के लिए एक नया रिकॉर्ड है. इतना ही नहीं उन्मुक्त के बनाए 86 रन टी-20 में लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के किसी भी बल्लेबाज के बल्ले से निकला सबसे बड़ा स्कोर है. सिएटल ओर्कास और लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के बीच मैच में कुल 355 रन बने, जो कि दोनों टीमों के बीच खेला सबसे ज्यादा रनों वाला मैच है.

तैराकी चैंपियनशिपः

रोहित के नाम राष्ट्रीय रिकॉर्ड

तैराकी चैंपियनशिप की 100 मीटर बटरफ्लाई में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

भुवनेश्वर, एजेंसी। तमिलनाडु के तैराक बी बेनेडिकटन रोहित ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला। रोहित ने कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में 52.57 सेकेंड का समय लिया। उन्होंने इस मीटर बटरफ्लाई में ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय और रेलवे की आस्था चौधरी एक मिनट 3.50 सेकेंड के समान समय के साथ शीर्ष पर रहीं। कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा ने पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल में एक मिनट 50.85 सेकेंड के समय के साथ प्रकाश को सिर्फ 0.01 सेकेंड से पछाड़ा। तनीष मैथ्यू,




प्रदर्शन के साथ एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2009 में बनाए 52.77 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया। उन्होंने दो बार के ओलंपियन साजन प्रकाश के 53.24 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया। इसके साथ ही रोहित ने 27 जुलाई से सिंगापुर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का 'बी' क्वालीफिकेशन स्तर भी हासिल कर लिया। अखिल भारतीय पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रकाश ने 53.51 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता, जबकि रेलवे के बिक्रम चांगमाई ने 54.35 सेकेंड से कांस्य पदक जीता। महिला 100 चिंतन शेट्टी, दर्शन एस और अनीष गौड़ा की कर्नाटक की चौकड़ी ने सात मिनट 40.90 सेकेंड के साथ पुरुष चार गुणा 200 मीटर का खिताब जीता। दिल्ली की भव्या सचदेवा ने महिला 400 मीटर फ्रीस्टाइल, रेलवे की हर्षिता जयराम ने महिला 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और तमिलनाडु के दानुष सुरेश ने पुरुष 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब अपने नाम किया। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तभी माना जाता है जब यह राष्ट्रीय एक्वाटिव चैंपियनशिप के दौरान हासिल किया गया हो। अन्य प्रतियोगिताओं के समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है।

ग्लेन मैक्सवेल की टीम ने रचा इतिहास

लगाया जीत का चौका; फाफ डुप्लेसिस की तूफानी पारी पर फिरा पानी

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्लेन मैक्सवेल की अगुआई वाली वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर क्रिकेट लीग-2025 (एमएलसी) के 13वें मैच में टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम की जीत के हीरो मिचेल ओवेन रहे। उन्होंने गेंद के बाद बल्ले से भी जलवा बिखेरा। सीजन में लगातार चौथी जीत के साथ वाशिंगटन फ्रीडम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर मजबूती के साथ खड़ी है। इस टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि लगातार दूसरी हार के बाद टेक्सास सुपर किंग्स तीसरे पायदान पर है।

- **डुप्लेसिस की सुपर किंग्स ने 20 ओवर में बनाए 220 रन-** डलास में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी फाफ डुप्लेसिस की अगुआई वाली टेक्सास सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 220 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने की उतरी वाशिंगटन सुंदर ने 19.4 ओवर में 3 विकेट पर 223 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। इसके साथ ही उसने मेजर क्रिकेट लीग में सबसे सफल रन चेज का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पिछला रिकॉर्ड 201 रन का था, जिसे इस सप्ताह की शुरुआत में एमआई न्यूयॉर्क ने सिएटल ऑर्कस के खिलाफ चेज कर बनाया था।
- **डुप्लेसिस और समित पटेल ने 28 गेंद में ही ठोक दिए थे 55 रन-** समित पटेल और कप्तान फाफ डुप्लेसिस की सलामी जोड़ी ने टेक्सास सुपर किंग्स को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने 4.4 ओवर में 55 रन की साझेदारी की। समित 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद फाफ डुप्लेसिस ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 31 गेंद में 4 छक्कों और 8 चौकों की मदद से 69 रन जड़े। उनके अलावा मार्कस स्टोइनिस ने 32 और मिलिंद कुमार ने 31 रन की पारी खेली। शुभम रंजन ने 10 गेंद में ताबड़तोड़ 26 रन जड़ते हुए टीम को 200 के पार पहुंचाया। वाशिंगटन फ्रीडम के मिचेल ओवेन ने 3 विकेट झटके। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल को 2 और रचिन रविंद्र को 1 सफलता मिली।
- **मिचेल ओवेन और एंड्रीस गौस ने रखी जीत की नींव-** लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाशिंगटन फ्रीडम 38



के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन इसके बाद मिचेल ओवेन ने एंड्रीस गौस के साथ मिलकर टीम को जीत की राह पर लाए। मिचेल ओवेन (52 गेंद में 89 रन) और एंड्रीस गौस (45 गेंद में नाबाद 80 रन) वाशिंगटन फ्रीडम की जीत के मुख्य सूत्रधार रहे। ओवेन और गौस ने सुनिश्चित किया कि टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डुप्लेसिस की तूफानी पारी पर पानी फिर जाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई। मिचेल ओवेन के पवेलियन लौटने के बाद एंड्रीस गौस ने ग्लेन मैक्सवेल (20) के साथ मिलकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 51 रन जोड़े। टेक्सास सुपर किंग्स की ओर से तीनों विकेट एडम मिल्ने ने लिए। उन्होंने 4 ओवर में 42 रन दिए।

इंडिया-इंग्लैंडः सचिन तेंदुलकर का नाम पहले क्यों नहीं?

अंग्रेजों पर बरसे सुनील गावस्कर, इस फैसले से नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून को लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में हुआ था. भारत-इंग्लैंड के बीच यह सीरीज इस बार एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही है. क्रिकेट जगत के दो दिग्गजों जेम्स एंडरसन और सचिन तेंदुलकर के नाम पर इस ट्रॉफी का नामकरण किया गया है.

सुनील गावस्कर ने ईसीबी पर साधा निशाना

बता दें कि पहले भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के विजेता को पटौदी ट्रॉफी दी जाती थी, लेकिन इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा सीरीज की शुरुआत से पहले नाम बदलने का फैसला किया. पटौदी ट्रॉफी देने की परंपरा 2007 में शुरू हुई थी, तब दोनों देशों के बीच इंग्लिश धरती पर खेले गए पहले टेस्ट मैच के 75 साल पूरे हुए थे.

अब टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एवं महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने ईसीबी पर जमकर निशाना साधा है. गावस्कर इस बात से



खुश नहीं हैं कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में जेम्स एंडरसन का नाम सचिन तेंदुलकर से पहले क्यों रखा गया. दलील दी जा रही कि इस सीरीज का नाम वर्णमाला क्रम में रखा गया है, लेकिन गावस्कर ने इस तर्क को खारिज कर दिया है.

सुनील गावस्कर का मानना है कि क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की उपलब्धियां हर मामले में एंडरसन से ज्यादा है. गावस्कर ने भारतीय फैन्स से आग्रह किया कि वो मौजूदा सीरीज को तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कहें. सुनील गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा, ईसीबी को इस सीरीज को किसी भी नाम से पुकारने का पूरा हक है, लेकिन ज्यादातर भारतीय क्रिकेट फैन्स के लिए ये चौंकाने वाली बात है कि इसमें एंडरसन का नाम पहले आता है. कपिल देव के साथ-साथ सचिन तेंदुलकर ना केवल महानतम भारतीय क्रिकेटर हैं, बल्कि जेम्स एंडरसन से उम्र में 12 साल से भी ज्यादा बड़े हैं. उन्होंने आगे लिखा, जहां तक टेस्ट क्रिकेट में रनों और शतकों का सवाल है, तो सचिन तेंदुलकर नंबर-1 हैं, लेकिन वनडे इंटरनेशनल भी उन्होंने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं और उनका रिकॉर्ड वनडे क्रिकेट में तेंदुलकर जितना अच्छा नहीं है.

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली पुलिस अब लाइसेंस जारी नहीं कर सकेगी, गृह मंत्रालय ने छीना अधिकार



नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस से लाइसेंस जारी करने का अधिकार छीन लिया गया है। अब स्विमिंग पूल, होटल, मोटल, ऑडिटोरियम आदि के लिए लाइसेंस या ओनओसी दिल्ली सरकार या वह संस्था जारी करेगी, जिसके अंतर्गत यह आता है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इससे व्यापारियों को फायदा होगा। उन्हें इसके लिए धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि दिल्ली के लोगों को डबल इंजन सरकार का सीधा-सीधा लाभ मिल रहा है। आज उपराज्यपाल के आग्रह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली पुलिस अधिनियम 1978 के संबंध में निर्णय लिया। इसकी धारा 28 पहले दिल्ली पुलिस को स्विमिंग पूल, खाने के घर, होटल, मोटल, ऑडिटोरियम के लिए लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाण पत्र या अनुमति पत्र जारी करने की इजाजत देती थी, जिसे अब हटा दिया गया है। सीएम ने कहा कि अब लाइसेंस देने की प्रक्रिया सरकार या वह संस्था ही पूरी करेगी जिसके अंतर्गत वह सुविधा आती है। पुलिस का काम सुरक्षा देना है। अब पुलिस बिना किसी बाधा के अपना काम कर सकेगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह जी और उपराज्यपाल जी का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने इतने कम समय में यह फैसला लिया। आज व्यापारियों को जो दिक्कत होती थी, वह खत्म हो गई। यह दिल्ली की जनता के वोट की ताकत है, जिसके कारण से ये फैसले हो पा रहे हैं। डबल इंजन सरकार काम कर पा रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि पहले जिस प्रकार से लाइसेंस की प्रक्रिया में देरी होती थी, उससे लोग परेशान होते थे। आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमला बोलते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उन्होंने इसके लिए कभी काम ही नहीं किया। उनका काम था कि दूसरे को गाली दो। कभी उनकी तरफ से इस तरह का कोई प्रपोजल गया नहीं था। हमने सरकार में आते ही निवेदन किया और उसे मान लिया गया।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का नया ठिकाना तय, बंगला नंबर-1 बनेगा आधिकारिक निवास

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का नया ठिकाना तय हो गया है। अभी वह शालीमार बाग स्थित अपने आवास में रह रही हैं। माना जा रहा है कि वह राज निवास मार्ग स्थित बंगला नंबर एक में रहने जा सकती हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जल्द ही अपने आधिकारिक आवास में निवास करने जा सकती हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने रविवार को जानकारी दी कि वह राज निवास मार्ग स्थित बंगला नंबर एक में रहने जा सकती हैं। लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, चार कमरों और एक हॉल वाला यह बंगला पहले उपराज्यपाल सचिवालय के कर्मचारियों को आवंटित था। इस बंगले का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज निवास मार्ग स्थित बंगला नंबर एक लेने का निर्णय लिया है। उनके रहने से पहले इस बंगले में कराए जाने वाले रिनोवेशन कार्य का अनुमान तैयार किया जा रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय से आवास आवंटन की अंतिम स्वीकृति अभी प्राप्त नहीं हुई है। इसी रोड पर स्थित बंगला नंबर दो में पहले पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल राय रहते थे। अब इसका इस्तेमाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा बैठकें करने के लिए कैंप ऑफिस के तौर पर किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि शालीमार बाग स्थित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के वर्तमान आवास पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं। जगह की कमी के कारण आगंतुकों और पड़ोसियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बता दें कि दिल्ली की नई भाजपा सरकार में ज्यादातर कैबिनेट मंत्रियों को पहले ही शहर में आधिकारिक आवास आवंटित हो चुके हैं।

दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भारी बारिश का अलर्ट, तूफानी हवा भी चलेगी




नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भारी बारिश का अनुमान जाहिर किया है। भारी बारिश के साथ तूफानी हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिनभर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का अनुमान जाहिर किया है। 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवा भी चल सकती है। आईएमडी ने साप्ताहिक बुलेटिन में कहा, शाम को हल्की से तेज बारिश हो सकती है। 30-40 की स्पीड से हवा चल सकती है और बादल भी गरजेंगे।इसी तरह की स्थिति रात में भी रह सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों 24 और 25 जून को भी ऐसी ही स्थिति रहेगी। आईएमडी ने कहा, मंगलवार को दिल्ली के सभी हिस्सों में कई बार बारिश हो सकती है। सुबह हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। बादलों की गरज रहेगी और 30-40 की स्पीड से हवा भी चलेगी।दोपहर, दोपहर बाद, शाम और रात को भी इसी तरह की स्थित रहेगी। दिल्ली से सटे शहरों गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली एनसीआर के इन इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है। दिनभर बादल,बिजली की गरज, तेज हवा और बारिश वाला माहौल रहेगा। नोएडा और गाजियाबाद में भी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में 24 जून को मॉनसून दस्तक दे सकता है। 2013 के बाद पहली बार इतनी जल्दी मॉनसून एनसीआर पहुंच रहा है। तब मॉनसून 16 जून को आया था। दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा के कुछ हिस्सों, पश्चिमी यूपी, पंजाब और जम्मू कश्मीर में अगले दो दिनों में पहुंच सकता है।

दिल्ली में नकाबपोश बदमाशों ने आइसक्रीम की दुकान लूटी, कुल्फी के पैकेट, नकदी और फोन चुराए

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों द्वारा एक आइसक्रीम की दुकान में लूटपाट करने का मामला सामने आया है। बदमाश दुकान से नकदी और मोबाइल फोन के साथ ही आइसक्रीम एवं कुल्फी के कई पैकेट लूटकर फरार हो गए। लूटपाट की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लूटपाट की यह घटना शनिवार रात करीब 11 बजे तालाब रोड स्थित एक दुकान में हुई। घटना की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज में तीन लोगों को कुछ ही सेकेंड में बैग में आइसक्रीम और कुल्फी भरते हुए देखा जा सकता है और फिर वे उसी मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग जाते हैं। सीसीटीवी की फुटेज की जांच की जा रही है



और पहचान की प्रक्रिया चल रही है। आइसक्रीम दुकान के मालिक नरेंद्र ने बताया, दो लोगों के हाथ में चाकू थे और उन्होंने चेहरे पर मास्क पहना हुआ था। वे मोटरसाइकिल पर आए और दुकान में घुस गए। उन्होंने हमें धमकाया, मेरे भाई को एक कोने में बैठने के लिए मजबूर किया।

उन्होंने बताया कि एक बदमाश पहरेदारी कर रहा था, जबकि दूसरे ने दुकान से नकदी, मोबाइल फोन और आइसक्रीम लूट ली। दुकान के मालिक ने लूटी गई आइसक्रीम की कीमत सहित लगभग 50,000 से 60,000 रुपये के कुल नुकसान का दावा किया है।

वहीं, एक अन्य घटना में, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सुभाष प्लेस में शिव मंदिर के पास दो व्यक्तियों ने एक आइसक्रीम विक्रेता को लूट लिया। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी को मौके पर ही लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान शकरपुर निवासी सूरज (18) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक 21 और 22 जून की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे रूपलाल प्रसाद (45) नामक पीड़ित आइसक्रीम बेचने के बाद घर लौट रहा था, तभी यह घटना हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर एयरपोर्ट के पास 7.5 लाख में यीडा दे रहा प्लॉट

नईदिल्ली, एजेंसी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण जल्द ही आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए एक नई सस्ती आवासीय प्लॉट योजना शुरू करने जा रहा है। इस योजना के तहत लगभग 4,000 प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें से हर प्लॉट का आकार 30 वर्ग मीटर होगा और कीमत सिर्फ 7.5 लाख रुपये रखी गई है।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, ये प्लॉट यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर में बन रहे नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट सेक्टर 17, 18 और 20 में स्थित हैं। मनीकंट्रोल की खबर के मुताबिक इस किफायती प्लॉट योजना को शुरू करने का निर्णय 18 जून को हुई प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंजूरी के बाद लिया गया है। कौन होंगे लाभार्थीः यह योजना मुख्य रूप से यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में काम करने वाले कारखाना मजदूरों और 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए है। किस्तों में भुगतानः चयनित आवेदक 7 साल



तक की आसान किस्तों में भुगतान कर सकेंगे। प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि इन ईडब्ल्यूएस भूखंडों में से 29 प्रतिशत भूखंड उन लोगों के लिए आरक्षित होंगे जो यीडा क्षेत्र में स्थित परियोजनाओं में काम करते हैं, 5 प्रतिशत भूखंड सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों और यीडा कर्मचारियों के लिए आरक्षित होंगे। सिंह ने कहा, इस तेजी से विकसित हो रहे इलाके में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्राधिकरण ने यह योजना शुरू करने का फैसला किया है। यहां कई घरेलू और वैश्विक निवेशक नए औद्योगिक और अन्य परियोजनाएं स्थापित कर रहे हैं, जिससे कार्यबल के लिए आवास की स्पष्ट आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, ये कर्मचारी यमुना एक्सप्रेसवे के साथ नोएडा एयरपोर्ट के कैचमेंट एरिया में विभिन्न इकाइयों में कार्यरत होंगे। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, हम 30 वर्ग मीटर के प्लॉट दे रहे हैं, जो समाज के इस वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण आवासीय समाधान प्रदान करेगा। प्राधिकरण जल्द ही योजना की आधिकारिक घोषणा (लॉन्च डेट), आवेदन की अंतिम तिथि और अन्य विवरण जारी करेगा। इन प्लॉटों के आवंटन का चयन एक लकी ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।

झपात्र होने के लिए, आवेदकों को प्लॉट की कुल लागत का 10त्न एडवांस पेमेंट करना होगा।

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त के घर पर भीड़ का हमला, पिटाई के साथ बेइज्जत भी किया

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में भीड़ द्वारा पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त को पीटने का मामला सामने आया है। रविवार को लोगों की भीड़ ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नुरुल हुदा के ढाका स्थित आवास पर हमला किया। यह हमला ऐसे वक्त किया गया, जब पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने नुरुल हुदा के खिलाफ चुनाव में धांधली के आरोप में शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद ही भीड़ ने नुरुल हुदा के घर पर हमला किया। ढाका के उत्तरा पश्चिम पुलिस स्टेशन के प्रमुख हफीजुर रहमान ने बताया कि सूचना के बाद हम मौके पर पहुंचे तो भीड़ ने हुदा को घेरा हुआ था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक भीड़ ने हुदा के ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित घर पर धावा बोला और उन्हें खींचकर बाहर ले आई। इस दौरान भीड़ ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त को पीटा। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट में दिख रहा है कि भीड़ ने नुरुल हुदा को पहले जूतों से पीटा और उसके बाद उनके गले में जूतों की माला पहनाई गई। नुरुल हुदा पर अंडे मारे गए और गंदी-गंदी गालियां दी गईं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नुरुल हुदा को हिरासत में लिया। ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मोहीदुल इस्लाम ने बताया कि हुदा को बीएनपी द्वारा दर्ज शिकायत के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। बीएनपी ने नुरुल हुदा समेत 19 लोगों के खिलाफ चुनाव में धांधली करने की शिकायत दर्ज कराई। आरोपियों में पूर्व पीएम शेख हसीना का नाम भी शामिल है। हुदा को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। हुदा के नेतृत्व में ही बांग्लादेश में साल 2014, 2018 और 2024 के आम चुनाव कराए गए।



बीएनपी का आरोप है कि इन चुनाव में लोगों के जनादेश के बगैर शेख हसीना को जीत मिली। हुदा पर हमले को लेकर सोशल मीडिया पर काफी कुछ लिखा जा रहा है। जिसे लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने बयान जारी कर लोगों से कानून हाथ में न लेने की अपील की। यूनुस ने कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी कही। बीते साल शेख हसीना सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के बाद बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हुआ, जिसके मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस बने। शेख हसीना को देश छोड़कर जाना पड़ा। शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से जाने के बाद से ही उनके नेताओं और समर्थकों को निशाना बनाया जा रहा है। कई नेताओं को या तो गिरफ्तार कर लिया गया या वे देश छोड़कर भाग गए। शेख हसीना समर्थकों पर भीड़ द्वारा हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं और नुरुल हुदा पर हमला भी उसी कड़ी का हिस्सा है।

ईरान पर हमले से भड़का चीन, अमेरिका को दी नसीहत, बोला-दुनिया तबाह हो जाएगी

बीजिंग, एजेंसी। ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी बमबारी को लेकर चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका पर तीखा हमला बोला है। चीन के राजदूत फू कोंग ने कहा कि अमेरिका के हमलों से हालात बेकाबू हो सकते हैं और यह पूरा क्षेत्र युद्ध की आग में झुलस सकता है। राजदूत फू कोंग ने कहा हम इन हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। अमेरिका को तुरंत हमला बंद करना चाहिए और इजराइल को भी पीछे हटना चाहिए, वरना पूरा क्षेत्र जंग के मैदान में बदल सकता है। भले ही चीन शांति की बात कर रहा हो, लेकिन इस गुस्से के पीछे एक और बड़ा कारण छिपा है तेल । दरअसल, ईरान के



पास मौजूद हॉर्मुज की खाड़ी से होकर हर दिन करीब 5 मिलियन बैरल तेल चीन को भेजा जाता है। अगर ईरान इस रास्ते को बंद करने की धमकी भी देता है, तो चीन की ऊर्जा सुरक्षा बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।यानी अमेरिका पर भले ही राजनयिक दबाव हो, लेकिन असल में तेल की चिंता में चीन को पसीना आ रहा है।

राजदूत फू कोंग ने कहा कि अमेरिका को यह समझना होगा कि हर समस्या का हल बम से नहीं होता। यह कोई हॉलीवुड फिल्म नहीं है। असल दुनिया में ऐसे हमलों से सिर्फ अराजकता फैलती है। ईरान पर अमेरिकी हमलों ने चीन को न सिर्फ राजनयिक मोर्चे पर सक्रिय किया है, बल्कि ऊर्जा संकट की आशंका ने भी उसकी बेचैनी बढ़ा दी है। चीन का सार्वजनिक विरोध दरअसल शांति का मुखौटा और तेल की रणनीति दोनों का मिश्रण है।

कई देश ईरान को अपने परमाणु हथियार देने के लिए तैयार

मास्को, एजेंसी। अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद से पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार को बताया कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए रूस का दौरा करेंगे। दोनों नेताओं की मुलाकात सोमवार को हो सकती है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि रूस, ईरान का दोस्त है। हम हमेशा एक दूसरे से सलाह मशविरा करते हैं। मैं मॉस्को जा रहा हूं और कल सुबह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ गंभीर मुद्दे पर चर्चा होगी।

रूस के पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पुतिन के खास दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक और युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया। मेदवेदेव ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ट्रंप शांतिदूत बनकर आए थे, लेकिन उन्होंने अमेरिका को एक नए युद्ध में झोंक दिया है। मेदवेदेव ने ये भी लिखा कि कई देश हैं, जो अपने परमाणु हथियार ईरान को देने के लिए तैयार हैं। हालांकि मेदवेदेव ने उन देशों का नाम नहीं लिया।

पूर्व रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि इस्राइली जनता लगातार हमले के डर में जी रही है और इस्राइल में जगह-जगह बम धमाके हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान पर हुआ अमेरिका का हमला न सिर्फ ईरान को और मजबूत बनाएगा बल्कि पूरी दुनिया में ईरान के लिए समर्थन बढ़ेगा।

इजराइल का ईरान की मिसाइल फैक्ट्री पर हमला:2000 किलोमीटर दूर बम गिराए

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल-ईरान संघर्ष को 10 दिन हो चुके हैं। इजराइली एयरफोर्स ने रविवार देर रात ईरान के शाहरुद में बैलिस्टिक मिसाइल का इंजन बनाने वाली फैक्ट्री पर बमबारी की। यह जगह इजराइल से करीब 2000 किलोमीटर दूर है। इस हमले में इंजन बनाने वाली कई मशीनें और जरूरी इक्विपमेंट तबाह हो गए। इसके अलावा इजराइल ने तेहरान, केरमानशाह और हमादान में भी एयर स्ट्राइक की।

दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में तख्तापलट के मुद्दे पर बात की। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा- अगर मौजूदा ईरानी सरकार ईरान को फिर से महान नहीं बना सकती, तो सत्ता परिवर्तन क्यों नहीं होना चाहिए? मेक ईरान ग्रेट अगेन। अमेरिका ने कल ईरान में 3 परमाणु ठिकानों पर हमला करके जंग में एंट्री की। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान थे। इस ऑपरेशन में 7 बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने ईरान के फोर्डो और नतांज न्यूक्लियर ठिकानों पर 13,608 किलो वजनी बंकर बस्टर बम गिराए।

इजराइली सेना ने ईरान के छह एयरपोर्ट को निशाना बनाया है। इजराइली सेना ने बयान जारी कर बताया कि उसने ड्रोन हमलों के जरिए ईरान के 15 सैन्य विमान और



हेलिकॉप्टर नष्ट कर दिए हैं।

ईरान ने अपने पश्चिमी इलाके में इजराइल के एक हर्मीस ड्रोन को मार गिराया है। इजराइली सेना ने भी इसकी पुष्टि की है। एक बयान जारी कर आईडीएफ ने बताया कि आज सुबह ईरान के पश्चिमी इलाके खुर्रमाबाद में एक ड्रोन मारा गया है।

ईरान ने अपने न्यूक्लियर ठिकानों पर हवाई हमलों के लिए अमेरिका को जवाब देने की चेतावनी दी है। ईरानी सेना के नए चीफ मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा है कि हर बार जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपराध किया है, उसे मुंहतोड़ जवाब मिला है और इस बार भी वही होगा।

इजराइली सेना ने बताया कि उसके लड़ाकू विमानों ने ईरान के करमानशाह प्रांत में सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हम इस समय करमानशाह क्षेत्र में ईरानी सैन्य ढांचे पर हमले कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने अमेरिका के ईरानी परमाणु स्थलों पर हवाई हमले किए जाने के बाद क्षेत्र में किसी भी तरह की वृद्धि को रोकने के लिए बातचीत और कूटनीति का आह्वान किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने ईरान से बातचीत के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत की मेज पर नहीं आया, क्योंकि वह बार-बार अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का पालन करने में विफल रहा है। दुनिया लंबे समय से इस बात पर सहमत है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। और हम इसे रोकने के लिए कार्रवाई का समर्थन करते हैं। यही तो है। अमेरिकी कार्रवाई ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए केंद्रीय विशिष्ट स्थलों पर निर्देशित थी। हम वृद्धि और पूर्ण पैमाने पर युद्ध नहीं चाहते हैं। हम बातचीत और कूटनीति का आह्वान करना जारी रखते हैं। जैसा कि मैंने कई दिनों से कहा है, हम क्षेत्र में किसी भी तरह की वृद्धि को लेकर बहुत चिंतित हैं।

बैंक अपना नजरिया बदलें, जरूरतमंदों तक बैंकिंग सेवाएं और शिक्षा ऋण को दें बढ़ावा : उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। केवल अच्छों को अच्छा बनाने के लिए बैंक नहीं हैं, बल्कि जो जमीनी स्तर पर हैं, उन्हें ऊपर उठाना भी बैंक की ही जिम्मेवारी है। अभियान चलाकर जिले के प्रतिभाशाली छात्रों को शिविर लगाकर शिक्षा ऋण मुहैया कराएं। आइआइटी/नीट जैसी सभी प्रतियोगी/सामान्य परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बैंक विशेष शिविर आयोजित कर उन्हें सरल तरीके से शिक्षा ऋण उपलब्ध कराएं। उक्त बातें उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहीं। वह सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय साख समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी बैंक शिक्षा ऋण को बढ़ावा दें और जिले के बच्चों के टैलेंट को सपोर्ट करें। मौके पर आरबीआइ के प्रतिनिधि सन्नी, एलडीएम श्री आबीद हुसैन, डीडीएम नाबार्ड फिलेमन बिलांग आदि उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न बैंकों के बैंक समन्वयक एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।



बैंक अपना नजरिया बदले, जरूरतमंदों तक पहुंचाएं बैंकिंग सेवा

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बैंकों का कार्य गांव, गरीब, किसान, महिला, छात्र जैसी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक पहुंचकर उन्हें भी आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ना है। कहा कि मुद्रा लोन, कृषि ऋण, शिक्षा ऋण तथा हाउसिंग लोन प्रशासन की प्राथमिकता में हैं। बैंक अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाएं, सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाएं बैंकिंग सेवा। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी बैंक में ग्राहकों/लोगों से दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। बैंक शाखाओं में ग्राहकों को अच्छा और सम्मानजनक माहौल दिया जाए।

क्रेडिट रेसियो पर जताई नाराजगी, लक्ष्य 40% से कम नहीं हो

बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों के साख अनुपात (क्रेडिट रेशियो) की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ बैंकों का साख अनुपात संतोषजनक नहीं है, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि बैंकों का साख अनुपात 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। कहा कि संबंधित बैंक आगे की रणनीति एवं योजना बनाकर जल्द से जल्द प्रदर्शन में सुधार करें। अगली बैठक से इस पर अनौपचारिक बात नहीं होनी चाहिए।

विभिन्न योजनाओं में प्रगति कम, सुधार के निर्देश

फार्म क्रेडिट, क्रॉप लोन, कृषि, एमएसएमई, शिक्षा, हाउसिंग आदि में कुछ बैंकों का प्रदर्शन काफी कम रहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन कर जरूरतमंदों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएं। यह सभी सेक्टर जिला प्रशासन के प्राथमिकताओं में शामिल है।



महिला सशक्तिकरण पर दिया विशेष जोर

उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूह (एसएसजी) को क्रेडिट लिंक कराने की प्रगति की समीक्षा की। महिलाओं और एसएचजी दीदियों को ऋण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मुद्रा योजना के तहत ऋण आवंटन में शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने संबंधित बैंकों को अविलंब ऋण स्वीकृत करने का निर्देश दिया। वहीं, किसानों को अभियान चलाकर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना से अधिक से अधिक संख्या में लाभांवित करने को कहा।

वित्तीय समावेशन योजनाओं का करें प्रभावी क्रियान्वयन

उपायुक्त ने प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, एमएसएमई ऋण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि योजनाओं को लेकर बैंकों को अधिक सक्रिय रहने तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वीकृत ऋणों का वितरण तिथि निर्धारित कर किया जाए ताकि लाभुक समय पर राशि प्राप्त कर सकें।

बेहतर प्रदर्शन वाले बैंकों को होगा डिस्पले, कमजोर बैंकों लाएं सुधार

बैठक में उपायुक्त ने सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने एवं बोकारो के विकास के लिए समर्पित कार्यों को करने वाले बैंकों को जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग्स के माध्यम से प्रदर्शित करने, उन्हें सम्मानित करने की बात कहीं। वहीं, खराब प्रदर्शन वाले बैंकों को अगले 45 दिनों के अंदर प्रदर्शन सुधारने को कहा।

नीलाम पत्र वादों में बैंकों की लापरवाही पर नाराजगी

उधर, बैठक में उपस्थित चास अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सुश्री प्रांजल ढंडा ने नीलाम पत्र के वादों में संबंधित बैंकों की उदासीनता पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि वादों की अद्यतन स्थिति कार्यालय को अविलंब उपलब्ध कराएं। साथ ही निर्देश दिया कि संबंधित बैंक अधिकारी बैठकों/सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, अपना पक्ष रखें। मौके पर सांसद धनबाद क्षेत्र के प्रतिनिधि, सांसद गिरिडीह के प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, पीएम स्व निधि के प्रशांत कुमार, जिला उद्योग विभाग के महाप्रबंधक एवं विभिन्न लाइन विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

बोकारो जिला सॉफ्टबॉल संघ का चुनाव सम्पन्न

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो जिला सॉफ्टबॉल संघ के गठन की प्रक्रिया को लेकर सेक्टर 11 में आम सभा आयोजित की गई, जिसमें झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल संघ के पर्यवेक्षक अमलेश कुमार उपस्थित रहें। बैठक में सभी की सहमति से प्रकाश कुमार को बोकारो जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष को चुना गया। पुतुल कुमारी को सचिव, साथ ही दीपक कुमार को संयुक्त सचिव एवं अमित कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके बाद अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव हुआ।

जिसमें मुख्य रूप से राकेश कुमार, राहुल कपरदार , प्रवीण कुमार , चंदा कुमारी , अनुज कुमार अजय कुमार सभी सदस्य बनाए गए। अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने कार्यकारिणी के विस्तार हेतु अगली बैठक जुलाई के प्रथम सप्ताह में करने की बात कही। सचिव पुतुल कुमारी ने अध्यक्ष को यह विश्वास दिलाया कि उनके दिशा निर्देश के अनुरूप जिला सॉफ्टबॉल संघ खिलाड़ियों को अच्छा से अच्छा प्रशिक्षण देगा और यह सुनिश्चित करेगा कि अधिक से अधिक संख्या में बोकारो जिले के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी सिद्ध करेंगे।



दीपक कुमार संयुक्त सचिव ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि इतनी बड़ी जिम्मेवारी उन्हें दी गई है। यकीनन हम इस खेल को बोकारो जिला के सभी स्कूलों के साथ मिलकर बच्चों का चयन कर एक अच्छी टीम बनाएंगे। बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेंगे अंत में पर्यवेक्षक श्री अमलेश कुमार ने बोकारो जिला सॉफ्टबॉल संघ की कार्यकारिणी के अध्यक्ष प्रकाश कुमार एवं अन्य सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी।

उग्रवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता : पुलिस प्रशासन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आत्मसमर्पित वामपंथी उग्रवादी के जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत देय विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसरी, जिला सामान्य शाखा प्रभारी पीयूष, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, होमगार्ड कमांडेंट किरन कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, एलडीएम आबीद हुसैन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला उद्योग विभाग के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक में आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, पुनर्वास के लिए आर्थिक सहायता, भूमि - आवास,उनके परिजनों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, दैनिक आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने जैसे विषयों पर बिंदुवार विस्तार से चर्चा की गई है।



02 आत्मसमर्पित उग्रवादियों के लिए पुनर्वास पैकेज की अनुशंसा

बैठक में समिति द्वारा 02 आत्मसमर्पित उग्रवादियों को पुनर्वास पैकेज प्रदान करने की अनुशंसा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि समर्पित उग्रवादियों से ओपेन जेल में मुलाकात कर उनकी राय एवं आवश्यकताओं को जानने के लिए जिला सामान्य शाखा प्रभारी के नेतृत्व में एक समिति गठित की जाए, जिसमें पुरुष व महिला पदाधिकारी और पुलिस अधिकारी शामिल रहेंगे। समिति आगामी 15 जुलाई, 2025 तक संयुक्त प्रतिवेदन समर्पित करेगी।

सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के तहत सभी लाभ समयबद्ध ढंग से पहुंचाए जाएं। ताकि, उन्हें भविष्य में किसी तरह का कोई परेशानी नहीं हो।

शांतिपुरी में तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का समापन

खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। खूंटी जिला अंतर्गत मुरहू के महर्षि में हीं आश्रम शबरी कुटिया शांतिपुरी में तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का समापन धूमधाम से हो गया। तीसरे व अंतिम दिन सोमवार को अपने प्रवचन में कुप्पाघाट भागलपुर आश्रम के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि मनुष्य खाली हाथ आया है, लेकिन अपने कर्मों की पोटली लेकर जायेगा। परमात्मा के यहां कर्मों का हिसाब रहता है। महाभारत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जन्म -मरण एक आवरण है, आत्मा अमर है, वस्त्रों की भांति उतार फेंकना है। कहा कि लाक्षागृह में प्रवेश करते समय पांडवों को गुरु विदुर ने चूहों का उदाहरण देकर सचेत कर दिया, जिससे सभी पांडव सुरंग बनाकर सुरक्षित निकल गये। मनुष्य तंद्रा में लीन है, संत लोग तंद्रा से भक्ति का ज्ञान देकर जगाते हैं, जिससे ध्यान -भजन कर मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने अष्टावक्र मुनि और राजा जनक के संवाद को भी सुनाया। कहा कि ऋषि अष्टावक्र ने जनक जी के भ्रम का समाधान किया। उन्होंने कहा कि जनम जनम सोते बीत गया,अब चेत जाना चाहिए, नहीं तो काल सवार हो जायेगा। सदुरु का मतलब ही सच्चा ज्ञान होता है, गुरु के बताए अनुसार पवित्र भोजन -आचरण करते हुए नाम जप, सत्संग और ध्यान-भजन करने से यह लोक और परलोक सवंर जायेगा। स्वामी डॉ निर्मलानंद जी महाराज ने कहा कि मनुष्य इंद्रियों का गुलाम है, चौदह इंद्रियों के बस में पड़ कर भटकता रहता है। चौदह इंद्रियों में पांच ज्ञानेंद्रियां, आंख,कान,नाक,जीभ, त्वचा, पांच कर्मेंद्रियां हाथ,पैर,मुख,गुदा, लिंग और चार अंतःकरण मन, बुद्धि,चित और अहंकार हैं।जेल के कैदी के समान दुःखी रहता है। इंद्रियों के गुलामी से छुटकारा पाने की युक्ति गुरु ही बताते हैं।जैसे कमरे में रोज झाड़ू लगाने से गंदगी निकलती है, वैसे ही मन को सत्संग रुपी झाड़ू से प्रतिदिन साफ करना चाहिए। गुरु प्रदत्त ज्ञान से सत्संग व ध्यानाभ्यास मनोयोग पूर्वक करने से इंद्रियों को वश में किया जा सकता है, तभी कल्याण संभव है। स्वामी नरेंद्र जी महाराज, स्वामी लक्ष्मण जी महाराज, स्वामी सत्यानंद बाबा, स्वामी बालकृष्ण जी महाराज, स्वामी श्याम बाबा, स्वामी अखिलेश बाबा,लोदरो बाबा, दिगंबर बाबा ने भी कहा कि यह नश्वर शरीर यही जलकर राख हो जायेगी।मन का पंक्षी उड़ जायेगा। भक्ति रस पान करते रहने से जीवन में खुशियां रहेंगी और आत्मा को उत्तम गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ डीएन तिवारी, डॉ संजय कुमार, जूरन मुंडा, सुनीता कुमारी,सोनामुनी देवी,गांगी देवी,रामहरि साव,सूरजमल प्रसाद, सनातन कुमार,उपेन्द्र नाथ गोप, हरिद्वार ठाकुर,हेमंत भगत,सूरज लाल, दिलीप सिंह, अजय कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



बोकारो में वन स्टॉप सेंटर सेवाओं पर मीडिया ओरिएंटेशन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती जेंडर आधारित हिंसा और घरेलू उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम तथा पीड़ितों को सशक्त सहायता मुहैया कराने के उद्देश्य से आज सहयोगिनी कार्यालय में एक मीडिया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन "विमेन गेनिंग ग्राउंड" अभियान के अंतर्गत क्रिया, इब्तिदा झारखंड, सहयोगिनी एवं युवा संस्था पूर्वी सिंहभूम की संयुक्त पहल पर आयोजित की गई। यह कार्यक्रम झारखंड के 10 जिलों में वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर की सेवाओं को लेकर चलाए जा रहे मीडिया जागरूकता अभियान का एक अहम हिस्सा है। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा संस्था जमशेदपुर की सचिव बरनाली ने बताया कि मीडिया प्रतिनिधियों और पंचायत स्तर के नेताओं को वन स्टॉप सेंटर की भूमिका व सेवाओं से अवगत होना जरूरी है। कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं में विश्वास का संचार करना और सेवा प्रदाता संस्थानों के साथ सहयोगी संबंध बनाना है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर मौजूद विशेष रूप से विकलांग, आदिवासी व सामाजिक रूप से वंचित वर्ग की महिलाओं तक सेवाएं पहुंचाना जरूरी हैं। इस दौरान सहयोगिनी संस्था की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि "घरेलू हिंसा सिर्फ एक व्यक्ति की समस्या नहीं, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें पीड़ित महिलाओं को उनकी आंतरिक शक्ति का एहसास कराना होगा ताकि वे इस चुप्पी और पीड़ा की जंजीरों को तोड़ सकें। मीडिया की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है।" उन्होंने कहा कि "कई वन स्टॉप केंद्रों पर कार्यरत कर्मी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से नहीं निभा रहे हैं। पीड़िताओं को पुलिस से भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता, जिससे उनका विश्वास तंत्र से उठ जाता है। यह स्थिति चिंताजनक है।" पांडबके मुखिया हारु रजवार तथा बाराडीह की मुखिया पुष्पा देवी ने कार्यक्रम में अपने वक्तव्यों के माध्यम से यह संकल्प दोहराया कि वे एकजुट होकर हर महिला के सम्मान व सुरक्षा के लिए संघर्षरत रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजित खुले संवाद सत्र में मीडियाकर्मियों ने जमीनी स्तर की चुनौतियों को साझा किया और वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं की पारदर्शिता, जवाबदेही व प्रभावशीलता पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन कुमारी किरण ने किया। इस दौरान गौतम सागर, सोनी कुमारी, लाडली खातून, रोजी प्रवीन, बिनीता देवी, चंद्रा रेखा, मंजू देवी, सुरजमणि देवी, नीतू कुमारी, अनिल कुमार हेम्ब्रम, आर्या, संगीता देवी, सोनिका कुमारी, जया कुमारी, सूर्यमणि देवी, अमरजीत कुमार, रवि कुमार राय, मंजू देवी, अभय सिंह, नीतू कुमारी, सनी कुमार, समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता, मीडियाकर्मी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



ओलंपिक दिवस पर साइकिलिंग एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आज ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला अंतर्गत चंदनकियारी प्रखंड स्टेडियम में साइकिलिंग एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने क्षेत्र में खेल भावना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं समुदाय के बीच ओलंपिक मूल्यों - मित्रता, उत्कृष्टता एवं सम्मान को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसमें पेशेवर खिलाड़ियों से लेकर खेलों के प्रति रुचि रखने वाले स्थानीय नागरिक तक शामिल थे। प्रतिभागियों में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे जोश के साथ भागीदारी निभाई। मौके पर आशु भाटिया - प्रशिक्षक - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, हेमंत कुमार, प्रशिक्षक - खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एवं खेलमित्र एवं खेल विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इन प्रशिक्षकों की सक्रिय सहभागिता और मार्गदर्शन ने प्रतियोगिता को और अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक बनाया। खेल विभाग का उद्देश्य है कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से जिले के बच्चों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों को आगे बढ़ने का मंच दिया जाए ताकि बोकारो जिला से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी उभरकर सामने आएं।



ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो चलाएगा सदस्यता अभियान

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो की मासिक बैठक सेक्टर 4 जी में परिवार के आयोजक मंडल के वरीय सदस्य कमलेश राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पूरे बोकारो में सदस्यता अभियान चलाने तथा संगठन का मूल कार्य जो कि चिकित्सा सहायता तथा अंतिम संस्कार में बढ़ चढ़कर भाग लेने का है, उसे किस प्रकार सुगमता पूर्वक किया जाए इस पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कमलेश राय ने कहा कि हम अपने परिवार के सभी सदस्यों को सदस्यता अभियान के द्वारा इस संगठन में जोड़कर संगठन का लाभ सभी तक पहुचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर सुरेश राय,नरेंद्र कुमार राय राजीव कुमार राय ,नग नारायण प्रसाद शाही ,श्याम मनोहर सिंह, प्रेम कुमार दीनदयाल शर्मा, सुधीर कुमार ,अनुरंजन शर्मा ,साधु शरण, अपूर्व प्रतीक अनिल कुमार पांडे, बंटी कुमार सुधीर कुमार, शंकर कुमार सिंह, अनिल कुमार, दुर्गेश कुमार, संजय कुमार, संतोष कुमार चौधरी, देव नारायण सुधांशु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत संगठन गीत तथा समापन शांति मंत्र से हुआ अगली बैठक जुलाई के अंतिम रविवार को करने का निर्णय लिया गया।



बीजीएच में आरएफआईडी कार्ड के कारण, मरीजों से मिलने में परिजनों को हो रही है परेशानी : प्रेम कुमार

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ, अपने कर्मचारियों व उनके परिवार की सुविधा के लिए तत्पर रहती है। बोकारो जेनरल हॉस्पिटल प्रबंधन ने वार्ड मे प्रवेश के लिए आरएफआईडी कार्ड सिस्टम लाया है, जिसके कारण मरीजों के परिजनों को वार्ड मे जाने पर रोका जा रहा है। जो की उचित नहीं है। जब विजिटर टाइम आवंटित है तो परिजन को रोकना गलत है। प्रतिदिन होम गार्ड से तू तू मै मै हो रहा है। माहौल गर्म होता जा रहा है। इस लिये भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बी जी एच, निदेशक प्रभारी बी एस एल, और अधिशासी निदेशक एच आर को पत्र लिखकर आपत्ति जाहिर की है। संघ ने कहा है कि विजिटर ऑवर मे प्रवेश को RFID सिस्टम से मुक्त किया जाय, सभी वार्डो मे प्रत्येक मरीजों के साथ अटेंडेंट के तरफ से उपलब्ध कराया जाए,विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाया जाए, वो बी जी एच बीके मरीजों को प्राइवेट क्लिनिक मे आने का सलाह देते है। ओ एच एस बोकारो स्टील प्लांट मे डॉक्टर कि कमी को अविलम्ब पूरा किया जाय, ई एन टी, और ऑर्थो का कोई भी डॉक्टर नहीं है, जो भी थे सेवानिवृत हो चुके है। ओ एक एस मे सप्ताह मे दो दिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर को दिया जाय, ताकि कर्मचारियों को अपनी इलाज कराने मे सुविधा हो।

परिधीय गाँवों के युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान कराएगी बीएसएल

महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुआ एमओयू

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत 23 जून को बोकारो के परिधीय गाँवों के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया. इस दौरान बीएसएल के अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बी बनर्जी, सीएसआर विभाग की टीम और महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के शाखा प्रबंधक एवं उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे. इस एमओयू का उद्देश्य परिधीय गाँवों के युवाओं को सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है. महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड का प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है. इस एमओयू के तहत बोकारो के परिधीय गाँवों के लगभग 300 लाभार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए लिए सप्ताह में 6 दिन ऑफ लाइन या ऑन लाइन मोड में कोचिंग प्रदान की जाएगी. इसके अलावा उन्हें निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी और समय-समय पर मॉक टेस्ट लिया जाएगा. बीएसएल के सीएसआर के तहत इस प्रयास से परिधीय गाँवों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने में मदद मिलेगी.





बीएसएल को मिला सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का स्टेज-II उन्नत संस्करण प्रमाणन

बोकारो स्टील प्लांट को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का स्टेज-क्क उन्नत संस्करण के प्रमाणन की अनुशंसामेसर्स टी यू वी के लेखा परीक्षक श्री अमर कुमार शाह द्वारा प्रदान किया गया. सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के स्टेज-क्कउन्नत संस्करण के प्रमाणन को दो चरणों में आयोजित किया गया था. प्रथम चरण के ऑडिट का आयोजन रिमोट मोड में आयोजित किया गया था जिसमें मेसर्स टी यू वी के लेखा परीक्षक श्री शाह के द्वारा सभी दस्तावेज का सत्यापन दिनाँक 30 मई' 2025 किया गया था. सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के स्टेज-क्कउन्नत संस्करण के द्वितीय चरण के ऑडिट का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक (सी एंडआईटी) श्री राजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. मुख्य महाप्रबंधक (सीएंड आईटी) श्री राजन कुमार ने लेखा परीक्षक को बीएसएल के सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली से अवगत कराया, तत्पश्चात महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), श्री एके चौधरी ने आईएसएमएस ऑडिट के बारे में संक्षेप में बताया. श्री शाह ने ऑडिटिंग प्रक्रिया और लेखा परीक्षा की आवश्यकताओं के बारे में सी एंड आईटी विभाग के सभी अनुभाग प्रमुख और संबंधित अधिकारीयों को एक संक्षिप्त विवरण दिया.

सी एंड आईटी विभाग में आईएसओ 27001: ISMS-2022 के विस्तृत ऑडिटिंग के बाद समापन

बैठक में श्री शाह ने लेखा परीक्षा के निष्कर्ष प्रस्तुत किए तथा कुछ एक क्षेत्र में सुधार का संकेत दिए. श्री आर कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) ने विस्तृत जानकारी के लिए ऑडिटर को धन्यवाद दिया तथा सुधार बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की. बैठक के अंत में, लेखा परीक्षक श्री अमर कुमार शाह ने अगले तीन साल के लिए आईएसओ 27001: 2022 आईएसएमएस के उन्नत संस्करण पर प्रमाणन के लिए बीएसएल की अनुशंसा की.

निरीक्षक के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन

बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में मुख्य कारखाना निरीक्षक, झारखण्ड श्री मनीष कुमार सिन्हा के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य कारखाना निरीक्षक श्री सिन्हा के साथ बोकारो के उप कारखाना निरीक्षक श्री शिवानन्द लागुरी, बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएँ) पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशामन सेवाएँ) बी के सरतापे, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागीय सुरक्षा अधिकारी शामिल थे. मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशामन सेवाएँ) बी के सरतापे ने सभी का स्वागत किया एवं मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएँ) पी के बैसाखिया ने सुरक्षा के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता के बारे में विस्तृत रूप से बताया. मुख्य कारखाना निरीक्षक श्री सिन्हा ने कारखाना अधिनियम एवं नियम के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी तथा सभी को अपने सम्बंधित विभाग में सुरक्षा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तथा श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा. कार्यक्रम का संचालन श्री कुमार रजनीश , सहायक महाप्रबंधक (अग्निशामन सेवाएँ) के द्वारा किया गया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com